रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 81,559.54 +375.61
डॉलर 24,936.40 +84.25
रांची सर्राफा
10 ग्राम 71,930
01 किलो 89,500

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

भाद्रपद शुक्ल पक्ष 07, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 10 सितंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 219, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 भारतीय राजनीति में प्रेम और...

# महिला सशक्तिकरण को दिया जा रहा नया आयाम

## अब तक 2.59 लाख सखी मंडलों को बैंक क्रेडिट लिंकेज से जोड़ा गया

रांची

ग्रामीण महिलाओं के उत्थान और उनके आर्थिक स्वावलंबन के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के विजनरी सोच का परिणाम है कि 2019 से पूर्व सखी मंडल को जितना क्रेडिट लिंकेज दिया गया, उसका 10 गुना क्रेडिट लिंकेज विगत साढ़े चार वर्ष में सखी मंडल की दीदी-बहनों को मिला। यही नहीं, सखी मंडल की संख्या में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वर्ष 2013 से 2019 तक स्वयं सहायता समूह को क्रेडिट लिंकेज के तहत ₹1,114 करोड़ की राशि दी गई, जबकि 2019 के बाद 30 जून 2024 तक ₹10,111 करोड़ की राशि सखी मंडल की महिलाओं को सशक्तिकरण हेतु दी गई। वहीं 2013 से 2019 तक 2.45 लाख सखी मंडल की संख्या बढ़कर 30 जून 2024 तक 2.88 लाख हो गई।



मुख्यमंत्री ने पश्चिमी सिंहभूम में कार्यक्रम के दौरान सखी मंडल को 30 करोड़ रुपये से अधिक का बैंक लिंकेज से जोड़ा

### आजीविका से जोड़ने का क्रम जारी

ग्रामीण महिलाएं और अर्थव्यवस्था सशक्त हो, इसके लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जरिए राज्य के 26 लाख परिवारों को आजीविका के सशक्त माध्यमों से जोड़ा गया है। कृषि, पशुपालन, वनोपज, अंडा उत्पादन, जैविक खेती आधारित आजीविका से ग्रामीण परिवारों को आच्छादित किया जा रहा है। राज्य संपोषित जोहार परियोजना के तहत 17 जिलों के 68 प्रखण्डों के 3,816 गांव में 3,900 उत्पादक समूह एवं 21 उत्पादक कंपनियों का गठन एवं संचालन हुआ। जिसके तहत राज्य के करीब 2.25 लाख परिवारों की आय में बढ़ोतरी हुई।

### वनोत्पाद से मिल रहा लाभ

महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना के जरिए भी राज्य के 2.09 लाख परिवारों को लाह, रेशम, औषधीय पौधे की खेती, ईमली, कृषि एवं पशुपालन से जोड़ा गया है। राज्य संपोषित झारखण्ड माइक्रोड्रिप इरिगेशन परियोजना के तहत करीब 14,246 किसानों को टपक सिंचाई तकनीक से जोड़ कर उन्नत खेती की जा रही है। इस परियोजना के तहत 30 हजार महिला-पुरुष किसानों को जोड़ने का लक्ष्य है।

### तकनीक में निपुण हो रहीं महिलाएं

राज्य में बैंकिग कॉरेस्पॉन्डेंट सखी, पशु सखी, कृषि सखी, वनोपज मित्र, आजीविका रेशम मित्र, सीआरपी समेत, करीब 80,000 सामुदायिक कैडर को प्रशिक्षित कर परियोजना के क्रियान्वयन एवं विस्तारण में लगाया है। आधुनिक संचार तकनीक से इन महिलाओं का क्षमता वर्धन किया गया है।

**2019 से पूर्व सखी मंडल को जितना क्रेडिट लिंकेज दिया गया, उसका 10 गुना क्रेडिट लिंकेज विगत साढ़े चार वर्ष में दिया गया**

## झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (JMMSY)



**रश्मि बुडेली, चाईबासा**
झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से जो पैसा मुझे मिल रहा है, उसका उपयोग में अपनी पढ़ाई में करूंगी। झारखण्ड सरकार को धन्यवाद, उन्होंने हमें इस योजना से जोड़ा।
**हेमन्त दादा को धन्यवाद और जोहार**

**दिव्या तिवारी, विश्रामपुर, पलामू**
रक्षा बंधन पर हेमन्त भैया ने हमें उपहार दिया है। हर साल ₹12,000 प्राप्त होगा। हेमन्त भैया का आभार। यह पैसा मेरी जरूरतों को पूरा करने में सहयोग करेगा।
**हेमन्त भैया को धन्यवाद**





**रमिता रंजन, नावाडीह, चतरा**
योजना से जो पैसा मिला है और आगे जो पैसा मिलेगा, उसे अपने बच्चों की पढ़ाई में खर्च करूंगी। मेरे खाते में ₹1,000 आया है, हर साल मुझे ₹12,000 मिलेगा।
**सीएम हेमन्त जी को आभार**

**चांदनी देवी, पाकुड़**
26 अगस्त को मेरे बैंक अकाउंट में योजना का पैसा आ गया था। इस पैसे का उपयोग मैंने अपने छोटे-मोटे कार्यों में किया है। योजना में हमलोग को साल का ₹12,000 मिलेगा। महिलाओं के लिए यह बहुत अच्छी योजना है।
**हेमन्त सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद**



**अबुआ आभार हेमन्त सरकार**



**मैं प्रकाश कुमार मंडल,**
धनबाद जिले का निवासी हूं। मेरा चयन पाइपलाइन इंस्पेक्टर (नगर विकास एवं आवास विभाग) में हुआ है। मैं खुश हूं, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी के प्रयास से हम लोगों को समय पर नियुक्ति पत्र मिल गया। अब मैं झारखण्ड के विकास में अपना योगदान दूंगा।
**मुख्यमंत्री जी को बहुत-बहुत आभार...**



नियुक्ति नियमावलियों की अड़चनों को दूर कर **हजारों की संख्या में गरीब परिवार के युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई।**
निजी क्षेत्र में भी हजारों की संख्या में स्थानीय युवाओं को ऑफर लेटर मिला। वर्तमान में **हजारों सरकारी नियुक्तियां प्रक्रिया में है।**

**मैं अंकिता कुजूर,**
झारखण्ड की निवासी हूं। मेरा चयन जूनियर इंजीनियर (यांत्रिक) के लिए हुआ है। मैं खुश हूं, मुख्यमंत्री जी ने जो वादा किया था, वह ससमय पूरा किया। हमें इंतजार का अच्छा परिणाम मिला और हम सरकार के अंग बनें।
**मुख्यमंत्री जी को बहुत-बहुत आभार...**



# महिलाओं के बड़े वर्ग को प्रभावित करेगा योजना



**सुमन देवी, बोकारो** ने कहा कि झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से जुड़कर खुशी हो रही है। बच्चों की पढ़ाई में होने वाले खर्च में सरकार द्वारा दिए जा रहे इस राशि का उपयोग करूंगी। सुमन देवी ने कहा कि सरकार का यह प्रयास सराहनीय है। जरूरतमंद महिलाओं को झारखण्ड सरकार कई योजनाओं का लाभ दे रही है, लेकिन यह योजना, महिलाओं के बहुत बड़े समूह को प्रभावित करेगी।

जहां मैं रहती हूं, वहां की लगभग सभी महिलाओं को इस योजना का लाभ मिला है। रोजमर्रा की जरूरत को पूरा करने में यह राशि हम जैसी अन्य महिलाओं को काफी मदद करने वाली साबित होगी। जिससे बड़ी संख्या में महिलाओं को योजना का लाभ मिल सकेगा।

सुमन देवी ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई में हर माह पैसे खर्च होते हैं, अब ₹1,000 की राशि जो झारखण्ड सरकार हम लोगों को दे रही है उससे हर माह होने वाले खर्च को हम लोग संतुलित कर पाएंगे और जीवन अच्छे से गुजर सकेगा।

सुमन देवी ने बताया कि इस योजना के संबंध में उसने अपने परिचितों को भी जानकारी दी है और वे भी इस योजना का लाभ ले चुकी हैं। सभी के बैंक खाता में ₹1,000 आ गया है।

बोकारो जिला में जगह जगह शिविर लगाकर हम महिलाओं को योजना से जोड़ा गया है। सरकार ने महिलाओं को आवेदन जमा करने और उसे भरने में काफी मदद की है। सुमन देवी ने कहा कि घर-घर प्रखण्ड कार्यालय से लोग योजना का आवेदन देकर गए थे। आवेदन जमा करने के 10 दिनों के अन्दर पैसा आ गया। योजना को लेकर जितना कहा जाए, वह कम है। एक बार फिर झारखण्ड सरकार को आभार। और विशेषकर सीएम हेमन्त भैय्या को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं।

**मैं बारहवीं कक्षा की छात्रा हूं। मुझे दो-दो बार - ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से ₹5-5 हजार का लाभ मिला है। हेमन्त दादा को धन्यवाद, जोहार!**
**सुशांति कुजूर, लोहरदगा**



# हम सभी कृतज्ञ हैं ...


**खूंटी** की स्नेहा कुमारी खुश है। उसे मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से आच्छादित किया गया है। स्नेहा कहती है कि राज्य सरकार से जो उसे सम्मान राशि प्राप्त हो रही है, वह उसके आने वाले कल में सहायक होगी। वह इस राशि को अपनी शिक्षा में व्यय करेगी। उसने बताया कि उसकी कई सहेलियों को भी इस योजना का लाभ मिला है और वे सभी सरकार की इस योजना का स्वागत करती हैं। हेमन्त सरकार ने जो सम्मान दिया है, इसके लिए हम सभी कृतज्ञ हैं। राज्य के मुख्यमंत्री के प्रयास से यह संभव हो पाया और हम जैसी लड़कियों को योजना का लाभ मिलने लगा है। स्नेहा ने बताया कि उसके खाते में ₹1,000 की राशि आ गई है ऐसे ही उसके जानने वालों के खाते में भी राशि आई है।

मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उसने कहा कि इस तरह की अन्य योजनाएं भी महिलाओं को सशक्त कर रही हैं। खूंटी जिले में सखी मंडल के जरिए भी महिलाएं अपनी आजीविका के मार्ग को प्रशस्त कर रहीं हैं। खेती से लेकर बैंकिंग तक में खूंटी की महिलाओं की भूमिका देखी जा रही है, मुख्यमंत्री का यह प्रयास सराहनीय है।

स्नेहा ने बताया वह अन्य महिलाओं और अपनी सहेलियों को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित करेगी।




# महिलाएं बनेंगी सशक्त...




**चाईबासा** प्रखंड की रहने वाली आशा रानी पूर्ति ने जब झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के संबंध में जाना तो उसकी खुशी का ठिकाना नहीं था। सुदूर गांव में रहने के कारण उसे ऑनलाइन आवेदन जमा करने में जब परेशानी हुई तो वह निराश हो गई, लेकिन दूसरे ही दिन मुख्यमंत्री ने जब ऑफ लाइन आवेदन लेने का आदेश दिया तो रानी पूर्ति का चेहरा खिल गया। रानी ने बताया कि इसके बाद उसने सीधे पंचायत भवन जाकर अपना आवेदन जमा कर दिया।

**इससे मिलने वाले राशि का प्रयोग बच्चों की पढ़ाई-लिखवाई के साथ-साथ खुद के जीवन को सशक्त करने में संबल प्रदान करेगी।**

रानी ने कहा कुछ ही दिन गुजरे थे कि उसे झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत ₹1,000 की सम्मान राशि बैंक खाते पर प्राप्त हुई है। वह बताती है, कहने को तो सरकार की सभी योजनाएं लोगों के रहन-सहन में बदलाव लाने के लिए चलाई जाती है, परंतु राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने की सोच के तहत चलाई गई यह योजना काफी सार्थक है। इससे मिलने वाली राशि का प्रयोग बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ खुद के जीवन को सशक्त करने में संबल प्रदान करेगी। राज्य के मुख्यमंत्री को बहुत-बहुत धन्यवाद और जोहार करती हूं यह योजना राज्य के सभी महिला को सशक्त बनाने में काफी उपयोगी सिद्ध होगी। हम सभी को हर वर्ष ₹12,000 की राशि प्राप्त होगी।

PR No. 335209 (IPRD) 2024-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

### झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता पहुंचे रांची, कहा

# कांग्रेस के 14 और झामुमो के तीन विधायक मेरे संपर्क में

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा सोमवार को रांची पहुंचे। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश सहित कई भाजपा के नेताओं ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया।

एयरपोर्ट से बाहर आते ही हिमंता बिस्वा सरमा से संवाददाताओं ने पूछा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कह रहे हैं कि विपक्ष उन्हें फांसी पर लटकाना चाहता है। इसपर जवाब देते हुए हिमंता ने कहा कि हेमंत सोरेन दीघार्यु हों क्योंकि देश को उनकी जरूरत है।

भाजपा क्यों उन्हें फांसी पर लटकाना चाहेगी। भाजपा तो सिर्फ हेमंत सोरेन से घुसपैठ रोकने के लिए कह रही है। साथ ही उत्पाद सिपाही में दौड़ने के दौरान जिन युवाओं की मौत हुई है, उनके परिजनों को एक नौकरी और 50 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग कर रही है लेकिन हेमंत सोरेन ये नहीं करके कह रहे हैं कोरोना वैक्सीन से इनकी मौत हुई है तो स्टोरॉइड लेने से मौत हुई है। हिमंता ने कहा कि बांग्लादेशी का मुद्दा इसलिए वे हमेशा उठा रहे हैं। क्योंकि, जब वह पाकुड़ गए तब उन्हें पता चला कि पहले वहां हिन्दू विधायक होते थे लेकिन अब मुस्लिम विधायक बनते हैं। उन्होंने पाकुड़ के डीसी से पूछा है कि वह बताएं कि कैसे डेमोग्राफी बदल गई। उन्होंने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मेरे संपर्क में झारखंड कांग्रेस के हमेशा 12 से 14 विधायक रहते हैं। साथ ही झारखंड मुक्ति मोर्चा के भी 2-3 विधायक संपर्क में हैं।

### उत्पाद सिपाही दौड़ में जान गंवाने वाले युवाओं के परिजनों से मिले हिमंता




**रांची।** भाजपा के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी एवं असम सरकार के मुख्यमंत्री हिमंता विस्व सरमा दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे। प्रदेश कर्यालय में अनौपचारिक भेंट मुलाकात के बाद वे सीधे ओरमांझी के जिराबर गांव पहुंचे। साथ ने प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह सहित रांची ग्रामीण जिलाध्यक्ष सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे। मीडिया से बात करते हुए श्री विश्व शरमा ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार सरकार है। अबतक किसी परिजन से सरकार के प्रतिनिधि मिलने तक नहीं पहुंचे। कहा कि भाजपा राज्य के 16 नौजवानों के मौत से दुखी है। पार्टी इस दुखद क्षण में परिजनों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से अबतक न कोई मुवाबज राशि की घोषणा की गई नौकरी की।

## रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ चार दिनों की यात्रा पर ऑस्ट्रेलिया रवाना



- वॉर मेमोरियल में शहीदों को देंगे श्रद्धांजलि, डिफेंस एक्सपो में लेंगे भाग
- भारतीय रक्षा उद्योग के विकास, विज्ञान और तकनीकी के विकास पर होगी चर्चा
- भारत ऑस्ट्रेलिया संसदीय मैत्री की बैठक में भी भाग लेंगे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रक्षा मंत्रालय की आधिकारिक यात्रा पर ऑस्ट्रेलिया रवाना हुए। रक्षा राज्य मंत्री चार दिनों तक ऑस्ट्रेलिया में रहेंगे, जहां वे विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। अपने दौरे में श्री सेठ मेलबर्न शहर जायेंगे, जहां युद्ध स्मारक में बलिदान हुए लोगों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया में रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों के साथ रक्षा राज्य मंत्री का संवाद कार्यक्रम भी होगा।

वहीं रक्षा राज्य मंत्री मेलबर्न शहर में ही आयोजित डिफेंस एक्सपो में भाग लेंगे और भारतीय रक्षा उद्योग के पवेलियन का भ्रमण भी करेंगे। इस दौरान रक्षा विज्ञान और तकनीकी से जुड़े एक कार्यक्रम में भी भाग लेंगे।

इसी दिन संजय सेठ कैनबरा शहर के दौरे पर होंगे, जहां वे भारतीय उच्चायुक्त के साथ मुलाकात करेंगे। ऑस्ट्रेलिया दौरे में श्री सेठ वहां के संसद भवन का भी अवलोकन करेंगे और सहायक मंत्रियों के साथ उनकी महत्वपूर्ण बैठक होगी। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा उद्योग के साथ ही विभिन्न विभागों के मंत्रियों के साथ भी उनकी एक बैठक तय की गई है। इसके अलावे भारत ऑस्ट्रेलिया संसदीय समिति की एक बैठक में भी हिस्सा लेंगे।

इस यात्रा में रक्षा राज्य मंत्री दोनों देशों के बीच कई मुद्दों पर विचार विमर्श भी करेंगे। श्री सेठ ने कहा कि उनका यह आधिकारिक दौरा है, जहां रक्षा उद्योग सहित कई विषयों पर बातचीत होगी। रक्षा क्षेत्र में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में हो रहे कार्यों को अब दुनिया देख रही है। दुनिया को भारत से बड़ी उम्मीदें हैं। श्री सेठ ने उम्मीद जताई है कि उनका यह दौरा दोनों देशों के लिए कई मायने में लाभदायक होगा।

## न्यूज बॉक्स

### झारखंड स्टेट बार काउंसिल के सदस्यों ने महाधिवक्ता से की मुलाकात



**रांची।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के सदस्य मनोज कुमार और रामसुभग सिंह ने सोमवार को हाई कोर्ट में महाधिवक्ता राजीव रंजन से मिले और राज्य सरकार के जरिये वकीलों के कल्याण के लिए गए निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान बार काउंसिल के सदस्यों ने वकीलों के हित में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में महाधिवक्ता की महत्वपूर्ण भूमिका की भी सराहना की। काउंसिल सदस्य मनोज सिंह और रामसुभग सिंह ने महाधिवक्ता से आग्रह किया कि मेडिकल योजना में सेवानिवृत्त वकीलों को शामिल करने की दिशा में कदम उठाया जाए ताकि इस योजना का लाभ सेवानिवृत्त वकीलों को भी मिले। महाधिवक्ता ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए बार काउंसिल के सदस्यों को आश्वासन दिया कि उनके अनुरोध पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। इसके साथ महाधिवक्ता ने सुझाव दिया कि एक सदस्यता अभियान चलाया जाए ताकि राज्यभर के सभी वकीलों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सके। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस कार्यक्रम की पहुंच को व्यापक बनाना महत्वपूर्ण है ताकि हर वकील लाभान्वित हो।

### यौन उत्पीड़न मामले में झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई 30 सितंबर को




**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के सलाहकार सुनील कुमार तिवारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न से संबंधित एवं गवाहों को धमकाने को लेकर दो अलग-अलग मामले में दायर क्वैशिंग याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को हुई। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने राज्य सरकार को जवाब के लिए दो सप्ताह का समय दिया है। सरकार की ओर से चार सप्ताह का समय कोर्ट से मांगी गयी थी। कोर्ट ने दोनों मामले की सुनवाई 30 सितंबर निर्धारित की है। हाई कोर्ट ने सुनील कुमार तिवारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न और जाति सूचक शब्द इस्तेमाल करने मामले में पूर्व में निचली अदालत में चार्ज फ्रेम पर रोक जारी रखा है। वहीं, पीड़िता के जरिये सुनील तिवारी पर गवाहों को धमकाने के आरोप को लेकर अरगोड़ा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने को लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई भी हुई। हाई कोर्ट ने गवाहों को धमकाने के मामले में सुनील तिवारी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखा है। सुनील तिवारी के खिलाफ अगस्त 2021 में रेप एवं जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल को लेकर खूंटी की एक लड़की ने अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि इस मामले में शिकायतकर्ता ने रांची की अदालत में केस वापसी के लिए याचिका दाखिल की है। इसमें शिकायतकर्ता ने कहा है कि उसने आरोप की सत्यता को समझे बिना कुछ गलतफहमी के कारण प्राथमिकी दर्ज कराई है, वह इस मामले में आगे नहीं बढ़ाना चाहती है। उल्लेखनीय है कि पूरा मामला खूंटी जिले की एक लड़की से जुड़ा है, जिसने साल 2021 में सुनील तिवारी के खिलाफ शारीरिक शोषण का मामला दर्ज कराया था। खूंटी की पीड़िता ने अपनी एफआईआर में लिखा है कि सुनील तिवारी द्वारा उसका शारीरिक, मानसिक और आर्थिक शोषण किया गया।

### हाईकोर्ट ने पूछा, कब तक भरा जाएगा जेपीएससी अध्यक्ष का पद

**रांची।** सिविल जज जूनियर डिवीजन से संबंधित एक मामले की सुनवाई के दौरान झारखंड हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एसएन प्रसाद और जस्टिस एके राय की खंडपीठ ने जेपीएससी के अध्यक्ष नहीं होने पर नाराजगी जताई है। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने सोमवार को राज्य सरकार से पूछा है कि जेपीएससी में कब तक अध्यक्ष या प्रभारी अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी जाएगी? कोर्ट ने मामले की सुनवाई मंगलवार निर्धारित की है। दरअसल, प्रार्थी श्वेता त्रिपाठी की ओर से सिविल जज जूनियर डिवीजन के मेंस के एग्जाम को जल्द कराने को लेकर याचिका दाखिल की गई थी। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से जानना चाहा कि मेंस का एग्जाम अबतक तक क्यों नहीं हुआ है। इस पर जेपीएससी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अध्यक्ष का पद रिक्त है। इसलिए सिविल जज जूनियर डिवीजन के मेंस की परीक्षा की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई है। कोर्ट को यह बताया गया कि जेपीएससी के नये अध्यक्ष के रूप में फिलहाल किसी की नियुक्ति नहीं हुई है। ना ही किसी को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। 21 अगस्त को जेपीएससी अध्यक्ष डॉ मेरी नीलिमा केरकेट्टा पद से रिटायर हो गईं। नीलिमा केरकेट्टा को 2022 में जेपीएससी की कमान सौंपी गई थी। 22 अगस्त से जेपीएससी अध्यक्ष का पद खाली है।

### झामुमो महासचिव से मिला होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे से सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में मिला। इस दौरान झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के जरिये 22 सितंबर को धनबाद में होने वाले महासम्मेलन के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रण पत्र दिया गया। इस प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ,प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी, धनबाद जिला संघ प्रतिनिधि अनिल कुमार और राजू कुमार शामिल थे। केंद्रीय महासचिव ने मुख्यमंत्री से इस संबंध में वार्ता करने की बात कही।

### बेटे की हत्या के मामले में दोषी पिता को आजीवन कारावास की सजा और जुर्माना

**रांची।** बेटे को गुस्से में आकर लाइसेंसी रायफल से गोली मारकर हत्या करने के मामले में दोषी पिता राकेश राउत को अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार सिंह ने सोमवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर 30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुमार्ना राशि नहीं देने पर अभियुक्त को छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। अदालत ने तीन सितम्बर को राकेश राउत को दोषी करार दिया था। घटना को अंजाम 8 अक्तूबर, 2018 को गोंदा थाना क्षेत्र के टिकली टोला में दिया गया था। मामले में एपीपी सिद्धार्थ सिंह ने अदालत के समक्ष ठोस गवाही प्रस्तुत की है। उन्होंने बताया कि राकेश राउत सीआरपीएफ में हवलदार के पद से 2005 में सेवानिवृत्त हुआ था। वह अपने बेटे के साथ रहता था। बेटा सुबह जल्दी उठकर पढ़ाई नहीं की और पिता से बहस कर ली। गुस्से में पिता ने आपा खो दिया और पास में रखा रायफल से गोली चला दी। गोली चलाने के बाद राहुल कुमार राउत घायल होकर गिर गया।

## युवाओं के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा : युवा आजसू

### झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा में शामिल युवाओं का जताया आभार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा में शामिल हुए राज्य के हजारों शिक्षित बेरोजगार युवाओं ने सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। सरकार की वादाखिलाफी से युवा ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। सरकार के असफल कार्यकाल से युवाओं में निराशा है। प्रभात तारा मैदान में हुए ऐतिहासिक आयोजन में शामिल हुए सभी युवाओं के प्रति हम आभार व्यक्त करते हैं। उक्त बातें युवा आजसू के प्रदेश संयोजक अमित कुमार व गौतम कुमार सिंह ने हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। अमित कुमार ने कहा कि झारखंड के युवाओं ने नवनिर्माण संकल्प सभा में भारी उत्साह के साथ भाग लेकर इसे ऐतिहासिक सफलता दिलाई। लाखों की उपस्थिति ने इस सभा को राज्य में बेरोजगारी के खिलाफ एक सशक्त आंदोलन बना दिया। उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि इस सभा में 3 लाख से अधिक युवाओं ने अपना बायोडाटा सौंपा, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि झारखंड के युवा अपनी समस्याओं के समाधान के लिए संगठित होकर लड़ने के लिए तैयार हैं। इस अभियान ने बेरोजगारी और युवाओं के मुद्दों को राष्ट्रीय चर्चा का विषय बना दिया है। झारखंड में 2.87 लाख से अधिक सरकारी पद खाली होने और बेरोजगारी दर में देशभर में तीसरे स्थान पर होने से राज्य की वर्तमान स्थिति गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है।



### राज्यपाल ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को देवघर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान राज्यपाल ने समस्त राज्यवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

### नए सिरे से खुला इराकिया गर्ल्स स्कूल सांसद ने किया उद्घाटन

**रांची।** जमीयतुल इराकीन की ओर से नए सिरे से कलालटोली में स्कूल खोला गया है। इराकिया गर्ल्स स्कूल के पुराने भवन का उद्घाटन रविवार को राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने किया। यह भवन 30 साल से बंद था। जमीयतुल इराकीन ने जीर्णोद्धार कराया। मौके पर सांसद से लड़कियों के लिए 50 बेड के छात्रावास, स्कूल में बेंच-टेबल समेत अन्य जरूरत मुहैया कराने की मांग की गई।

## गठबंधन में लड़ेंगे विधानसभा चुनाव, चल रही बात : संजय झा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



जदयू प्रदेश कार्यसमिति की बैठक पुराना विधानसभा स्थित विधायक क्लब परिसर में हुई। बैठक में शामिल होने जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा सोमवार को रांची पहुंचे। एयरपोर्ट पर प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो, प्रदेश प्रभारी डॉ अशोक चौधरी, सह प्रभारी मनोज यादव, जदयू नेता मधुकर सिंह, सागर कुमार एवं सुशील सिंह सहित हजारों कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

संजय झा बतौर मुख्य अतिथि कार्यसमिति की बैठक में शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो ने की। संचालन महासचिव श्रवण कुमार ने किया। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि जदयू गठबंधन में विधानसभा चुनाव लड़ेगी। इस निमित बातचीत जारी है। नीतीश कुमार चाहते हैं पार्टी झारखंड में पुनः खड़ी हो। बिहार के बाद पार्टी की सबसे अधिक संभावना झारखंड में है। जदयू का झारखंड में बड़ा आधार था। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार में नीतीश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष को निर्देश दिया कि एक महीना के अंदर विभिन्न विधानसभा में कार्यकर्ता सम्मेलन करें। जनता से जो रिपोर्ट मिल रहा है उसके अनुसार राज्य में एनडीए की सरकार बनेगी।

## सीट शेयरिंग पर फैसला जल्द : मीर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने लगातार दो दिनों तक कांग्रेस नेताओं से मुलाकात कर फीडबैक लिया। मीर ने रविवार की देर शाम नेताओं-कार्यकताओं से मुलाकात की। फिर सोमवार की सुबह भी नेता-कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया। लगभग दो घंटे तक चली बैठक में चुनावी रणनीति पर मंथन किया गया। इसके बाद वे जम्मू-कश्मीर के लिए रवाना हो गए। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सीट शेयरिंग पर फैसला अगले 10 से 12 दिनों के अंदर हो जाएगा। वे लगातार झामुमो नेता सहित सीएम हेमंत सोरेन के संपर्क में भी हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ना टारगेट नहीं है, अधिक से अधिक सीटों पर जीत हासिल करना मकसद है।

**कांग्रेस नेताओं को दिए टॉस्क**

प्रदेश प्रभारी ने विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस नेताओं को टॉस्क भी दिया। जानकारी के अनुसार, विधानसभा चुनाव की रणनीति के तहत कुछ कमेटी का भी गठन किया जाएगा। इसका खाका तैयार करने का निर्देश दिया गया।

### सुप्रियो भट्टाचार्य का आजसू पर तंज, कहा

# पांच सीटों पर आगामी चुनाव लड़ने वाली पार्टी नई सरकार का खाका खींच रही है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने आज आजसू का नाम लिये बिना कहा कि पिछले चुनाव में एक पार्टी मात्र दो सीटों पर सिमटकर रह गयी थी। क्योंकि ये पार्टी जिस बैसाखी के सहारे चुनाव में उतरी थी, उसने इनके साथ गठबंधन करने से इनकार कर दिया था। कहा कि इस पार्टी ने कल 8 सितंबर को युवा वर्ग को मूल मुद्दे से हटाने के लिए युवाओं का जुटान किया। कहा कि इस सभा में जो बातें हुई, उसे उन्होंने यानी सुप्रियो ने ध्यान से सुना। इसमें देश की विकास दर की बात की गयी। कहा गया कि विकास दर रोजगार से जुड़ा है। जेएमएम नेता ने कहा, इसी तरह की बातें की गयी, जिनका आज की स्थिति से कोई मतलब नहीं है।

सुप्रियो ने कहा कि गांव की पार्टी कही जाने वाली ये पार्टी यानी आजसू बीजेपी से सीटें मांग रही हैं। उन्होंने कहा कि ये बातें उनको बीजेपी के ही एक नेता ने बताईं। कहा कि इनके जो चुनाव प्रभारी हैं, असम के मुख्यमंत्री, वे आजकल असम में कम और झारखंड में अधिक रहते हैं।

## बन्ना गुप्ता की शह पर भ्रामक एफआईआर : सरयू राय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



जमशेदपुर पूर्वी विधायक सह पूर्व मंत्री सरयू राय ने कहा कि रांची के एक व्यक्ति मनोज सिंह द्वारा अरगोड़ा थाना में दायर की गई प्राथमिकी झूठ का पुलिंदा है। यह अर्धसत्य पर आधारित है। इसमें तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है। यह प्राथमिकी खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता की शह पर दायर की गई है। राय ने कहा कि इस प्राथमिकी का उपयोग खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता और कांग्रेस के पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार प्रचार सामग्री के रूप में कर रहे हैं। जो बातें प्राथमिकी में कही गई हैं, वही बातें पूर्व में कई बार कम से कम पांच बार विभिन्न फोरमों पर कही जा चुकी है और हर बार अखबारों में छपी भी है। वास्तव में यह विचलित मस्तिष्कों की फोरम हंटिंग है।

सरयू राय ने कहा कि मार्च 2021 में भाजपा नेता अभय सिंह, नवंबर 2022 में देवेंद्र सिंह ने एफआईआर दर्ज की। 2 जुलाई 2021 को यही आरोप दुहराते हुए भाजपा ने राज्यपाल महोदया को ज्ञापन सौंपा। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व तत्कालीन जमशेदपुर भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने किया। विनय कुमार ने इन आरोपों को आधार बनाकर झारखंड उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की। याचिका को माननीय उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया और कहा कि यदि प्रमाण है तो आप एसीबी थाना में प्राथमिकी दर्ज कीजिए। विनय कुमार की ओर से रांची के धुर्वा थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

# विस चुनाव में सिल्ली की जनता किसके सिर सजाएगी ताज

**रजनीश**



सुदेश महतो



केशव महतो



अमित महतो



देवेंद्र नाथ महतो

झारखंड के सबसे हॉट सीटों में से एक सिल्ली विधानसभा सीट है। कभी कांग्रेस तो कभी सीपीएम का गढ़ रहा सिल्ली विधानसभा का सीट, तो कभी सुदेश महतो या आजसू का दौर भी रहा है। एकीकृत बिहार के समय सबसे पहले 1952 में प्रथम बिहार विधानसभा के समय से ही दिल्ली विधानसभा सीट का अस्तित्व है इस सीट के सबसे पहले विधायक कांग्रेस से भोलानाथ भक्त थे जो 1952 से 1972 तक रहे। 2014 के विधानसभा चुनाव में झामुमो के अमित कुमार महतो ने कई बार मंत्री रहे आजसू के उम्मीदवार सुदेश महतो को हरा दिया, उस वक्त यह सीट काफी चर्चा में रही लेकिन उससे भी अधिक चर्चा इस सीट पर तब शुरू हो गई जब जयराम महतो की पार्टी जेबीकेएसएस ने लोकसभा चुनाव में अपना उम्मीदवार देवेंद्र नाथ महतो को बनाया और देवेंद्र नाथ महतो ने लगभग 175000 वोट लाया। इसके कुछ दिन बाद ही कांग्रेस ने सिल्ली के ही पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश को झारखंड कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाया। 2022 में झामुमो से विधायक बने अमित महतो ने झामुमो की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया अब दिल्ली विधानसभा में झामुमो का कोई बड़ा नेता नहीं है कयास यह लगाया जा रहा है कि यदि दिल्ली विधानसभा सीट कांग्रेस के खाते में जाती है तो झामुमो-कांग्रेस के संयुक्त उम्मीदवार केशव महतो कमलेश होंगे। वहीं सबसे दिलचस्प बात यह होगा कि 2024 के विधानसभा चुनाव में आजसू और बीजेपी के संयुक्त उम्मीदवार सुदेश महतो, महागठबंधन से केशव महतो कमलेश, निर्दलीय अमित कुमार महतो और जयराम महतो की पार्टी से देवेंद्र नाथ महतो उम्मीदवार हो सकते हैं। वही सिल्ली विधानसभा सीट में अब चार दमदार उम्मीदवार होंगे देखने वाली बात यह होगी कि किसके सिर 2024 विधायक का ताज होगा। ये चारों ही सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में अपनी अच्छी पकड़ रखते हैं। राजनीतिक पंडितों की माने तो सिल्ली विधानसभा सीट सुदेश महतो के लिए इस बार आसान नहीं होगा। हालांकि आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय वह क्षेत्रीय पार्टियों में अभी गठबंधन या सीट शेयरिंग की कोई भी स्पष्टता नहीं है। आजसू और बीजेपी अलग-अलग चुनाव 2019 में लड़ी इसका परिणाम यह हुआ कि सत्ता से बाहर हो गई। इस बार आजसू और बीजेपी ऐसी कोई गलती करने से बचेगी। वहीं महागठबंधन ने हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चुनाव लड़ा था। संभवतः इस विधानसभा चुनाव में भी पूर्व की ही योजना रहेगा।

1952 से 1972 तक कांग्रेस के भोलानाथ भगत दो बार विधायक रहे, 1972 से 1977 तक वृंदा दास स्वांसी विधायक रहे, 1977 में सीपीएम से राजेंद्र सिंह मुंडा विधायक बने। झारखंड कांग्रेस के वर्तमान अध्यक्ष 1985 में कांग्रेस के टिकट पर केशव महतो कमलेश पहली बार जीत हासिल किए थे। 1990 में फिर से राजेंद्र सिंह मुंडा ने केशव महतो कमलेश को हराया। 1995 में कांग्रेस के टिकट पर फिर से केशव महतो कमलेश ने अपनी जीत दर्ज की।

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 81,559.54 +375.61

डॉलर 24,936.40 +84.25

रांची सर्राफा

10 ग्राम 71,930 | 01 किलो 89,500

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

भाद्रपद शुक्ल पक्ष 07, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 10 सितंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 219, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 भारतीय राजनीति में प्रेम और...






सरना धर्म कोड पर कुंडली मारकर बैठा है केंद्र जनगणना फॉर्म में सरना आदिवासी लिखने की नहीं दी गई इजाजत

विधानसभा चुनाव के पूर्व सत्तारूढ़ झामुमो और मुख्य विपक्षी दल भाजपा के बीच एजेंडा सेट करने की लगी होड़

# हमारी पहचान ही नहीं तो गायब होना स्वाभाविक : हेमंत सोरेन

नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड में विधानसभा चुनाव के पहले सत्तारूढ़ झामुमो और मुख्य विपक्षी दल भाजपा के बीच एजेंडा सेट करने की मुहिम शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पहले सिपाही दौड़ में युवाओं की मौत के लिए कोरोना वैक्सीन पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि भाजपा ने इसे जबरन लोगों को लगवाया था। वहीं भाजपा झारखंड के चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान सिपाही दौड़ में नौजवानों की मौत को हत्या बताया और इसके लिए सीधे हेमंत सोरेन को जिम्मेदार ठहराया। अब सोमवार को मुख्यमंत्री ने गिरिडीह के गांडेय में 'आपकी सरकार, आपके द्वार'

शेष पेज 09 पर



## लेटरल एंट्री के नाम से एससी-एसटी का हक मारने की साजिश

झामुमो नेता ने भाजपा पर आदिवासियों-दलितों को ठगने का आरोप मढ़ते हुए कहा कि लेटरल एंट्री के नाम से आदिवासियों-दलितों की जगह पर बैकडोर से लोगों को लाने की तैयारी हो रही है। झारखंड के पिछड़ों के अधिकार में भी भाजपा ने कटौती की। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ने इस राज्य में पिछड़ों का 27 प्रतिशत का आरक्षण काटकर 14 प्रतिशत कर दिया। हमलोग जब यहां आरक्षण का प्रतिशत बढ़ाने का कानून बनाकर भेजते हैं तो ऊपर बैठे लोग उसे असंवैधानिक बताकर रोक देते हैं। कभी गवर्नर रोक देते हैं तो कभी दिल्ली में बैठी सरकार। उन्होंने कहा कि हम कुछ काम करें तो असंवैधानिक हो जाता है, वो कुछ भी करें तो संवैधानिक। पहले की सरकार में राज्य के वन क्षेत्रों में रहने वालों को मात्र 1-2 डिसमिल जमीन का वन पट्टा मिलता था, हम लोग अब एकड़ की नाप से वन पट्टा बांट रहे हैं। अब लोग उस जमीन पर फलदार वृक्ष लगाएं। जब तक पेड़ रहेंगे, तब तक वो जमीन उनकी है।

## राज्य में मंडरा रहे हैं कई राजनीतिक गिद्ध

हेमंत सोरेन ने भाजपा का नाम लिए बगैर कहा कि झारखंड में अगले दो-तीन महीनों में होने वाले चुनाव को देखते हुए पूरे राज्य में राजनीतिक गिद्ध मंडराने लगे हैं। कोई असम से आ रहा है तो कोई छत्तीसगढ़ से। अभी छोटे-छोटे गिद्ध आ रहे हैं। कुछ दिनों बाद बड़े-बड़े गिद्ध नजर आएंगे, जो जनता को झूठे आश्वासन परोसेंगे। कोई जाति तो कोई धर्म और कोई अगड़ा-पिछड़ा के नाम पर दिग्भ्रमित करेंगे। ऐसे गिद्धों से जनता को सावधान रहना होगा। सोरेन ने कहा कि चार साल के शासनकाल में हमारे विरोधियों ने परेशान करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। मुझे जेल में डाल दिया गया, लेकिन ये जनता का आशीर्वाद है कि मैं आपके सामने हूं।

# दुष्कर्म कर बीटेक छात्रा को जिंदा जलाने के दोषी को होगी फांसी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने रांची में बीटेक छात्रा की दुष्कर्म करने के बाद हत्या करने और शव को घर में जला देने के बहुचर्चित केस में सीबीआई अदालत से सजायाफ्ता राहुल राज उर्फ रॉकी राज उर्फ अंकित उर्फ राज श्रीवास्तव उर्फ आर्यन की फांसी की सजा बरकरार रखी है। सजायाफ्ता राहुल ने निचली अदालत की सजा को निरस्त करने के लिए अपील दायर की थी, जिस पर सोमवार को हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया। रांची की इस घटना की चर्चा देशभर में हुई थी। यह वारदात 15-16 दिसंबर 2016 को हुई थी। रांची के आरटीसी इंस्टीट्यूट में बीटेक की 19 वर्षीय छात्रा बूटी बस्ती में बहन के साथ रहती थी। उसके माता-पिता भी कभी-कभी रहने के लिए आते थे। 15 दिसंबर 2016 को छात्रा मकान में अकेली थी। शाम छह बजे वह कॉलेज से लौटी थी। राहुल ने उसका दिनभर पीछा किया था। छात्रा को इसका अहसास भी नहीं था। 16 दिसंबर की सुबह करीब 4 बजे राहुल उसके घर में घुस आया। राहुल ने उसके साथ दुष्कर्म किया जब छात्रा अचेत हो गई तो आयरन के तार से गला घोंट दिया था। उसके कपड़े उतारे और बगल वाले कमरे में फेंक कर आग लगा दी थी। हत्या करने के बाद बगल के कमरे से मोटर में डालने के लिए रखा मोबिल उसके शरीर पर डाल दिया और आग लगा दी। वारदात को अंजाम देने के बाद वह दरवाजा बंद कर भाग निकला।



- झारखंड हाई कोर्ट ने बरकरार रखा सीबीआई कोर्ट का फैसला
- सीबीआई विशेष कोर्ट ने 21 दिसंबर 2019 को फांसी की सजा सुनाई थी

## मोबाइल कॉल डंप से लगाया था राहुल का पता

इस वारदात के बाद रांची में जनता का गुस्सा फूट पड़ा था और कई दिनों तक प्रदर्शन हुए थे। बाद में मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई। एजेंसी ने करीब 300 लोगों से पूछताछ की थी। बाद में मोबाइल कॉल डंप के आधार पर राहुल का पता लगाया गया था। राहुल नालंदा के एकंगरसराय थाना क्षेत्र के घुरगांव का रहने वाला है। जांच में यह पाया गया कि वह आदतन अपराधी है। वह बूटी बस्ती में ही रह रहा था। उस पर पहले से पटना और लखनऊ में रेप के मामले दर्ज थे। सीबीआई जब राहुल की तलाश में उसके गांव पहुंची तो पता चला कि वह रेप के एक केस में लखनऊ की जेल में बंद है। एजेंसी ने राहुल की मां के खून का सैंपल लेकर डीएनए टेस्ट कराया। शेष पेज 09 पर

## देश में मंकीपॉक्स के पहले मामले की पुष्टि

**नई दिल्ली।** देश में मंकीपॉक्स के पहले मामले की पुष्टि हो गई है। एक दिन पहले ही संदिग्ध मरीज को अस्पताल में आइसोलेट किया गया था। उसके सैंपल की जांच में एमपॉक्स वायरस की पुष्टि हुई है। ये जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि वह इस मामले पर कड़ी नजर बनाए हुए है।

### आज कल




# मासस का भाकपा माले में हुआ विलय

## धनबाद में आयोजित एकता रैली कार्यक्रम में विलय का ऐलान

नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** मार्क्सवादी समन्वय समिति का सोमवार को भाकपा माले में पूरी तरह से विलय हो गया। दोनों पार्टियों में कई दिनों से विलय की प्रक्रिया चल रही थी, जिसके बाद सोमवार को धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में दोनो पार्टियों की ओर से आयोजित एकता रैली कार्यक्रम में विलय का ऐलान कर दिया गया। कार्यक्रम में भाकपा माले से सांसद, विधायक सहित पूरे देश से कई बड़े नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए तो वहीं मासस के केंद्रीय अध्यक्ष आनंद महतो, पूर्व विधायक अरूप चटर्जी सहित कई नेता और कार्यकर्ता इसमे सम्मलित हुए। इस दौरान गोल्फ ग्राउंड में हजारों की संख्या में दोनों ही पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे। एकता रैली को सम्बोधित करते हुए भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि मासस के भाकपा माले में विलय और यह एकता रैली नया इतिहास लिखने जा रही है। इस एकता रैली से झारखण्ड आगे बढेगा। वर्तमान परिदृश्य में बीजेपी सामने है। 2024 के लोक सभा चुनाव में मोदी सरकार को बेदखल करने का जबरदस्त प्रयास हुआ और बीजेपी को भी लग चुका था कि उनका सफाया तय है। यूपी में बीजेपी की जो स्थिति बनी वह सभी के सामने है।

बीजेपी जल जंगल जमीन ही नही वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर भी कब्जा करना चाहती है। जिसके लिए बिल लेकर आई पर उसे पास नही करा सकी। बाद में जॉइंट पार्लियामेंट में भेजा है। पहले कोयला उद्योग में राष्ट्रियकरण का दौर था आज निजीकरण के दौर पर है। यह एकता रैली निजीकरण के खिलाफ है, निजीकरण, कोरपोरेट और बेरोजगारी के खिलाफ है। भाकपा माले के आरा के सांसद सुदामा प्रसाद ने कहा कि आज पूरे देश के लिए ऐतिहासिक दिन है। वाम विचारधारा की दो बड़ी पार्टी का आज विलय हुआ है। इससे वामपंथी मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन मजबूत हो रहा है। हमलोग मिलकर भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। मासस के निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि आज धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में एक बार फिर इतिहास बना।




2024 लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार को जबरदस्त धक्का लगा अब बीजेपी का सफाया लगभग तय

## हेल्थ इंश्योरेंस पर टैक्स घटाने पर सहमति, कैंसर की दवाओं पर जीएसटी दर घटी

**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक में सोमवार को कई बड़े फैसले लिए गए। बैठक में कैंसर की दवाओं पर जीएसटी दर आधे से भी ज्यादा घटा दी गई है। पहले जहां दर 12 प्रतिशत थी, उसे घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई। वहीं हेल्थ इंश्योरेंस पर टैक्स घटाने पर सहमित भी बन गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, कैंसर की दवाओं पर जीएसटी दरें 12% से घटाकर 5% किया जा रहा है। नमकीन खाद्य पदार्थों पर जीएसटी दर 18 से घटाकर 12% की जा रही है। जीएसटी काउंसिल में स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी की दर को मौजूदा 18 प्रतिशत से कम करने पर व्यापक रूप से सहमत हो गई है लेकिन इस पर अंतिम फैसला अगली बैठक में लिया जाएगा। कर दर को युक्तिसंगत बनाने की फिटमेंट कमेटी ने सोमवार को जीएसटी परिषद के समक्ष एक रिपोर्ट पेश की।

# कालिंदी एक्स. को सिलिंडर से उड़ाने की साजिश, 10 हिरासत में लिये गये

## लोको पायलट की सतर्कता से बड़ी दुर्घटना टली

एजेंसी

**कानपुर।** रेलगाड़ी चालक की सतर्कता से प्रयागराज-भिवानी कालिंदी एक्सप्रेस रविवार रात कानपुर में संभावित हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गई। इंजन को एलपीजी सिलिंडर के धमाके से उड़ाने और आगे पेट्रोल बम के इस्तेमाल की साजिश रची गई थी लेकिन ड्राइवर की सूझ-बूझ से प्लानिंग नाकाम हो गई। बर्राजपुर और बिल्हौर के बीच 100 किमी की रफ्तार से दौड़ रही ट्रेन जब सिलिंडर से टकराई तो तेज आवाज हुई। इसके बाद लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी। घटना के बाद ट्रेन करीब 25 मिनट वहीं खड़ी रही। इसके बाद ट्रेन आगे निकाली और बिल्हौर स्टेशन पर रूकी। रेलवे और आरपीएफ अधिकारियों को घटनास्थल से सिलिंडर के अलावा कांच की बत्ती लगी बोतल, माचिस और एक संदिग्ध झोला मिला है। झोले में बारूद जैसी कोई सामग्री थी, वहीं बोतल में संदिग्ध तरल पदार्थ बरामद हुआ। देर रात मौके पर एटीएस और एसटीएफ पहुंच गई और घटना की जांच शुरू कर दी। ट्रेन उड़ाने जैसी साजिश की गंभीरता को देखते हुए सोमवार को एनआईए भी जांच में शामिल हो गई। आरपीएफ ने मामले प्राथमिकी दर्ज करने के बाद जांच की जिम्मेदारी आईबी को सौंप दी है। वहीं पुलिस ने मामले में पूछताछ के लिए 10 लोगों को हिरासत में लिया है। बताया गया कि अनवरगंज, रावतपुर स्टेशन से होकर गुजरी कालिंदी एक्सप्रेस ने रविवार रात 8:25 बजे बर्राजपुर स्टेशन के आगे जैसे ही मुंढेरी क्रॉसिंग को पार किया तो लोको पायलट को इंजन से किसी चीज के टकराने की तेज आवाज सुनाई दी। उन्होंने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गार्ड राजीव कुमार को सूचना दी। गार्ड ने रेलवे को मेमो भेजकर घटना की जानकारी दी। अनवरगंज रेलवे स्टेशन के अधीक्षक, आरपीएफ और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल की जांच की। हादसा बर्राजपुर से करीब ढाई किलोमीटर आगे और बिल्हौर स्टेशन से पांच किमी पहले हुआ। शेष पेज 09 पर



इंडिया

# आत्महत्या निदान नहीं और हम भी बचा सकते हैं अमूल्य जीवन



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

देश के साथ झारखंड में भी आत्महत्या एक बड़ी घटना नहीं रह गई है क्योंकि आज के वैश्विक मीडिया के युग में हर दिन आत्महत्या की खबर कहीं न कहीं की होती है जो चिंताजनक है क्योंकि हर समाचार हमारे अमूल्य मानव संसाधन का नुकसान है । देश अगर आगे बढ़ रहा है झारखंड भी आगे बढ़ा है तो आत्महत्याएँ क्यों हो रहीं हैं ? 2019 में एक वैश्विक रिपोर्ट के अनुसार, 77% से अधिक आत्महत्या की घटनाएँ निम्न और मध्यम आय वाले देशों में हुईं। भारत में, 2014-2021 के दौरान किए गए एक अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार, 2014 की तुलना में, अध्ययन के अंत (2021) में आत्महत्या करने वाले अधिकांश लोग वृद्धावस्था के लोग (60 वर्ष से ऊपर; पुरुष 54.7%; महिला: 33.6%) और उभरती हुई वयस्कता (18-29 वर्ष के बीच; पुरुष 38.8%; महिला: 6.1%) थे, जहाँ वैवाहिक विवाद या असफलता कारक था । अविवाहित लोगों (पुरुष 51.7%; महिला: 23.2%) ने वर्तमान में विवाहित लोगों (पुरुष 35.7%; महिला 6.0%) की तुलना में आत्महत्या के अधिक मामले दर्ज किए गए । 2014 और 2021 के बीच पुरुषों (दैनिक वेतन भोगियों) में आत्महत्या से होने वाली मौतों में 170.7% की वृद्धि हुई, जिसके परिणामस्वरूप 2021 में पुरुषों के लिए आत्महत्या मृत्यु दर 34.6 और महिलाओं के लिए 13.1 रही।एनसीआरबी के आंकड़े बताते हैं कि मैट्रिक तक पढ़ाई करनेवाले सबसे अधिक आत्महत्या करते हैं। आत्महत्या करनेवालों में करीब 24 फीसदी इसी श्रेणी के होते हैं। यह समय पढ़ाई और काम के दबाव का होता है। लोगों में पढ़ाई और नौकरी मिलने का दबाव होता है। 2022 में एक अन्य शोध अध्ययन में बताया गया कि सात आत्महत्या रोकथाम कार्यक्रमों ने आत्महत्या की दर को प्रभावी ढंग से कम किया। सबसे अधिक आत्महत्याएँ उतराखंड 82.8% में थीं जबकि झारखंड 30.5% में थीं । इस वर्ष 2024 विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की थीम " आत्महत्या के कथन में बदलाव " है, जो कि " बातचीत शुरू करें " कार्रवाई के आह्वान के साथ एक त्रिवार्षिक थीम (2024-2026) तक चलेगी । यह थीम आत्महत्या को रोकने के लिए कलंक को कम करने और खुली बातचीत को प्रोत्साहित करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित है। मनोवैज्ञानिक डॉ भूमिका सच्चर का कहना है कि ज्यादातर आत्महत्या का कारण डिप्रेशन होता है। जबकि कोई भी परेशानी कुछ समय या कुछ दिनों के लिए आती है और कोई न कोई रास्ता निकल जाता है। अगर कोई बार-बार नकारात्मक बातें करे, तो उनको के समझाने के साथ मनोचिकित्सक से सलाह लेने में संकोच नहीं करनी चाहिए । छोटे होते परिवारों में व्यस्तता के कारण समझने की फुर्सत किसी को नहीं होती जबकि संयुक्त परिवारों में दादी चाची ये भूमिका निभाती थीं । हताशा के बड़े कारणों की बात करें तो पाएंगे कि कहीं न कहीं दिखावा भरी जिंदगी, स्वयं का सही आकलन नहीं करना और असंभव लक्ष्य की प्राप्ति जैसे कारण संपन्न परिवारों के होते हैं जबकि पारिवारिक उलझनें, प्रेम में धोखा, अवैध संबंध और लगातार असफलता जैसे कारण कॉमन हैं जो सभी में लागू होते हैं जबकि रोज कमाने खाने वाले या निम्न मध्यमवर्गीय परिवारों में शहर कमाने जाने वाले पुरुषों का अपने परिवार का ध्यान न रखना पत्नी को छोड़ देना या पड़ोसी या गाँव वालों की प्रताड़ना जैसे कारण होते हैं जो पंचायत स्तर या थाने के स्तर पर नहीं सुलझाए जाने के कारण आत्महत्या तक पहुंच जाते हैं । सरकारें विकास के जो भी दावे करें पर आत्महत्या उनकी विफलता का प्रतीक है । समाज में आर्थिक भेदभाव का मूल कारण राजनैतिक है । वोट बैंक के लिए समाज के कुछ लोगों को योजनाओं में प्राथमिकता से लेकर उनके कुकृत्य तक की अनदेखी और पुलिस या प्रशासन का भेदभाव भरा रवैया इसके मूल में होता है । आत्महत्या करने वाला कोई भी नागरिक यदि अपने अमूल्य जीवन को व्यर्थ और मृत्यु को ही शांति का मार्ग मान ले तो यह समाज,सरकार और सिस्टम के लिए शर्म और आत्मचिंतन का विषय है । कोई अपना इलाज नहीं करा पा रहा, कोई लाचार महिला अपने बच्चों के साथ कुएं में कूदकर जान दे रही है, कोई युवा नौकरी या असफलता से हताश होकर ट्रेन के आगे कूद रहा है,प्रेम में असफल हो रहा है या महिला पारिवारिक प्रताड़ना से परेशान होकर फांसी लगा रही है या कोई बुजुर्ग जहर खा रहा है तो हम सभी दोषी हैं जो मूक दर्शक बने हुए हैं । इसके मूल में जो कारण हैं उन्हें दूर करना जरूरी है । इसके लिए परामर्श का नंबर 104 भी है जिसपर 24 घंटे बात की जा सकती है । यदि कोई निराश है तो उसे सांत्वना देकर या मनोचिकित्सक से परमर्श दिलाकर हम भी एक जान बचा सकते हैं।




# आज से फिर शुरू होगी झारखंड उत्पाद सिपाही बहाली की दौड़

## 14 हजार अभियार्थी दौड़ में लेंगे हिस्सा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड उत्पाद सिपाही बहाली दौड़ में 14 अभियार्थियों की मौत के बाद मंगलवार(10 सितंबर) से एक बार फिर दौड़ शुरू होने जा रही है। इसमें 14 हजार अभियार्थियों के बीच दौड़ प्रतियोगिता होगी। बताते चलें कि पलामू के चियांकी एयरपोर्ट स्थित केंद्र पर अब बाकी की बची हुई शारीरिक दक्षता की परीक्षा नहीं होगी। इस केंद्र में जो बाकी बची हुई परीक्षा 9 सितंबर को होनी थी, वह अब बाकी के छह चयन पर्षद के केंद्रों पर ली जाएगी। यह परीक्षा 19-20 सितंबर को ली जाएगी। बता दें कि बीते 22 अगस्त को उत्पाद सिपाही की दौड़ शुरू हुई थी। 2 सितंबर को बहाली होनी थी। लेकिन 14 अभियार्थियों की मौत के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस बहाली पर रोक लगा दी थी। इस दौड़ मे 5 लाख 13000 अभियार्थियों ने आवेदन दिया था। जिसमें कुल 4 लाख अभियार्थियों की दौड़ की प्रक्रिया समाप्त हो गई थी। 1 लाख 87 हजार 704 लोगों ने दौड़ मे हिस्सा लिया था जिसमे 1 लाख 17 हजार 31 अभियार्थी सफल हुए थे। अभी 14 हजार अभियार्थियों की दौड़ बाकी है। जांच के दिए गए निर्देश पिछली बार हुई दौड़ में 14 अभियार्थियों के मौत का कारण अब तक साफ नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का सब इंतजार कर रहे हैं। लेकिन ऐसा माना जाता है की अचानक हृदय की गति रुक जाना भी मौत का कारण हो सकता है। शेष पेज 09 पर

# टीएसपीसी एरिया कमांडर मुनेश्वर ने रांची पुलिस के समक्ष किया सरेंडर

नवीन मेल संवाददाता। रांची




प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के एरिया कमांडर मुनेश्वर गंझू उर्फ विक्रम ने रांची पुलिस के समक्ष सोमवार को आत्मसमर्पण किया है। रांची एसएसपी चंदन सिन्हा और सीआरपीएफ के अधिकारियों के समक्ष मुनेश्वर गंझू ने एसएसपी कार्यालय में आत्मसमर्पण किया। मुनेश्वर मूल रूप से हजारीबाग जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र के डमारू गांव का रहने वाला है। इसके खिलाफ रांची, हजारीबाग और चतरा जिले के अलग-अलग थाना में कुल 26 मामले दर्ज हैं। मुनेश्वर झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया। वह कई आपराधिक घटनाओं में शामिल रहा है। रामेश्वर महतो चुर्फ पहाड़ी के कहने पर 2017 में मुनेश्वर को राईफल दिया गया। वर्ष 2019 में इन्हें एरिया कमाण्डर बना दिया गया। साथ ही एके-47 राईफल दिया गया। उसे उमेडण्डा, बुढ़मू, खलारी, चान्हों, माण्डर, रातु, ठाकुरगांव इलाके की जिम्मेवारी सौपी गई। उसे इलाके में चल रहे सरकारी कार्य में ठेकेदारों से लेवी लेने का मुख्य कार्य सौपा गया। फरवरी 2024 में अपने दस्ता सदस्य एवं राहुल गुंझू के साथ एचपी पेट्रोल पम्प चकमे थाना बुड़मू के मालिक को धमकी दिया एवं पेट्रोल पम्प पर फायरिंग भी किया।

जनवरी 2024 में फ्लाई ओवर निर्माण रातु जिला के ठेकेदार को लेवी के लिए राहुल गंझू के साथ मिलकर धमकी दिया। वर्ष 2023-24 में पिठौरिया, केरेडारी, चान्हो, बुड़मू, खलारी, छापर, माण्डर, ठाकुरगांव, रातू जिला के जमीन कारोबारियों, ईट भट्ठा मालिकों, बालू खनन करने वाले, सरकारी कार्य करने वाले ठेकेदारों को लेवी के लिए धमकी दिया। मई 2024 में सीरम के जंगलों में पुलिस के साथ मुठभेड़ में राहुल गंझू उर्फ खलील एवं अन्य के साथ शामिल था तथा भागने में सफल रहा था। मुनेश्वर ने बताया कि टीएसपीसी संगठन लेवी वसूलने और शोषण करने में लगी हुई है। यह पार्टी न्याय-अन्याय की बात अब नहीं कर रही है। इस पार्टी के शीर्ष नेताओं को सिर्फ लेवी का पैसा चाहिए। संगठन के शीर्ष नक्सली कमांडर नीचे के कमांडरों का शोषण और सिद्धान्त के विपरित कार्य करने और इलाकों के ग्रामीणों को अनावश्यक रूप से लेवी के लिए प्रताडित करने के लिए दबाव बनाने का निर्देश देते हैं। नक्सलियों द्वारा की जा रही ग्रामीणों की प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर परिवार के साथ रहकर सामान्य जीवन जीने के लिए पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर रहे हैं।

### टीएसपीसी लेवी वसूलने और शोषण करने में लगी है : मुनेश्वर

मुनेश्वर ने बताया कि वह संगठन से 2015 में जुड़ा था। वह तीसरा कक्षा तक पढ़ा है। गांव के आसपास जंगली क्षेत्र होने के कारण टीएसपीसी संगठन के नक्सलियों का आना-जाना लगा रहता था। उसी समय इनकी जान पहचान नक्सली सागर गंझू तथा जगु उर्फ जागेश्वर गंझू, किशुन गंझू, रामेश्वर महतो उर्फ पहाड़ी जी एवं उनके दस्ता सदस्यों से हुई। किशुन गंझू के कहने पर टीएसपीसी संगठन में शामिल हुआ। वर्ष 2019 में जोनल कमाण्डर जगु उर्फ जागेश्वर गंझू पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। उसके बाद सबजोनल कमाण्डर रामेश्वर महतो उर्फ पहाड़ी को कमाण्डर बनाया गया। उस समय टीम में कियावादी के अलावा रामेश्वर महतो उर्फ पहाड़ी, दिनेश जी, मनोज मुण्डा, अर्जुन मुण्डा, अशोक गंझू, संतोष गंझू, राहुल गंझू उर्फ खलील एवं जितेन्द्र गंझू थे।




## डीसी ने ईद मिलादुन्नबी को लेकर की बैठक, दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने 16 सितंबर को जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर निकाले जाने वाले जुलुस को लेकर सोमवार को बैठक की। इस दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त ने जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कमेटी के सदस्यों से जुलुस को लेकर निर्धारित मार्ग के सम्बन्ध में जानकारी ली। इस पर कमिटी के सदस्यों ने पूर्व से निर्धारित मार्ग से जुलुस ले जाने की बात पर सहमति जताई। इस दौरान उपायुक्त ने समय से शांति पूर्वक जुलुस निकालने की अपील की। जश्न-ए-मिलादुन्नबी के अवसर पर जुलूस-ए-ईद मिलादुन्नबी सुबह नौ बजे निकाला जायेगा। रांची के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से जुलूस निकाला जायेगा जो रिसालदार बाबा मजार, डोरंडा तक पहुंचेगा। उपायुक्त ने जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने, निर्धारित मार्ग पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम को लेकर कमिटी के सदस्यों को आश्वासन दिया। उपायुक्त ने भी सभी से आपसी सौहार्द बनाएं रखने की अपील की। साथ ही अफवाहों पर ध्यान न देने की बात कही। उन्होंने असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने एवं किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की आशंका पर पुलिस प्रशासन को संपर्क करने की अपील की गई। उपायुक्त ने बैठक में आए शांति समिति के सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि जश्न-ए-मिलादुन्नबी के अवसर रांची की जो मिशाल भाईचारे को लेकर पूरे राज्य में बना है वह कायम रहें। जुलुस शांति पूर्वक तरीके से निकले। उन्होंने आग्रह किया की जुलुस के लिए निर्धारित मार्ग से ही जुलुस निकाला जाए ताकि जुलुस निकालने के दौरान कहीं जाम की समस्या नहीं हो, आम लोगों या आपलोगों को जुलुस निकालने में कोई समस्या उत्पन्न नहीं हो। व्यवस्था सुव्यवस्थित रहे, सबके लिए सुविधाजनक रहे।

## न्यूज बॉक्स

### मिथिला युवा मंच ने संजय झा का किया स्वागत



**रांची।** मिथिला युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश ठाकुर ने जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष संजय झा को पुस्तक देखकर स्वागत किया। अवधेश ठाकुर ने उनसे यह मांग की की रांची से दरभंगा प्लेन का संचालन और रांची से जयनगर ट्रेन प्रतिदिन चले। इस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि वह इसके लिए केंद्र सरकार के मंत्री से बात करेंगे और यह बात रखेंगे।

### प्रदेश अध्यक्ष ने की दिवड़ी मंदिर में पूजा



**तमाड़।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और प्रदीप बालमुचू, ललित कुमार महतो एक साथ देवड़ी मंदिर में पूजा अर्चना किया। वहीं राज्य के खुशहाली की कामना की। कांग्रेस नेता चाईबासा दौरे पर गए थे। इससे पहले अपने पुराने साथी और रिश्तेदार झारखंड आंदोलनकारी ललित कुमार महतो को याद करते हुए उन्होंने खबर किया और साथ पूजा अर्चना किए। सभी ने राज्य को आगे बढ़ाने, राज्य की सुख समृद्धि के लिए सभी साथ मिलकर जाति, धर्म और पार्टी से ऊपर उठकर माटी की रक्षा की बात कही।

### अर्पिता महिला मंडल ने जरूरतमंद महिलाओं को 'वेजिटेबल कार्ट' प्रदान किया




**रांची।** सीसीएल मुख्यालय के ऑफिसर्स वाईव्स वेलफेयर एसोसिएशन, अर्पिता महिला मंडल ने जरूरतमंद एवं वंचित महिलाओं को स्थायी आजीविका के लिए सब्जियों के साथ दो 'वेजिटेबल कार्ट' का वितरण किया। इतना ही नहीं महिला मंडल के सदस्यों ने लाभुक महिलाओं से सब्जी भी खरीदा। साथ ही साथ कॉलोनी में मजदूरों के बीच खाने-पीने के पैकेट भी बांटे। ज्ञात हो कि लगातार कई वर्षो से समाज के गरीब, जरूरतमंद और वंचित लोगों के सहायतार्थ विभिन्न वितरण शिविरों का आयोजन कर उनके बीच जरुरत के सामानों का वितरण करती रहती है। इसी कड़ी में यह पहल उक्त महिला मंडल के समाज के जरूरतमंद एवं वंचित महिलाओं को समर्थ और सशक्त बना कर नारी शक्ति को मजबूती प्रदान करना है। यह पहल समाज में सकारात्मक प्रभाव पैदा करने और कमजोर समुदाय को सम्बल प्रदान करने की दिशा में महिला मण्डल की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। अवसर विशेष पर सीसीएल की प्रथम माहिला प्रीति सिंह सहित उक्त महिला मंडल की रीता मिश्रा, शशि दुहान, किरण झा, हिना राठौड़, धारित्री मोहोराना, ममता शरण, त्रिवेणी इनामदार, नीता लाल, अनीता सिंह, सरिता सक्सेना, शिल्पी मोहन, अन्नू मलिक, कविता झा एवं अर्चना अखोरी उपस्थित थीं।

### बेटियों के नाम रही 'सृजन संसार' की काव्य गोष्ठी



**रांची।** सृजन संसार के बैनर तले जवाहरलाल नेहरू कला केंद्र श्यामली कॉलोनी में कवि एवं लोक गायक सदानंद सिंह यादव की छोटी बिटिया 'तान्या' के जन्मदिन पर काव्य- गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेरक वक्ता, दार्शनिक,आध्यात्मिक चिंतक व प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ अभिषेक कुमार सिंह थे। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर सुरिन्दर कौर नीलम और मंच के संरक्षक सुनील बादल तथा अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ अशोक प्रियदर्शी ने किया। मंच संचालन डॉ रजनी शर्मा 'चंदा' ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि मनुष्य को जीवन में कर्म को प्राथमिकता देनी चाहिए। कर्म के बदौलत ही आप जीवन में तरक्की कर सकते हैं। गोष्ठी की शुरूआत सदानंद सिंह यादव द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

### झारखंड स्मॉल इंडस्ट्रीज की एजीएम और चुनाव आज

**रांची।** झारखंड स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की 62वीं वार्षिक आमसभा मंगलवार को होगी। कोकर औद्योगिक क्षेत्र स्थित उद्योग भवन में शाम 4 बजे से एजीएम शुरू होगी। एजीएम के बाद सत्र 2024-25 के लिए नए पदाधिकारियों का चुनाव होगा। चुनाव कराने के लिए पूर्व अध्यक्ष योगेंद्र कुमार ओझा को चेयरमैन और फिलिप मैथ्यू को को-चेयरमैन नियुक्त किया गया है। एजीएम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी उपस्थित होंगी। यह जानकारी मानद सचिव शिवम सिंह ने दी।




## डीसी ने हरी झंडी दिखाकर पोषण जागरूकता रथ को किया रवाना

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को समाहरणालय परिसर से पोषण रथ रवाना किया। इस दौरान अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था राजेश्वरनाथ आलोक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरभि सिंह, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मीना कुमारी एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय के जरिये भी संयुक्त रुप से हरी झंडी दिखाकर जागरुकता रथ रवाना किया गया।

मौके पर उपायुक्त ने बताया कि एक से 30 सितंबर तक पोषण माह का आयोजन किया गया है। पोषण रथ के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को उचिव पोषण के संबंध में जागरूक किया जायेगा। जहां भी गर्भवती, धात्री महिलाएं एवं नवजात शिशु हैं, सभी को उचित मात्रा में पोषण मिले यही हमारा उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर उचित पोषक तत्व वाले आहार एवं दवाइयां महिलाओं, किशोरियों एवं बच्चों को उपलब्ध हो, इसे लेकर लोगों को जागरुक किया जायेगा। उपायुक्त ने कहा कि पोषण अभियान के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग एवं जिला समाज कल्याण द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि संतुलित आहार की जानकारी के साथ-साथ पोषाहार समय पर महिलाओं एवं शिशु को उपलब्ध हो।

## बीएयू : नियमितीकरण की मांग पर आमरण अनशन 18 से

**रांची।** बिरसा कृषि विवि (बीएयू) के 27 डिग्रीधारी संविदा कर्मी नियमितीकरण की मांग को लेकर 18 सितंबर से अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बीएयू मुख्यालय के मुख्य द्वार पर बैठेंगे। इस संबंध में संविदाकर्मियों ने सोमवार को बीएयू प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। कहा, बीएयू कुलपति ने पूर्व में हुई वार्ता में आईसीएआर, नई दिल्ली और अटारी पटना से सभी डिग्रिधारी संविदाकर्मियों के समायोजन करने के संबंध में बात करने का आश्वासन दिया था। लेकिन अब तक इस दिशा में कोई पहल नहीं हुई है। संविदाकर्मियों का कहना था कि वे कई बार विवि प्रशासन को नियमितीकरण के संबंध में आवेदन दे चुके हैं। सभी 27 डिग्रीधारी संविदाकर्मी करने पिछले 20 वर्षों से झारखंड के विभिन्न जिलों के कृषि विज्ञान केंद्रों पर कार्यरत हैं।

## बरियातू इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में पेयजलापूर्ति जल्द शुरू होगी

**रांची।** बरियातू की जोड़ा तालाब इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में नल से पेयजलापूर्ति जल्द शुरू हो जायेगी। इसके लिए ठेका कंपनी की ओर से बरियातू रोड में मुख्य पाइप लाइन से मिसिंग पाइप में कनेक्शन जोड़ने का काम सोमवार को शुरू किया गया। कई वर्षों से इंद्रप्रस्थ कॉलोनी एवं इसके आसपास में घनी बसी आबादी वाले इलाके में आमजन को पाइपलाइन से पानी नहीं मिला है। इस कारण गर्मी समेत अन्य सीजन में इलाके में रहने वाले लोग जरूरत भर पानी के लिए परेशान होते रहे। कॉलोनी के लोगों ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और कांके विधायक समरी लाल को परेशानी से अवगत कराया था। इसके बाद विधायक ने पीएचईडी के अधिकारियों से इस मामले को लेकर बातचीत भी की थी।

### पुंदाग साईंधाम के निकट का पुल दे रहा बड़ी दुर्घटना को निमंत्रण

## क्या किसी की मौत के बाद ही चेतेगा शासन-प्रशासन?




मनोज मिश्रा

**रांची।** पुंदाग से जगन्नाथपुर जाने वाली सड़क अब व्यस्त मार्ग में शुमार हो गया है। प्रतिदिन हजारों गाड़ियां इस रास्ते से गुजरती हैं। इसी रास्ते में साईंधाम के निकट का पुल जर्जर हो गया है। पुल की ढलाई का सीमेंट उखड़ा हुआ है और सरिया स्पष्ट रूप से दिख रहा है। पुल की स्थिति इतनी खराब है कि अगर किसी विद्यार्थी की साइकिल अथवा किसी की स्कूटी या मोटरसाइकिल का पहिया सरिया में फंस जाए, तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है। सरिया में पहिया फंसने के बाद सामान्य गति से चल रहा वाहन भी घिसटते हुए दूर तक चला जाएगा। सरिया फंसने पर कार का भी संतुलन बिगड़ सकता है और कार पुल की रेलिंग से टकरा सकती है। इस स्थिति में, भगवान न करे, किसी की मौत भी हो सकती है। इस मौत का जिम्मेदार कौन होगा? पथ निमार्ण विभाग (आरसीडी) और ग्रामीण कार्य विभाग (आरईओ) तो जिम्मेदारी एक-दूसरे पर फेंक कर अपनी जवाबदेही से मुक्त हो जाना चाहते हैं। शासन-प्रशासन का अगर यही हाल रहा, तो कल्याणकारी राज्य की जनता का क्या होगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि पुल की ढलाई का सीमेंट उखड़ना और सरिया का स्प्ष्ट रूप से नजर आना शासन-प्रशासन के स्तर पर भ्रष्टाचार को भी उजागर कर रहा है। वहीं, विभागीय लापारवाही भी स्पष्ट नजर आ रही है। अब तक पुल की मरम्मत भी नहीं हुई है, यानी पुल के मेंटनेंस पर किसी का ध्यान नहीं है। जनता परेशान है, तो है। जनता की परेशानी को कोई देखने वाला नहीं है। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने पथ निर्माण विभाग (आरसीडी), पथ प्रमंडल रांची के कार्यपालक अभियंता से सवाल पूछा, तो उन्होंने कहा कि उस रोड और पुल-पुलिये का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग (आरईओ) ने किया है। गुणवत्ता की जिम्मेदारी उनकी थी। वहीं, ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता का कहना है कि उस सड़क और पुल-पुलिये का निर्माण कर उसे पथ निर्माण विभाग को सौंप दिया गया है। अब मेंटनेंस की जिम्मेदारी पथ निर्माण विभाग की है। क्या जिम्मेदारी से इस तरह हाथ झाड़ लेना सही है? क्या यही हालात बने रहेंगे? अगर यही हालात रहेंगे, तो जनता का क्या होगा?

### विशेष मध्यस्थता अभियान के पहले दिन सुलझे 39 मामले

**रांची।** डालसा के बैनर तले आयोजित पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान के पहले दिन सोमवार को 39 मामलों की सुलह मध्यस्थों ने कराया। हालांकि, विभिन्न न्यायालयों से कुल 54 मामले अग्रसारित होकर मध्यस्थता केंद्र को प्राप्त हुआ था। इसमें 39 में सफलता मिली। दोनों पक्षकार राजी-खुशी से अपने मामले को समाप्त करने को तैयार हुए। अन्य मामलों में अंतिम स्तर की बातचीत बाकी है। विशेष मध्यस्थता अभियान 9 से 13 सितंबर तक चलेगा।

## बेटी के जरिए ठगी के शिकार पिता की कोर्ट में गवाही

नवीन मेल संवाददाता। रांची

न्यायिक दंडाधिकारी राजकुमार पांडे की अदालत में सोमवार को एक वृद्ध पिता अजय कुमार सेन गुप्ता (83) ने हाजिर होकर अपना बयान दर्ज कराया। कोर्ट के समक्ष गवाही देते हुए पिता अजय कुमार सेन गुप्ता अपनी बेटी अनन्या सेन सहित उसके पति सुब्रतो सेन और उसके ससुराल के अन्य रिश्तेदार इशिता सेन खत्री चंदना सेन और स्वपना सेन द्वारा संचालित कंस्ट्रक्शन कंपनी इशिता एंड कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। इस दौरान पिता ने बहुत ही मर्माहत तरीके से कोर्ट को बताया की अपनी बेटी अनन्या सेन एक षड्यंत्र के तहत अपने ससुराल के सदस्यों के साथ मिलीभगत करके मेरा सारे रुपये 50 लाख से अधिक ठग लिया, जो जमीन और घर था उसे भी बिक्री कर दिया। आज 24 घंटे अकेले रहता हूं। कोई मेरा देखरेख नहीं करता है । उन्होंने कोर्ट को बताया कि अपना भरण पोषण के लिए एसडीओ के कोर्ट में एक मुकदमा भी किया, जहां कोर्ट ने मेरी बेटी को 7000 रुपये प्रतिमाह राशि देने का आदेश दिया लेकिन अदालत के आदेश का पालन मेरी बेटी आज तक नहीं कर रही है।

इससे पहले उन्होंने कोर्ट को बताया कि मेरी बेटी अनन्या सेन के पति सुब्रतो सेन वर्ष 2007 में 30000 तक लिया था। वर्ष 2010 में षड्यंत्र रच करके मेरा पुराना मकान बिक्री कर दिया। एक पैसा नहीं दिया। सब पैसा रख लिया। इसके अलावे घर के सामने जमीन पर 6 फ्लैट बनवाने के बहाने 33 लाख रुपये ठग लिया। आज तक ना तो फ्लैट दिया और ना ही मेरा पैसा लौटाया गवाही देते हुए कोर्ट को उन्होंने कहा कि 25 फरवरी, 2020 को बेटी अनन्या सेन अपने पिता के हिस्से के फ्लैट को अपनी गोतनी चंदन सेन गुप्ता के नाम पर बिक्री कर दिया और सारा पैसा रख लिया।

### पशु चिकित्सा महाविद्यालय में पशुओं की हैंडलिंग एवं शोध पर कार्यशाला

## पशुओं के आचारशास्त्र व रेगुलेशन की जानकारी मिलेगी : डॉ राजू




नवीन मेल संवाददाता। रांची

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में सोमवार को 'प्रयोगशाला पशुओं की हैंडलिंग एवं अनुसंधान की बुनियादी तकनीकें' विषय पर एक पांच दिवसीय कार्यशाला प्रारंभ हुई।

इसमें रांची विश्वविद्यालय, बीआईटी मेसरा, एम्स देवघर, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय और जबलपुर वेटनरी कॉलेज के 26 शिक्षक, वैज्ञानिक एवं शोधार्थी भाग ले रहे हैं। कार्यशाला के समन्वयक तथा वेटनरी कॉलेज के पशु भैषज एवं विष विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ राजू प्रसाद ने बताया कि प्रतिभागियों को पशुओं पर एक्सपेरिमेंट के नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण सम्बन्धी राष्ट्रीय समिति के दिशा निर्देशों के अनुरूप शोध में पशुओं के प्रयोग से संबंधित आचारशास्त्र एवं रेगुलेशन की जानकारी दी जाएगी। पशु संभाल एवं प्रबंधन, सेक्सिंग, ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन, ब्लड कलेक्शन, एनेस्थीसिया और विभिन्न रोग मॉडलों के बारे में हैंडस् ऑन ट्रेनिंग दी जाएगी। इससे प्रतिभागी ज्यादा एक्यूरेसी के साथ परीक्षण करने में समर्थ हो सकेंगे। आयोजन की समन्वयक डॉ विशाखा सिंह ने स्वागत भाषण तथा डॉ दीक्षा मलेथा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## रांची रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति केदार व उज्जैन का कराएगी दर्शन

नवीन मेल संवाददाता। रांची

> पंडाल निर्माण में लगभग 40 लाख रुपये, मूर्ति में दो लाख और लाइट एवं साउंड आठ लाख रुपये खर्च होंगे।

राजधानी रांची में दुर्गा पूजा को लेकर एक से बढ़कर एक पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। इसी क्रम में रांची रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति की ओर से इस वर्ष केदारनाथ मंदिर और उज्जैन के महाकाल का दर्शन कराएगी। साथ ही कोयंबटूर के आदियोगी शिव का दर्शन भी कराया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है । यहां 50 फीट ऊंची आदि योगी की मूर्ति विराजमान होगी, जो भक्तों में आकर्षण का केंद्र होगी। पंडाल की दोनों ओर दीवारों पर शिवलिंग, नंदी, डमरू और सांप की कलाकृति भक्तों को आकर्षित करेगी। आदि योगी शिव के प्रारूप का निर्माण थर्मोकोल से किया जा रहा है। पंडाल का रंग पुराने पत्थर की रंग का होगा और देखने से लगेगा कि पूरा पंडाल इन्हीं पत्थरों से बना हुआ है। पंडाल निर्माण में 40 लाख रुपये खर्च किये जा रहे हैं। समिति के अध्यक्ष मुनचुन राय ने सोमवार को बताया कि पंडाल निर्माण में लगभग 40 लाख रुपये, मूर्ति में दो लाख रुपये और लाइट एवं साउंड आठ लाख रुपये खर्च होंगे। उन्होंने बताया कि पंडाल में माता रानी योग की मुद्रा में विराजेंगी। मुख्य पंडाल के अंदर एक बड़ा सा मंडप सजाया जायेगा। इस मंडप में मां आसन की मुद्रा में विराजेंगी। मां के 10 हाथों में से दो हाथ योग की विभिन्न मुद्राओं को करते हुए दिखायेंगे। मां अन्य आठ हाथों में विभिन्न अस्त्र-शस्त्र लिये रहेंगी।

## डॉ जया राउरकेला डीपीएस में प्राचार्य पद पर देंगी सेवा

नवीन मेल संवाददाता। रांची



रांची दिल्ली पब्लिक स्कूल की वरीय अंग्रेजी शिक्षिका डॉ जया चौहान को डीपीएस सोसायटी, नई दिल्ली ने कई राउंड के साक्षात्कार के बाद उनका चयन डीपीएस राउरकेला के प्राचार्या के पद के लिए किया है। निः संदेह समस्त विद्यालय परिवार के लिए गौरवान्वित वाला क्षण है कि हमारे विद्यालय की शिक्षिका ने अभूतपूर्व उपलब्धि अर्जित की है।

डॉ जया चौहान ने रांची डीपीएस में लगभग दो दशकों से अधिक अंग्रेजी अध्यापिका के रूप में अपनी सेवा दी है। प्रतिभाशाली जया ने कर्मठता, कर्तव्य निष्ठा और निरंतर परिश्रम करते हुए अपने सेवाकाल के दौरान एक अत्यंत विशिष्ट स्थान अर्जित किया है। शैक्षणिक स्तर पर विद्यालय को निरंतर नई ऊंचाइयों पर ले जाने हेतु उन्होंने अथक परिश्रम किया। उनके अथक प्रयासों के परिणाम स्वरूप रांची डीपीएस एसएटी (स्कॉलेस्टिक असेसमेंट टेस्ट) का झारखंड राज्य का एकमात्र केंद्र बना। ब्रिटिश काउंसिल एवं अमेरिकी काउंसिल से रांची डीपीएस को संबद्ध करवाने में जया ने उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस आयोजन के तहत विद्यालय के कई प्रतिभाशाली विद्यार्थी विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों में चयनित हुए है। करियर काउंसलिंग के माध्यम से बच्चों के मार्गदर्शन में भी उनको अतुलनीय व सराहनीय भूमिका रही।

ज्ञात हो कि डॉ जया चौहान डीपीएस रांची से पहले डीपीएस पटना में अंग्रेजी शिक्षिका के रूप में कई वर्षों तक कार्यरत रहीं। वहां भी उन्होंने अनेक प्रशासनिक दायित्वों को निष्ठापूर्वक संभाला। डॉ चौहान अपने प्रारंभिक काल से ही डीपीएस सोसायटी, नई दिल्ली के स्कूलों से जुड़ी रही है।

विद्यालय के वर्तमान प्राचार्य ने डॉ आरके झा ने जया की महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए उन्हें बधाईया दी और और उनकी उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगल कामनाएं की।

## एक नजर

### चैंबर चुनाव : पहले दिन 34 नामांकन प्राप्त हुए

**रांची।** चैंबर चुनाव के आगामी सत्र 2024-25 के नामांकन के पहले दिन कुल 34 नामांकन प्राप्त हुए। नामांकन की अंतिम तिथि मंगलवार 10 सितंबर को शाम 4 बजे तक है। 4 बजे के बाद सभी प्राप्त नामांकनों की स्क्रूटनी की जायेगी। नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 12 सितंबर 2024 को संध्या 4 बजे तक है। चुनाव पदाधिकारी ललित केडिया और अंचल किंगर ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए कहा कि उम्मीदवार नामांकन प्रपत्र के साथ अपने एक्टिव डिन नंबर का उल्लेख जरूर करें। बिना डिन नंबर के नामांकन रद्द कर दिया जायेगा। विदित हो कि चैंबर का चुनाव रविवार, दिनांक 22 सितंबर 2024 को गुरूनानक स्कूल में है।

### जेडीयू की बबिता पटेल एवं जयंत पटेल राजद में शामिल

**रांची।** प्रदेश राजद कार्यालय में प्रदेश जेडीयू महासचिव बबिता राव पटेल और देवघर जिला प्रवक्ता जयंत पटेल ने राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के नेतृत्व में राजद में शामिल हुए और सदस्यता ग्रहण किया । पूर्व मंत्री सुरेश पासवान उपाध्यक्ष श्यामदास सिंह यादव अनीता यादव, प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव गिरधारी गोप युवा अध्यक्ष रंजन यादव, चंद्रिका यादव, फैजुल हक, नवल किशोर यादव, जमीरुद्दीन अंसारी, धनंजय पासवान, सूरज सिंह, केदार यादव, रामप्रवेश यादव, रामकुमार यादव, डॉ तुलसी महतो ने बुके देकर जेडीयू में शामिल बबिता पटेल और जयंत पटेल ने बधाई दी।

# सरकार को जनता के प्रति जवाबदेह होना चाहिए : राज्यपाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची/देवघर**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि देवघर भूमि तपोभूमि है और उन्हें यहां शांति की अनुभूति हो रही है। निश्चित रूप से यह प्रदेश देश में ही नहीं वरन विदेश में भी अपनी पहचान बनाएगा लेकिन यह तभी संभव है जब सभी लोग प्रगति करें और सरकार की योजनाओं का लाभ सभी को मिले। उन्होंने कहा कि सरकार को जनता के प्रति जवाबदेह होनी चाहिए।

राज्यपाल सोमवार को देवघर जिला के मोहनपुर प्रखंड में नया चितकाठ पंचायत भवन प्रांगण में उपस्थित जनसमूह को संबोधितकर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों पूर्व उन्हें उत्तर प्रदेश में अपने गृह जिला स्थित एक पंचायत भवन में जाने का अवसर मिला। उस सर्व सुविधा युक्त पंचायत भवन में वातानुकूलन की भी व्यवस्था थी। यह दशार्ता है कि पंचायत स्तर तक विकास की एक नई गाथा लिखी जा रही है और सरकार की योजना से नीचे के पायदान पर अवस्थित लोग भी लाभान्वित हो रहे हैं। पूर्व में सरकार के द्वारा भेजी जाने वाली राशि कुछ प्रतिशत ही लाभान्वित तक पहुंचता था लेकिन अब लाभान्वितों के खाते में सीधे राशि उपलब्ध कराकर उन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है और विकास की इस अवधारणा को देखकर दुनिया भी चकित है।

उन्होंने कहा कि सरकार आपके कल्याण के लिए सतत प्रयत्नशील है। मां-बहनों के जीवन को सुगम करने के लिए सरकार द्वारा उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिया गया और जल जीवन मिशन के तहत लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार द्वारा क्रमशः लगातार प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह के बहनों ने काफी प्रगति की है पिछले दिनों उन्हें स्वयं सहायता समूह द्वारा कटहल का प्रोसेसिंग कर विभिन्न उत्पाद देखने का अवसर प्राप्त हुआ। राज्यपाल को वहां उपस्थित ग्रामीणों ने अपने समस्याओं से अवगत कराया। जेएसएलपीएस की रानी देवी ने कहा कि उन्हें अच्छे ट्रेनिंग देने की व्यवस्था प्रदान की जाय। ग्रामीणों ने कहा कि इस पंचायत में 8 विद्यालय हैं लेकिन शिक्षकों की कमी है यहां पर लड़कियों के लिए एक अलग हाई स्कूल की आवश्यकता है। कई चापाकल बेकार पड़े हुए हैं। कुछ सड़कों पर बरसात का पानी जमा हो जाता है। रामकृष्ण विवेकानंद विद्यामंदिर के एक छात्र ने परीक्षा से संबंधित परेशानी बताई। राज्यपाल ने कहा कि इस समस्या के निदान के लिए उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि अपनी समस्याओं से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराने के साथ-साथ प्रशासन को भी अवगत कराएं।

### राज्यपाल ने गोड्डा में आमजन से किया संवाद

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट प्रखंड के डांडे पंचायत भवन में ग्रामीणों के साथ संवाद करते हुए कहा कि वे ग्रामीणों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को जानना चाहते हैं, ताकि उन समस्याओं का निराकरण किया जा सके। साथ ही यह भी जानना चाहते है कि सरकार की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को किस हद तक मिला है एवं उसमें सुधार की क्या संभावनाएं हैं। उन्होंने ग्रामीणों से जल जीवन मिशन के तहत शुद्ध पेयजल उपलब्धता की दिशा में हो रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों ने अस्पताल में प्राप्त सुविधाएं एवं चिकित्सकों के कमी के संबंध में बताया। ग्रामीणों द्वारा विद्यालयों में शिक्षकों के कमी से पढ़ाई में हो रहे उत्पन्न बाधा से भी राज्यपाल महोदय को अवगत कराया। राज्यपालने प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ-साथ अन्य आवास योजना के तहत पंचायत में लाभूकों की जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों ने बताया कि इस पंचायत मंव अधिकांश लोगों का आवास निर्मित हो चुका है एवं बचे हुए लोगों का आवास निर्माण हेतु भी कार्रवाई चल रही है।

## गणपति बप्पा की महाआरती में उमड़े हजारों श्रद्धालु

# 1008 महिलाओं ने सामूहिक आरती में हिस्सा लिया



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

श्री राधे-कृष्ण यूथ संगम के तत्वावधान में आयोजित छह दिवसीय गणपति बप्पा के महोत्सव के तीसरे दिन दिन सोमवार 1008 महिलाओं के द्वारा ढोल नगाड़ा गाजा बाजा एवं शंख की प्रतिध्वनि के बीच गणपति बप्पा का सामूहिक महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती का कार्यक्रम देर शाम आकर्षण का केंद्र बनी रही। सोमवार को हजारों श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। लगातार तीसरे दिन पंडाल में स्थापित गणपति बप्पा की प्रतिमा की पुजारी अशोक पंडा एवं सोनू पंडा की देखरेख एवं नेतृत्व में विधिवत पूजा अर्चना की गई। श्री राधे-कृष्ण यूथ संगम के कार्यकताओं ने अलग-अलग धार्मिक अनुष्ठानों में मुख्य पुजारी अशोक पंडा एवं सोनू पंडा के नेतृत्व में हिस्सा लिया। उधर दूसरी ओर दूसरी ओर बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान में गणेशोत्सव के मौके पर आयोजित भव्य मेला के दौरान बच्चों के मनोरंजन के साथ-साथ महिलाओं के लिए आयोजित मीना बाजार में भीड़ उमड़ पड़ी है। मेला में झूले और खेल तमाशे आकर्षण का केंद्र बन गए हैं। गणपति बप्पा महोत्सव के तीसरे दिन आयोजक श्री राधेकृष्ण यूथ संगम के कार्यकताओं क्रमशः शिवेंद्र सौरभ, अंकित सोनी, अविनाश कश्यप, अमन गुप्ता,आकाश रक्षित, आशीष महतो, सौरभ खन्ना, तुषार,दीपक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# ब्यूटी पार्लर प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो, विशिष्ट अतिथि डिविजनल मैनेजर केनरा बैंक अंचल कार्यालय रांची के अनुराग श्याम अंबास्ता, रुडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार उपस्थित हुए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न प्रखंड से आए महिलाओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि सुदेश कुमार महतो ने प्रशिक्षणार्थियों को संदेश दिया की आप सभी लोग प्रशिक्षण के बाद अपना स्वयं का ब्यूटी पार्लर खोलें क्योंकि आज के दौर में ब्यूटी पार्लर की मांग जोर शोर से है।

## न्यूज बॉक्स

### खेलो झारखंड के अंतर्गत दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन



**सिल्ली।** दो दिवसीय खेलो झारखंड अंतर्गत प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन सिल्ली स्टेडियम परिसर में किया गया। जिसमें सिल्ली प्रखंड के मध्य विद्यालय एवं उच्च विद्यालय स्कूल के छात्र-छात्राएं भाग लिए। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो ने छात्र-छात्राओं से परिचय प्राप्त कर खेल का उद्घाटन किया। इस खेल में अंडर 14, 17 एवं 19 के के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया प्रतियोगिता में 200 सौ मीटर 400 सौ, 800 सौ, 1500 सौ मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय प्रतिभागियों को विधायक सुदेश कुमार महतो के द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। दूसरे दिन वॉलीबॉल, कबड्डी, हाई जंप, लॉन्ग जंप, खो-खो फुटबॉल आदि का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, उप प्रमुख आरती देवी, शिक्षा विभाग पदाधिकारी बी के झा, बीपीओ मनोज कुमार, बी हेंब्रम आदि शिक्षक गण उपस्थित थे।

### वृद्धजनों की सेवा के साथ जेसीआई वीक की शुरुआत




**रांची।** 15 सितंबर तक चलनेवाले जेसीआई वीक की शुरूआत सोमवार से हुई। जेसीआई रांची यूथ की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल के नेतृत्व में जेसीआई रांची यूथ के पदाधिकारियों, सदस्यों ने बरियातू स्थित ओल्ड एज होम में जाकर सभी की सेवा की और अपने साथ ले गए सामग्री का वितरण किया। इस दौरान वहां रहनेवाले वृद्धजनों से बात कर उनका हाल जाना। पदाधिकारियों ने आश्रम में रहनेवाले वृद्धजनों को केले, आम, नमकीन, बिस्कुट आदि सामग्री का वितरण किया। जेसीआई यूथ, रांची के सदस्यों ने वृद्धजनों के साथ समय व्यतीत किया तथा जीवन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। वृद्धजनों ने भी अपने जीवन के अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर जेसीआई रांची यूथ की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने कहा कि वृद्धजनों का अनुभव आज की युवा पीढ़ी के लिए महत्वपूर्ण है।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND
सेवा ही लक्ष्य
झारखण्ड पुलिस

जन शिकायत समाधान कार्यक्रम
नागरिकों की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु झारखण्ड पुलिस की पहल

कार्यक्रम के उद्देश्य
- नागरिकों के पुलिस से संबंधित शिकायतों को प्राप्त करना एवं उक्त शिकायतों का पंजीकरण किया जाना।
- शिकायतों पर पुलिस के द्वारा की गई कार्रवाई की सूचना शिकायतकर्ता को प्रेषित करना।
- निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में वरीय पदाधिकारियों के संज्ञान में विषय को प्रेषित किया जाना।
- कार्रवाई योग्य शिकायतों पर त्वरित एवं प्रभावी निवारण करना।
- जिन शिकायतों पर कार्रवाई संभव नहीं है, उनकी भी जानकारी शिकायतकर्ता को उपलब्ध करना।
- पुलिस द्वारा बनाये जा रहे सर्वोत्तम पद्धतियों को इन कार्यक्रमों के दौरान प्रदर्शित करना।
- नागरिकों की समस्या को समझते हुए पुलिस व्यवस्था में आवश्यक नीतिगत सुधार करना।



आज, 10 सितंबर के दिन नजदीकी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में जाकर अपनी समस्या का समाधान जरूर करवायें

PR No 335211 (IPRD) 2024-25
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

### कार्यक्रम का अयोजन आज, जागरूकता व एलईडी वाहन को एसपी ने किया रवाना

# जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में अपनी समस्या को रखें : अजय कुमार




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** नागरिकों के शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु झारखंड पुलिस की अनोखी पहल के तहत 10 सितंबर 2024 को छावनी परिषद फुटबॉल मैदान रामगढ़ में जिला स्तरीय जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन रामगढ़ पुलिस द्वारा किया जाएगा। इसी क्रम में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के व्यापक प्रचार प्रसार को लेकर सोमवार को पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार ने जिला समाहरणालय परिसर से जागरूकता व एलईडी वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मौके पर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने सभी जिले वासियों से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी किसी भी तरह की समस्या को सीधा पुलिस प्रशासन के समक्ष रखने की अपील की। उन्होंने अपने आस-पड़ोस में भी लोगों को 10 सितंबर को आयोजित होने वाले जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के प्रति जानकारी देने की अपील की। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी, डालसा के अधिकारी, पैरा लीगल वालंटियर आदि उपस्थित रहेंगे। इस दौरान नागरिकों की शिकायतों/समस्या का त्वरित समाधान किया जाएगा। वहीं व्यक्ति अपनी समस्याओं, ऑनलाइन फ्रॉड, डायल 112 के तहत कोई अपील/सहायता, क्षेत्र में अड्डेबाजी, ड्रग्स की स्मगलिंग, ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री, किसी क्षेत्र में अफीम की खेती, डायन कुप्रथा, मानव तस्करी, गुमशुदा, घरेलू हिंसा सहित अन्य मामलों में शिकायत व आवेदन दे सकते हैं वहीं आमजन पूर्व में लंबित मामलों आदि को लेकर भी शिकायत व आवेदन दे सकते हैं। शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदन का पंजीकरण किया जाएगा एवं शिकायत को त्वरित निष्पादित करने अथवा यथा संभव जल्द से जल्द निष्पादित करने का प्रयास किया जाएगा।

## शिकायत समाधान कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य

- 1. नागरिकों के पुलिस से संबंधित शिकायतों को प्राप्त करना एवं उक्त शिकायतों का पंजीकरण किया जाना।
- 2. कार्रवाई योग्य शिकायतों पर त्वरित एवं प्रभावी निवारण करना।
- 3. शिकायतों पर पुलिस के द्वारा की गई कार्रवाई की सूचना शिकायतकर्ता को प्रेषित करना।
- 4. निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में वरीय पदाधिकारी के संज्ञान में विषय को प्रेषित किया जाना।
- 5. जिन शिकायतों पर कार्रवाई संभव नहीं है, उनकी भी जानकारी शिकायतकर्ता को उपलब्ध कराना।
- 6. पुलिस द्वारा बनाये जा रहे सर्वोत्तम पद्धतियों को इन कार्यक्रमों के दौरान प्रदर्शित करना।
- 7. नागरिकों की समस्या को समझते हुए पुलिस व्यवस्था में आवश्यक नीतिगत सुधार करना।
- 8. कार्यक्रम के दौरान ऑन-लाईन शिकायत हेतु जन शिकायत समाधान कोषांग का सम्पर्क नं० एवं वाट्सअप न -9162388444 एवं ई०मेल आईडी-जनशिकायत-आरजीएच@जेएचपुलिस. गोव. इन पर स्पष्ट रूप से सूचनाओं में अंकित रहेगा एवं इसका प्रचार-प्रसार किया जाएेगा।

## जन शिकायत कार्यक्रम में निम्न विषय पर विशेष रूप से विचार किया जाएगा

- 1. गुमशुदा बच्चों एवं महिला सुरक्षा के संबंध में जानकारी प्राप्त करना एवं Victim Compensation Scheme के बारे में जागरूक करना।
- 2. नये अपराधिक कानून के अन्तर्गत Zero FiR एवं ऑन लाईन FIR दर्ज करने के प्रणाली, Dail-112 एवं Dail-1930 (साईबर फॉड) के संबंध में जागरूक करना।
- 3. कमजोर वर्ग के नागरिकों के लिए एस०सी० / एस०टी० अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज घटनाओं की जाँच पूर्ण करने एवं संभावित घटनाओं की जानकारी प्राप्त करना।
- 4. क्षेत्र में होने वाले सम्पति मूलक अपराध/अपराधियों की सूचनाएँ, साईबर अपराध की घटनायें तथा अवैध रूप से नागरिकों से डिपोजिट प्राप्त करने वाली संस्था चिटफंड आदि की जानकारी प्राप्त करना।
- 5. ऐसे क्षेत्र जहाँ मानव तस्करी की घटना एवं डायन प्रताड़ना को लेकर अपराध होते है, वहाँ पर विशेष रूप से अपराध की भुक्तभोगियों का सूचना प्राप्त कर सहायता देना एवं संलिप्त अपराधियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर कार्रवाई करना।
- 6. अफीम की खेती तथा ब्राउन शुगर इत्यादी की खरीद-बिकी की जानकारी प्राप्त कर कार्रवाई करना एवं इसकी रोकथाम के लिए नागरिकों को प्रेरित करना।
- 7. नशीले पदार्थ का सेवन विशेष कर स्कूल/कॉलेज के बच्चे द्वारा यदि किया जा रहा है, तो इसकी जानकारी प्राप्त करते हुए रोकथाम हेतु आवश्यक कदम उठाना।
- 8. ऐसे क्षेत्र (विशेष शहरी क्षेत्र) जहाँ पर रात में असमाजिक तत्वों का जमावड़ा इत्यादी होता है, को भी चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्रवाई करना।
- 9. संबंधित क्षेत्र में सुरक्षा मूलक उपाय यथा सीसीटीवी अधिष्ठापन, नागरिक सुरक्षा समिति का गठन अथवा शहरी क्षेत्रों में Resident Welfare Association का गठन करने हेतु प्रेरित करना।
- कोई भी जिलेवासी वाट्सअप न - 9162388444 एवं ईमेल आईडी -जनशिकायतआरजीएच@ जेएचपुलिस.गोव.इन पर भी अपने शिकायत दे सकते हैं।

## रामगढ़ में तीन थाना प्रभारी बदले, तीन लाइन क्लोज

**रामगढ़।** एसपी अजय कुमार ने रामगढ़ जिले के तीन थाना प्रभारियों का तबादला कर दिया है। साथ ही तीन पदाधिकारियों को लाइन क्लोज भी किया है। गोला थाना प्रभारी हरिपद टुडू, बरकाकाना ओपी प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली और भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार को लाइन क्लोज कर दिया गया है। इन तीनों थानों में नए पदाधिकारी को मौका दिया गया है। भुरकुंडा ओपी में पदस्थापित अभिषेक प्रताप को गोला थाना प्रभारी, हिंदी शाखा के प्रभारी उमाशंकर वर्मा को बरकाकाना ओपी प्रभारी, भुरकुंडा ओपी में ही पदस्थापित निर्भय कुमार गुप्ता को भुरकुंडा ओपी प्रभारी बनाया गया है।

## गणपति पूजा को लेकर जिप सदस्य ने पंडालों का किया भ्रमण

**बरकट्ठा।** गणपति पूजा के शुभ अवसर पर जिप सदस्य कुमकुम देवी ने बरकट्ठा के विभिन्न पंडालों का भ्रमण कर भगवान गणेश की पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की खुशहाली हेतु गणपति से कामना किया। पूजा पंडालों में कुमकुम के पहुंचने के बाद लोगों में काफी उत्साह देखा गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं विगत कई वर्ष से जनता की सेवा कर रही हूं। कहा बरकट्ठा की राजनीति में बदलाव की जरूरी है। इसलिए भाजपा इस बार मुझे टिकट अवश्य देगी।कहा बरकट्ठा विधानसभा की जनता और पूर्व विधायक खगेंद्र प्रसाद का आशीर्वाद मेरे साथ है।

## न्यूज बॉक्स

### राधा गोविंद विश्वविद्यालय में श्री गणेशजी का पूजन और विसर्जन बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ



**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में गणेश चतुर्थी पर भगवान श्री गणेशजी का पूजन शनिवार को पूरे विधि विधान से आचार्य श मुकेश पाण्डेय ने करवाया और विसर्जन सोमवार को बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी को विघ्नहर्ता और रिद्धि- सिद्धि के दाता श्री गणेश चतुर्थी पूजन की हार्दिक बधाई दी एवं मंगल कामना की। तीसरे दिन गणेशजी की पूजन एवं आरती की गई उसके बाद विसर्जन में सभी शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं गाजे बाजे के साथ नृत्य करते हुवे, गणपति बप्पा मोरया .... जयकारा के साथ श्री गणेश भगवान का विसर्जन पूरी श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो (डॉ) समरेंद्र नाथ साहा, प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ )निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार शामिल हुए।

### नगर निगम की लापरवाही से महामारी की आशंका

**हजारीबाग।** शहर में गन्दगी का अंबार जमा हो गया है जिससे जानलेवा कीटाणु पनप रहे हैं। कचरा सड़ने के कारण दुर्गन्ध से आने जाने वाले नागरिकों को बदबू के करण स्वांस रोककर तथा मास्क या रूमाल नाक पर डालकर सफर करना पड रहा है। सड़ा चीज खाकर पशु-पंक्षी बिमार हो रहे हैं। अगर यही स्थिति बनी रही तो महामारी आने की आकांक्षा हो सकता है जिससे चारो तरफ त्राहीमाम मच जाएगा। बीमारियां फैल जाएगी, जान-माल का नुकसान होने लगेगा। पता नही कब जिला प्रशासन और नगर-निगम का नींद खुलेगी। सांसद, विधायक , जन प्रतिनिधि आगामी विधानसभा को देखते हुए घरियालू आंसू बहा कर आरोप प्रत्यारोपण कर राजनिति करेंगे। वही बिमारी से ग्रसित लोगों का ईलाज के लिए प्राइवेट नर्सिंग होम, डाक्टर दवा कम्पनियां तथा सरकारी अस्पताल के दलाल पैसा लूटने में लग जायेंगे।



### मनोज यादव के घर में हुई चोरी

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के बेड़ा हरियारा पंचायत बादीखरना के मनोज यादव पिता अर्जुन यादव के घर में बीते रात अज्ञात चोरों ने लगभग 50 हजार नगद और 85 हजार के जेवरात सहित अन्य समान चोरी होने की बात कही है।परिजनो ने बताया कि हमलोग रात में सो रहे थे।जब सुबह उठकर देखा तो घर का दरवाजा खुला हुआ था और घर में सारे सामान घर के बाहर इधर-उधर बिखरे पड़े थे। तभी हमें चोरी होने की आशंका लगी। तब हमलोगों ने हो हल्ला करने लगे और अपने घर में रखे सामान को खोजने लगे। तब पता चला कि घर में बीते रात अज्ञात चोरों ने चोरी करके कई सामान ले गया है।उन्होंने बताया कि मेरे घर के पीछे बारी है और बारी में मकई लगा हुआ है। चोर इसका फायदा उठाते हुए मेरे घर के पीछे से छत चढ़ गया और घर के अन्दर चला गया और कमरे में रखा 50 हज़ार नगद और 85 हजार के जेवर जो लड़की की शादी के लिए बनाकर जेवर रखा था। जिसमें लड़की की शादी नवंबर में होनी है। इसी बीच अज्ञात चोरों ने मेरे घर में रखे समान और जेवर और नगद लेकर फरार हो गए। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले कुछ महीने पहले मेरे घर से सात भैंसो की भी चोरी हो गई है। जो अभी तक नहीं मिला है। इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस प्रशासन को मिलते ही विष्णुगढ़ पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और खोजबीन में जुट गई।

### विष्णुगढ़ की अलपिटो पंचायत में नए बिजली ट्रांसफार्मर का किया गया उद्घाटन

**हजारीबाग/विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के अलपिटो पंचायत के कर्माटांड टोला के पारटांड में पिछले करीब बीस दिनों से बिजली ट्रांसफार्मर के खराब हो जाने की वजह से वहां के लोग अंधेरे में हीं रह रहे थे। वहां के ग्रामीणों ने स्थानीय पंचायत समिति सदस्य को इस समस्या से अवगत कराया और पंचायत समिति सदस्य के माध्यम से मध्य भाग जिला परिषद सदस्य शेख तैयब को इसकी जानकारी दी गई। तीन दिनों के भीतर करमाटाड़ टोला के पारटांड में नया बिजली ट्रांसफार्मर बिजली विभाग के अधिकारियों से बात करते हुए दिलाया गया। ट्रांसफार्मर का विधिवत उदघाटन मध्य भाग जिला परिषद सदस्य शेख तैयब एवं पंचायत समिति सदस्य घनश्याम पाठक के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर एवं नारियल फोड़कर किया गया। इस मौके उपस्थित ग्रामीणों को मध्य भाग जिला परिषद सदस्य शेख तैयब ने संबोधित करते हुए कहा कि मेरे क्षेत्र में पड़ने वाले कोई भी गांव अथवा कोई भी टोला बिजली के अभाव नहीं रहेगा।

### सेल एसआरयू इफिको मरार दुर्गा पूजा कमेटी का हुआ गठन

**रामगढ़ ।** सेल एसआरयू इफिको मरार श्री श्री दुर्गा पूजा समिति का एक मीटिंग महाप्रबंधक प्रभारी बी बी कांता के नेतृत्व में इफिको गेट के समीप रखा गया। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा पूरे धूमधाम से किया जाएगा। जिसमें पंडाल भव्य रूप से बनाया जाएगा तथा मेला एवं रावण दहन का कार्यक्रम का आयोजन होगा । सर्वसम्मति से दुर्गा पूजा समिति 2024 के सफल आयोजन हेतु कमेटी गठन किया गया। जिसमें मुख्य संरक्षक महाप्रबंधक प्रभारी बीवी कांता,संरक्षक-महा प्रबंधक पित्त एवं लेखा आर के साहा ,महाप्रबंधक संरक्षण प्रवीण गुप्ता,सह संरक्षक बोधी मेहता,आर के प्रधान,आर के सिंन्हा,बी एस प्रसाद,सुनील कुमार अध्यक्ष दिवाकर गिरी,सचिव यश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर बेदिया, उपाध्यक्ष-आनंद प्रताप सिंह,सुनील बेदिया,रामलाल,संतोष कुमार ,मुस्तफा ,गुप्तेश्वर मिश्र, सह सचिव पार्थ कुमार दिंहा ,सुभाष राम को बनाया गया । बैठक में मुख्य रूप से श्याम रजक, शंभू पांडे, अखिलेश ठाकुर ,प्रदुमन पांडे,कमलेश पांडे, प्राणदीप बक्शी, बृजेश श्रीवास्तव, सुशील यादव, उपस्थित थे।

# आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा का लाभ सीधे लोगों तक पहुचे : सुधीर

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के सिकनी पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार" कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। जिसमें बतौर अतिथि बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, अंचल अधिकारी सह प्रभारी बीडीओ मदन महली, पशुपालन पदाधिकारी शशि सिन्हा,उप मुखिया उमाशंकर महतो सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने राज्य सरकार के इस महत्वपूर्ण पहल की सराहना की।कहा की इसका उद्देश्य आम जनता को पंचायत स्तर पर योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचाना है। उन्होंने ग्रामीण जनता से अपील की कि वे इस कार्यक्रम का अधिकतम लाभ उठाएं और सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त करें। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जहाँ कर्मियों ने योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। बाल विकास परियोजना द्वारा गोंद भराई कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, और लाभुकों को अबूआ आवास, मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, सावित्री किशोरी स्मृति योजना, और अन्य सामाजिक योजनाओं के लिए फार्म भी वितरित व स्वीकृति दी गई। मौके पर बीस सूत्री सदस्य प्रकाश करमाली, राकेश कुमार, कृषि पदाधिकारी पंकज कुमार, अफताब अंसारी, राजकुमार महतो एवं स्वास्थ्य विभाग के सीएचओ, एनएम आदि आदि उपस्थित थे ।

## पंचायत पहुंची सरकार आपके द्वार, लोगों की उमड़ी भीड़

**बरकट्ठा।** प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत भवन में सोमवार को सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, अंचलाधिकारी श्रवण कुमार झा, बीईईओ किशोर कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, मुखिया अब्बास अंसारी ने दीप जलाकर कर किया। शिविर में कुल 881 आवेदन आए, जिसमें 243 का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। जबकि 638 को प्रोसेस में रखा गया। बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत शिविर में सबसे अधिक आवेदन अबुआ आवास योजना के लिए 406, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना 82, सावित्री फुले किशोरी समृद्धि योजना 10, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 10, सर्वजन पेंशन योजना 97और वृद्धा पेंशन योजना के 08 आवेदन प्राप्त हुए।

## प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल और अमर बाउरी से टोनी जैन ने की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश कोषाध्यक्ष टोनी जैन ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस बैठक में हजारीबाग सदर विधानसभा की राजनीतिक रणनीति और संगठन के भावी कदमों पर विस्तार से चर्चा हुई। टोनी जैन ने 20-22 वर्षों से पार्टी की सेवा में हैं, उन्होंने समीक्षात्मक रिपोर्ट एक बुक के तौर पर पेश की और अपनी गहरी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने हर जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाया है। उन्होंने संगठन को आश्वस्त किया कि अगर उन्हें हजारीबाग सदर विधानसभा से प्रतिनिधित्व का अवसर मिलता है, तो वे पार्टी और जनता दोनों की अपेक्षाओं पर पूरी तरह से खरा उतरेंगे। उन्होने कहा कि भाजपा एक संगठनात्मक पार्टी है, जहां हर कार्यकर्ता का सम्मान किया जाता है, और वे संगठन के निर्देशों के अनुसार काम करने में विश्वास रखते हैं।प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने टोनी जैन के योगदान की सराहना की और उन्हें भरोसा दिलाया कि पार्टी हमेशा अपने मेहनती और निष्ठावान कार्यकर्ताओं का सम्मान करती है।

## भाजपा नेता अनूप भाई ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया मंत्री का स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** दो दिवसीय झारखंड दौरा पर आए भारत सरकार के केंद्रीय कोयला सतीश चंद्र दुबे धनबाद से पटना लौट के क्रम में भाजपा नेता अनूप भाई वर्मा के निवास मे आगमन । अनूप भाई ने झारखंड के परिधान मंत्री को पहनकर एवं तलवार भेंट कर स्वागत किया वहीं पर मौजूद ग्रामीण एवं भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जोरदार तरीके से पुष्प माला से स्वागत किया। मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार को देखते हुए होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा के सभी कार्यकर्ता मजबूती के साथ विधानसभा चुनाव के तैयारी में लगा है ।झारखंड के भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकना है, और झारखंड में डबल इंजन की सरकार को स्थापित करना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अरविंद सिंह, अजीत चंद्रवंशी, राजन कुमार गुप्ता, चेतलाल साव, मंटू कुमार उर्फ शशांक शेखर, नीरज चंद्रवंशी जितेंद्र कुमार चंद्रवंशी, जितेंद्र कुमार चंद्रवंशी,विनय कुमार बिक्की, पिंटू मेहता, आशीष वर्मा आनंद शाह अशोक मेहता पप्पू चंद्रवंशी रिंकू देवी ,रजनी देवी तथा कई अन्य लोग शामिल रहे।

## लोकसभा के चारों विस क्षेत्र के लिए कांग्रेस ने नियुक्त किया पर्यवेक्षक

**बरही।** आगामी झारखंड विस चुनाव को देखते हुए राजनीतिक पार्टियों की तैयारियां प्रारंभ हो चुकी है. सभी पार्टी और राजनीतिक नेता अपने स्तर से चुनाव की तैयारियों में जुट गए है. इसी क्रम में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के चारो विस बरही, बरकट्ठा, मांडू और बड़कागांव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिया है. इस बाबत राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यसभा सदस्या छाया वर्मा को पत्र जारी कर नियुक्ति पत्र सौंपा है. साथ ही श्रीमती वर्मा से झारखंड के आगामी विस चुनाव में पार्टी को बेहतर करने की बात कही गई है. साथ ही प्रदेश अध्यक्ष, सचिव आदि से संपर्क स्थापित कर रणनीति तय करने का अपील किया है. श्रीमती वर्मा के पर्यवेक्षक बनाए जाने पर स्थानीय कांग्रेसियों ने शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी है।

## भाजपा नेता ने मंत्री व जनजातीय आयोग सदस्य से की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** भाजपा नेता हर्ष अजमेरा ने सोमवार को भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री एवं जनजातीय आयोग की सदस्य आशा लड़का से फूलों का गुलदस्ता भेंट कर शिष्टाचार मुलाकात किया, इस दौरान हजारीबाग आगमन पर उनका स्वागत व अभिनंदन किया। इस मुलाकात के दौरान श्री अजमेरा ने जनजातीय समुदाय से संबंधित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की और आयोग द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। हर्ष अजमेरा ने जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं कार्यों की हार्दिक सराहना करता की ।भाजपा सरकार ने जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिए जो योजनाएं चलाई हैं, वे न केवल समुदाय को सशक्त कर रही हैं, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय विकास के केंद्र में ला रही हैं। श्री अजमेरा ने आगे कहा, हमारा उद्देश्य केवल विकास नहीं, बल्कि हर जनजातीय परिवार की खुशहाली सुनिश्चित करना है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जो जनहितैषी योजनाएँ शुरू की हैं, उनसे हर क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिए हरसंभव प्रयास करता रहूंगा।

## बाइक सवार वृद्ध पुलिया के नीचे गिरा घटनास्थल पर हुई मौत

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के मासीपीढी - तुईयो मार्ग में अनियंत्रित बाईक सवार एक वृद्ध व्यक्ति की पुलिया के नीचे गिर जाने से मौके पर ही मौत हो गई। व्यक्ति की पहचान नारायण पंडित 55 वर्ष, पिता स्व लछु पंडित के रूप में की गई। राहगीरों ने बताया कि मृतक अपने मोटरसाइकिल संख्या JH 02 HS 7854 लुना बाईक से बरकट्ठा से अपने घर बेडोकला की ओर जा रहा था इसी दौरान बाइक अनियंत्रण हो जाने से वह बाईक समेत दस फीट नीचे गहरे पुलिया में गिर गया,जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई।घटना के बाद मौके पर पहुंची ग्रामीणों के सहयोग से शव को पुलिया के नीचे से बाहर निकाला गया। तत्पश्चात घटना की सूचना बरकट्ठा थाना को दी गई। मौके पर पहुंची बरकट्ठा पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया।

# 18 दिनों से जारी सफाईकर्मियों की हड़ताल पर सांसद मनीष जायसवाल ने की पहल

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** पूरे झारखंड के सफाई कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं जिससे शहरी क्षेत्र में गंदगी का अंबार और ढेर होने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। सफाई कर्मी अपनी 6 मांगों को लेकर पिछले करीब 18 दिनों से हड़ताल पर हैं। सोमवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने इसपर सकारात्मक पहल करते हुए झारखंड राज्य लोकल बॉडीज एम्पलाइज फेडरेशन, कर्मचारी संघ हजारीबाग इकाई के पदाधिकारी के साथ अपने झंडा चौक अवस्थित सांसद सेवा कार्यालय में एक विशेष बैठक आहूत की। जिसमें उन्होंने उनकी समस्याएं जानी और फिर तत्काल इस पर पहल करते हुए झारखण्ड राज्य के नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन और संबंधित विभाग के सचिव सुनील कुमार से दूरभाष पर बात करते हुए संबंधित मामले पर संज्ञान लेकर कर्मचारी संघ से वार्ता हेतु विशेष समय दिलवाया और उनसे यथासीघ्र इनके न्यायोचित मांगों पर पहल करने का आग्रह किया। सांसद मनीष जायसवाल ने नगर निगम क्षेत्र के कर्मचारियों से भी आग्रह किया कि आपकी जायज मांगों को लेकर हम भी वकालत जरूर करेंगे लेकिन शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले जनजीवन को राहत हो इसके लिए आप भी अपने काम में लौटें। सांसद मनीष जायसवाल ने कहां की सफाई कर्मियों के द्वारा मुझे एक मांग पत्र मिला है जिसमें कई मांगे बेहद ही जायज हैं और राज्य सरकार को तत्काल उनकी मांगों पर पहल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हजारीबाग नगर निगम में कुल 493 पद हैं जिसमें करीब 98 से 100 के करीब ही परमानेंट किए गए हैं बाकी जो निविदा पर हैं उन्हें भी परमानेंट करना चाहिए। सफाई कर्मी अपनी जान जोखी में डालकर जनजीवन को राहत पहुंचाते हैं ऐसे में उनका बीमा भी जज डिमांड है सरकार को इसे भी अभिलंब मानना चाहिए । झारखंड राज्य लोकल बॉडीज एम्पलाइज फेडरेशन, हजारीबाग इकाई के अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल को अपना अच्छे सूत्री मांग सौंपा। जिसमें उन्होंने निकाय के कार्यरत श्रमिक/ दैनिककर्मी/ मानदेय कर्मी की सेवा नियमित किए जाने, निकाय कर्मी के वेतन भुगतान के लिए सरकार अपने स्तर से शत-प्रतिशत आवंटन निर्गत करें, निकाय में सेवानिवृत होने वाले कर्मियों का तमाम सेवानिवृत्ति लाभ का भुगतान सरकार अपने कोष से करें।


## गायिका शहनाज अख्तर की गीतों पर पूरी रात झूमे श्रोता

**रामगढ़।** गणेश चतुर्थी के मौके पर रामगढ़ शहर के नेहरू रोड में महाकाल भगवा सेवा के द्वारा रात्रि जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में मशहूर गायिका शहनाज अख्तर के गीतों पर दर्शन पूरी रात झूमते रहे। उन्होंने भगवान भोलेनाथ और मां दुर्गा पर आधारित कई गाने प्रस्तुत किए। लोग उस भक्तिरस में ऐसे डूबे जैसे समंदर में गोते लगा रहे हो। भक्ति रस में डूबे श्रोता शहनाज अख्तर के गीतों पर झूमते रहे। इस दौरान शहनाज अख्तर ने मुगल शासकों पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म से बड़ा कोई धर्म नहीं है। मुगलों ने न सिर्फ हिंदुओं को, बल्कि अन्य धर्म को भी काफी क्षति पहुंचाई। तलवार के दम पर धार्मिक स्थलों को तोड़ा गया था लेकिन राम नाम के नारे में इतनी ताकत थी कि अयोध्या में एक बार फिर भव्य मंदिर का निर्माण हुआ।

# दशलक्षण महापर्व के दूसरे दिन जैन मंदिर में उत्तम मार्दव धर्म की हुई पूजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर एवम रांची रोड स्थित श्री पारसनाथ जिनालय में दशलक्षण महापर्व के दूसरे दिन 9 सितम्बर को उत्तम मार्दव धर्म की पूजा विधि पूर्वक संपन्न हुई । इस मौके पर रामगढ़ में जलाभिषेक का सौभाग्य अशोक काला, अमित काला,नितिन पाटनी,मनीषा पाटनी,अशोक रपरिया विकाश रपरिया,हरकचंद अजमेरा विवेक अजमेरा,पदमचंद जैन एवं सुमत जैन को प्राप्त हुआ। जबकि रांची रोड राजेश सेठी की प्राप्त हुआ । रामगढ़ में शांतिधारा का सौभाग्य अरुणा जैन , डॉ शरद जैन को मिला । रांची रोड में मैना देवी सेठी,प्रमोद सेठी को मिला। महाआरती का सौभाग्य रामगढ़ में अशोक कुमार वैभव जैन एवं रांची रोड मे मैना देवी सेठी,प्रमोद सेठी परिवार को प्राप्त हुआ । मौके पर पंडित रमेश जैन शास्त्री जी ,राजेश जैन ,पंकज जैन ने बताया मृदुभाव आत्मा का स्वभाव है, मृदुता आत्मा के सरल परिणाम को कहते हैं। जैसे कि-



**मृदुत्वं सर्व भूतेषु कार्य जीवेन सर्वदा।**
**काठिन्यं त्यज्यते नित्यं धर्म बुद्धि विजानता।।**

जो जीव धर्म बुद्धि को जानते हैं, ऐसे जीवों को उचित है कि समस्त जीवों में हमेशा मृदुभाव अर्थात् सरल भाव रखना चाहिए, कठोर भाव का त्याग करना चाहिए। मार्दव धर्म आत्मा अर्थात् निजात्मा स्व-स्वरूप का धर्म है। जहाँ मृदु भाव या नम्रता नहीं है वहाँ धर्म भी नहीं है। और वहाँ नियम, व्रत, तप, दान, पूजा इत्यादि जो मानव करता है विनय भाव के बिना सभी व्यर्थ गिनाया जाता है।

## एक नजर

### बिजली तार की चोरी करते पुलिस ने दो को पकड़ा, भेजा जेल

**गुवा।** सेल का किरीबुरु टाउनशिप स्थित विद्युत सब स्टेशन का ताला तोड़ दो बंडल विद्युत तार की चोरी करने का दो आरोपी दीपक करुवा एवं शिबू करुवा, करुवा बस्ती, किरीबुरु निवासी को पुलिस ने पकड़ जेल भेजा। थाना प्रभारी मुनाजीर हसन ने बताया की सब स्टेशन से चोरी की शिकायत मिलने के बाद सीसीटीवी की जांच के दौरान चोरों की पहचान किया गया। उसके बाद पुलिस ने दोनों चोरों को उसके घर पर छापेमारी कर पकडा.। चोरों के घर से चोरी का दो बंडल तार भी बरामद किया गया। दोनों चोर शातिर है। पांच वर्ष पूर्व चोरी के अलग-अलग मामले में दोनों चोर जेल जा चुका है। पुलिस शहर के अन्य चोरों के खिलाफ भी कार्यवाही करने की तैयारी में है।

### पेंशन लागू होने से चाईबासा के अधिवक्ताओं में खुशी की लहर

**चाईबासा।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा वयस्क अधिवक्ताओं के लिए 14 हजार रुपए प्रति महीना पेंशन एवं नए अधिवक्ताओं के लिए 5 हजार रुपए स्टाइपेंड और 5 लाख तक बीमा की घोषणा किए जाने के बाद चाइबासा बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओ के बीच खुशी की लहर देखी जा रही है। बार के सभी अधिवक्ता हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया है। बार एसोसिएशन के सचिव फादर अगस्तीन कुल्लू ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिवक्ताओं के बारे में एक अच्छा सोच का परिचय दिया है।

### तालाब में डूबने से महिला की मौत, पुलिस ने किया शव बरामद

**बरही ।** बसरिया ऊर्फ पंचमाधव पंचायत की 60 वषीर्या दिलिया देवी पति प्रयाग महतो का तालाब में डूबने से मौत हो गई है. जानकारी के अनुसार महिला शनिवार को नहाने के लिए तालाब गई जो लौट कर घर नहीं आई. परिजनों ने काफी खोज नहीं मिलने पर रविवार को बरही थाना को सूचित किया. सोमवार की सुबह तालाब के पास आ महिला का चप्पल और कपड़ा बरामद किया गया. काफी खोज बिन के बाद तालाब से महिला का शव बरामद किया गया. जिसे पुलिस ने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया.

### सजगता से अपराध पर रोकथाम को लेकर बेरमो पुलिस ने की अपील

**फुसरो।** इन दिनों बेरमो के विभिन्न थाना क्षेत्र में खासकर चोरी की घटनाएं काफी बढ़ गई है। ऐसे में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बेरमो रोहित कुमार सिंह की ओर से जनता से अपील की गई है। कहा गया है कि सजगता-सतर्कता व सुरक्षा से एक बेहतर समाज का निर्माण हो सकता है।

# दुमका में डाक कर्मचारी ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता। दुमका** जिले में एक डाककर्मी ने आत्महत्या कर ली. बताया जा रहा है कि 24 वर्षीय एक डाककर्मी राकेश महता ने अपने किराये के मकान में खुदकुशी कर ली. यह घटना रविवार की देर शाम की है. डाककर्मी दुमका शहर के रसिकपुर सोनुवाडंगाल मोहल्ले में रह रहा था. घटना की जानकारी पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. वहीं, घटना को लेकर मामला दर्ज कर लिया गया है. हालांकि अभी आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है.

**बोकारो का रहने वाला था मृतक :** डाक कर्मी मूल रूप से बोकारो जिला के चास थाना अंतर्गत दुधरी टोला गांव का निवासी था. वह वर्तमान में दुमका के सदर प्रखंड के कोरैया गांव स्थित पोस्ट ऑफिस में पदस्थापित था. आत्महत्या करने के कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है और न ही पुलिस को मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट मिला है.

**घटना की छानबीन में जुटी पुलिस :** घटना की खबर मिलने पर दुमका एसडीपीओ विजय कुमार महतो, नगर थाना प्रभारी अमित लकड़ा के अलावा अन्य कई पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और छानबीन करने में जुट गए. पुलिस के मुताबिक, घटनास्थल की वीडियोग्राफी की गई और फिंगर एक्सपर्ट को बुलाया गया. वीडियो रिकॉर्डिंग के बाद ही शव को नीचे उतारा गया. पुलिस का कहना है कि घटना की जानकारी उसके परिजनों को भी दे दी गई. सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा. परिजनों से पूछताछ और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले में कुछ स्पष्ट हो पाएगा.

## पाकुड़ पुलिस ने अंतरराज्यीय छिनतई गिरोह का किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। पाकुड़** जिला पुलिस ने अंतरराज्यीय छिनतई गिरोह का उद्भेदन करने में सफलता हासिल की है. पुलिस ने पाकुड़ और निकटवर्ती पश्चिम बंगाल में छिनतई की घटना को अंजाम देने वाले शातिर अपराधी गुड्डू मंडल को गिरफ्तार किया है. पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने पत्रकार सम्मेलन कर बताया कि नगर थाना क्षेत्र में छिनतई की दो वारदातों में शामिल बिहार के कटिहार के रहने वाले अपराधी गुड्डू मंडल को गिरफ्तार कर लिया गया है. जबकि घटना में एक अन्य राजेश कुमार साह की भी संलिप्ताता स्वीकारी है, जो भागलपुर का रहने वाला है.

पाकुड़ पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि पकड़े गए अपराधी के खिलाफ पश्चिम बंगाल के भक्तिनगर और इंग्लिश बाजार थाना में भी कई मामले दर्ज हैं. गिरफ्तार अपराधी को न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया. न्यायालय से रिमांड में लेकर विस्तार से पूछताछ की जाएगी ताकि अन्य आपराधिक घटनाओं की जानकारी मिल सके. एसपी ने बताया कि इस कांड का उद्भेदन अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दयानंद आजाद के नेतृत्व में की गयी. एसपी ने जिलावासियों से ऐसे लोगों से सावधान रहने की अपील की है. उन्होंने बताया कि कुरियर सर्विस, जेवर सफाई के नाम पर घर पर आते हैं तो उसके साथ ज्यादा बाते न करें और न ही घर के अंदर घुसने दें. अगर ऐसे अनजान लोग आते हैं और मकान में घुसने का प्रयास करते हैं या फिर लोभ लालच देते हैं तो इसकी सूचना निकटवर्ती थाने को दें ताकि ऐसे अपराधी पर पुलिस कार्रवाई कर सके.

> *एसपी ने लोगों से अपील की है कि कुरियर सर्विस, जेवर सफाई के नाम कोई घर पर आते हैं तो उसके साथ ज्यादा बातें न करें और न ही घर के अंदर घुसने दें*

## न्यूज | बॉक्स

### बाइक सवार वृद्ध पुलिया के नीचे गिरा, घटनास्थल पर हुई मौत



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के मासीपीढी - तुईयो मार्ग में अनियंत्रित बाईक सवार एक वृद्ध व्यक्ति की पुलिया के नीचे गिर जाने से मौके पर ही मौत हो गई। व्यक्ति की पहचान नारायण पंडित 55 वर्ष, पिता स्व लछु पंडित के रूप में की गई। राहगीरों ने बताया कि मृतक अपने मोटरसाइकिल संख्या खल 02 ल्र 7854 लुना बाईक से बरकट्ठा से अपने घर बेडोकला की ओर जा रहा था इसी दौरान बाइक अनियंत्रण हो जाने से वह बाईक समेत दस फीट नीचे गहरे पुलिया में गिर गया,जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई।घटना के बाद मौके पर पहुंची ग्रामीणों के सहयोग से शव को पुलिया के नीचे से बाहर निकाला गया। तत्पश्चात घटना की सूचना बरकट्ठा थाना को दी गई। मौके पर पहुंची बरकट्ठा पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया।

### अबुआ आवास के लिए पैसा लगेगा, पंस-मुखिया व बीडीओ को देना पड़ता है




**नावाडीह।** झारखंड सरकारी की अति महत्वाकांक्षी अबुआ आवास के लिए लाभुकों से नजराना लिए जाने की शिकायत आती रही है। इस बार नावाडीह प्रखंड के लौह नगरी भेंडरा पंचायत निवासी शांति देवी (पति स्व नारायण विश्वकर्मा) ने बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम को लिखित शिकायत देकर उन बातों का उल्लेख किया है जिससे सब चकित हो गए हैं। महिला ने कहा कि वार्ड संख्या तीन की सदस्या के पति उत्तम चौरसिया पर मेरे घर आकर कहा कि आपका अबुआ आवास आया हुआ है। इसलिए जल्दी से 5 हजार रुपये चाहिए। यह पैसा पंचायत सचिव, मुखिया और बीडीओ को देना पड़ता है, बाद में 35 हजार रुपये और देने होंगे। महिला ने कहा कि ऐसे में इधर-उधर से कर्ज लेने की कोशिश की परंतु नहीं मिला। तब जाकर अबुआ आवास के लिए मेरा नाम काट कर किसी अन्य का कर दिया गया। महिला ने कहा कि मैं एक विधवा महिला हूं और मेरा एक पुत्र है जो गांव में मजदूरी का काम करता है जिससे घर चलता है। मेरा घर काफी जर्जर है और बरसात में पूरा पानी भर जाता है। अबुआ आवास नहीं मिलने पर मंत्री बेबी देवी व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर शिकायत करूंगी। वहीं गांव के एक समाजसेवी ने आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है कि भेंडरा में 64 अबुआ आवास इस बार आवंटन हुआ है। प्रत्येक आवास के लिए 10-10 हजार रुपये की वसूली वरीय अधिकारी के नाम पर की जा रही है।

### गणेश चतुर्थी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ भंडारा का आयोजन

**गुवा ।** गुवा के योग नगर में संरक्षिका कमेटी सीआईएसफ यूनिट गुवा की ओर से आयोजित गणेश चतुर्थी पर रविवार देर शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ भंडारा का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के पूर्व औद्योगिक केंद्रीय सुरक्षा बल के डिप्टी कमांडेड रोहित सहारे तथा संरक्षिका कमेटी सीआईएसफ यूनिट गुवा एवं गुवा सेल के मुख्य महाप्रबंधक कमल भाष्कर के ने संध्या महाआरती किया। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं एवं बच्चों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किया। उसके बाद भंडारा का आयोजन किया गया। इस भंडारे में खीर, पूड़ी,सब्जी बैठाकर भोजन कराया गया। इस मौके पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों के साथ संरक्षिका कमेटी सीआईएसफ यूनिट गुवा की महिलाओं तथा सेल के अधिकारियों व स्थानीय लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

### आंगनबाड़ी सेविका सहायिका का एक दिवसीय धरना आज

**बरही ।** झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका कर्मचारी संघ के बैनर तले समाहरणालय परिसर में आज मंगलवार को जिले के सभी सेविका व सहायिका एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे. उक्त जानकारी बरही आंगनबाड़ी संघ की प्रखंड अध्यक्षा शोभा देवी ने दी. उन्होंने बताया कि जिलाध्यक्ष रेखा देवी के निदेर्शानुसार यह कार्यक्रम तय किया गया है. संघ ने अपने पांच सूत्री मांगों को लेकर पूर्व में ही जिला प्रशासन को सूचित किया था. जिस पर निर्धारित अवधि के अंदर विचार करने की बात कही गई थी. परंतु निर्धारित समय के बाबजूद भी कोई विचार नहीं किया गया. मजबूरन संघ ने सांकेतिक रूप से एक दिवसीय धरना का आयोजन किया है. पांच सूत्री मांग में सेविका व सहायिका का स्थायीकरण और जन तक स्थाई नहीं होता है।

# लोबिन हेंब्रम के भाजपा में शामिल होने के बाद पार्टी के अंदर ही उठने लगे विरोध के स्वर





**नवीन मेल संवाददाता। गोड्डा** झारखंड की राजनीति में खास तौर पर संथाल परगना की जिस सीट के लिए सबसे अधिक माथापच्ची हो रही है वो सीट है बोरियो विधानसभा सीट. बोरियो सीट के लिए इंडिया ब्लॉक और एनडीए दोनों तरफ उहापोह की स्थिति है. ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि टिकट की घोषणा होते ही दोनों खेमे में भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो सकती है. झामुमो के दिग्गज विधायक लोबिन हेंब्रम के भाजपा में शामिल होने के बाद अब सवाल उठने लगे हैं कि जो भाजपा से बोरियो विधानसभा सीट से चुनाव लड़ते थे उनका रूख क्या होगा. राजनीतिक पंडितों का अनुमान है कि ऐसे नेता के पास दो विकल्प हैं. या तो वे निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे या फिर अन्य दल में शामिल हो जाएंगे. कमोबेश ऐसी ही हालत झामुमो में भी है. क्योंकि झामुमो से भी कई दावेदार दौड़ में शामिल हैं.

### सूर्या ने वीडियो जारी कर जताया विरोध

वहीं भाजपा नेता सूर्या हांसदा ने वीडियो जारी कर कहा है कि लोबिन 30 साल से विधायक रहे हैं और मंत्री भी रहे हैं, लेकिन उन्होंने क्षेत्र के लिए किया ही क्या है. साथ लोबिन लगातार अपनी ही पार्टी की नीति पर सवाल खड़े करते रहे हैं. इतना ही नहीं उन्होंने कहा है कि भाजपा में शामिल होने के बाद लोबिन को संथाल में बांग्लादेशी घुसपैठ दिख रहा है. उन्होंने जारी वीडियो में लोबिन पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं.

पत्रकार नागमणि बताते हैं कि लोबिन हेंब्रम भाजपा में टिकट मिलने की शर्त पर गए होंगे. ऐसे में पिछले चुनाव में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुके भाजपा नेता सूर्या हांसदा क्या करेंगे.

### विधिक सशक्तीकरण शिविर में लोगों को किया गया जागरूक

**बरकट्ठा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार प्रखंड मुख्यालय सभागार में विधिक सशक्तिकरण शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अधिवक्ता सह मीडिएटर व्यवहार न्यायालय हजारीबाग अजीत कुमार,प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशमा डुंगडुंग,अंचल अधिकारी श्रवण कुमार झा,शिक्षा प्रसार पदाधिकारी किशोर कुमार,अंचल निरीक्षक सुरेंद्र पासवान,उपप्रमुख प्रतिनिधि उत्तीम महतो,बी एफ टी दिलीप दास,प्रखंड समन्वयक राधेश्याम यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर अंचल अधिकारी के द्वारा राजस्व से संबंधित तमाम जानकारियां दी गई। वहीं व्यवहार न्यायालय से अजीत कुमार ने समाज में फैल रहे कुरूतियों से बचने के लिए कानूनी जानकारियां दी। साथ ही प्रखंड और अंचल से मंईयां सम्मान योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन का स्वीकृति पत्र, आय जाति, आवासीय, भूमि प्रतिवेदन, आठवीं कक्षा की छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम में ऑपरेटर संतोष यादव, किशोर प्रसाद, महेश प्रसाद समेत अंचल और प्रखंड कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित थे।

### धूम- धाम से मनाया गया सशस्त्र सीमा बल की 35 वाहिनी का 18 वां स्थापना दिवस



**गिरिडीह।** सशस्त्र सीमा बल की 35 वाहिनी का 18 वां स्थापना दिवस सोमवार को बड़े ही धूम- धाम से मनाया गया। इसको लेकर 35वीं वाहिनी एसएसबी ई समवाय तिसरी कैम्प में कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिसमें कई जनप्रतिनिधि और आस - पास के गणमान्य भी शामिल हुए। बताया गया कि 35 वीं वाहिनी एसएसबी गिरिडीह के कमाडेंट संजीव कुमार के निर्देश पर ई समवाय तिसरी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान इंस्पेक्टर पार्थ घोष और सब इंस्पेक्टर ओमप्रकाश मीणा ने इस क्षेत्र में एसएसबी द्वारा किए गए कार्यों के विषय में बतलाया। साथ ही एसएसबी के जवानों को मोटिवेट किया। वहीं भंडारी मुखिया पिंकेश सिंह ने भी एसएसबी के कार्यों की सराहना की। इसके अलावा जवानों और गणमान्य के लिए बड़े खाने का आयोजन भी किया गया था। इस दौरान जवानों में उत्सव का माहौल रहा। मौके पर रवि राय, जानकी यादव, जयराम प्रसाद, के पुरुषोत्तम समेत कई जवान मौजूद थे।

### गोला बम ब्लास्ट मामले में प्राथमिकी दर्ज

**गावां गिरिडीह।** गावां थाना क्षेत्र के गदर में झोपड़ी में हुए ब्लास्ट मामले में गावां थाना में कांड संख्या 92/2024 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। घटना के सम्बंध में बता दें कि रविवार को गदर पावरप्लांट के पास लगाए गए झोपड़ी में अचानक ब्लास्ट होने से पिता पुत्र घायल हो गया था। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल भेज दिया गया था। थाना प्रभारी महेश चंद्र ने बताया कि गुलगुलिया परिवार के कुछ लोग झुग्गी झोपड़ी लगाकर गदर के पास रह रहे थे। ये लोग घूम घूमकर दवा बेचने का काम करता था। वहीं जंगली जानवरों को मारने के लिए गोला बम बनाकर झोपड़ी में रखे हुए था जिसपर बच्चे का पैर पड़ जाने से ब्लास्ट हो गया था। जिसमें पिता मजिन पारधी व इसका 2 वर्षीय पुत्र अजिन पारधी घायल हो गया था।

# तिसरी के पलमरुआ में दो ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी** गिरिडीह जिले के तिसरी थाना क्षेत्र के पलमरुआ पंचायत मेंआत्महत्या करने का दो अलग - अलग मामला प्रकाश में आया है. एक मामले में पति ने कुएँ में कूदकर आत्महत्या की जबकि दूसरे मामले में पत्नी ने फंदे से झूलकर जान दे दी। पहली घटना रविवार की रात 10 बजे की है, एक व्यक्ति पत्नी से विवाद होने के कारण उसी वक़्त कमरे से निकलता है और घर से कुछ ही दुरी पर स्थित कुएँ में छलांग लगा देता है जिससे उसकी मौत हो जाती है. मृतक पलमरुआ निवासी स्व. राजेंद्र पंडित का 26 वर्षीय पुत्र राहुल पंडित था. मिली जानकारी के अनुसार राहुल बाहर रहकर काम करता था. वह एक माह पहले ही घर आया था. इसी बीच रविवार की रात किसी बात को लेकर राहुल और उसकी पत्नी के बीच विवाद हो गया. जिसके बाद राहुल ने घर से निकलकर कुछ दूरी पर स्थित कुएं में छलांग लगा दी. हो - हल्ला होने पर आस-पास के लोग जुटे और राहुल को किसी तरह कुएं से बाहर निकाला गया.जिसके बाद उसे आनन - फानन में एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिसरी लाया.जहाँ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया.घटना के बाद उसकी पत्नी द्वारा अपने बच्चे के साथ कहीं चले जाने की भी बात कही जा रही है. वहीं दूसरी घटना पलमरुआ पंचायत के ही सठनाल गांव की है। जहाँ एक विवाहिता ने बंद कमरे में फंदे से झूल जान दे दी। मृतका सठनाल के मो. आरिफ की पत्नी रुखसार खातून थी। मिली जानकारी के अनुसार बरमसिया के औराटांड के रहने वाले उल्फत अंसारी की पुत्री रुखसार का विवाह 3 माह पहले ही सठनाल के मो. कल्लू के पुत्र मो.आरिफ से हुआ था। शादी के कुछ दिन बाद मो.आरिफ काम करने हैदराबाद चला गया। इसी बीच सोमवार की दोपहर उसकी पत्नी रुखसार ने बंद कमरे में फंदे से झुलकर जान दे दी। वहीं तिसरी पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया।

## जमशेदपुर कल्याण समिति ने की जनता मांगे हिसाब अभियान की शुरूआत




**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर** जमशेदपुर कल्याण समिति के अध्यक्ष शंभू चौधरी ने बिष्टूपुर माइकल जॉन प्रेक्षागृह में सम्मेलन कर जमशेदपुर पश्चिम की जनता मांगे हिसाब नामक अभियान की शुरूआत की। पूर्व विधायक प्रत्याशी शंभू चौधरी ने समिति के मिशन 2024 के तहत जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा के पदाधिकारियों के सम्मेलन के बहाने न केवल शक्ति प्रदर्शन किया, बल्कि जनता से समर्थन भी मांगा। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सबसे पहले उन्होंने आभार जताया। कहा कि स्थानीय विधायक बन्ना गुप्ता ने पांच साल तक जनता को केवल ठगने का काम किया है। चुनाव नजदीक आने पर पिलर का शिलान्यास कर रहे हैं। सम्मेलन में समिति के मिशन 2024 के अध्यक्ष पप्पू सिंह और पवन सिंह युवा अध्यक्ष चुने गए। दोनों ने अध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी मजबूती के साथ पेश की। विवाद गहराने पर शंभू चौधरी के नेतृत्व में 11 सदस्यीय टीम ने निर्णय लिया। सम्मेलन को बीडी राव, राम बालक सिंह, एके सिंह आदि ने भी संबोधित किया।


**Jharkhand Industrial Infrastructure Development Corporation Limited (JIIDCO)**

(A Govt. of Jharkhand Undertaking)

5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi – 834001 (Jharkhand)

e-mail- jiidcoltd@gmail.com www.jiidco.co.in Phone no. 0651-3512851

CIN U45208JH2004GOI011078 Letter no.-566 Dated-09.09.2024

**SHORT NOTICE INVITING TENDER (5th Call)**

(through e-procurement mode only-www.jharkhandtenders.gov.in) NIT No.- JIIDCO/15/2024-25

Designation and Address of the Advertiser:- Executive Engineer, Office of M.D.JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001

1. Mode of submission of tender :- Online through www.jharkhandtenders.gov.in
2. Publishing on website :- Date 13.09.2024
3. Period downloading of Bidding Documents:- Date 13.09.2024 up to 19.09.2024 Time 3.00 P.M.
4. Bids online submission :- Date 13.09.2024 up to 19.09.2024 Time 3.00 P.M.
5. Bid opening date (Technical) :- Date 20.09.2024 Time: 3.30 P.M.
6. Details of works:-

| Bid No. | Name of work | Estimate Cost (Rs.) | Amount of Earnest money (Rs.) | Cost of BOQ (Non-refundable in Rs.) (Inclusive GST) | Time of completion of work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Remaining work of Lah Processing Unit at Bundu Ranchi | 84,49,765.00 | 1,69,000.00 | 11,800.00 | 03 Months |

7. Tender fee (non-refundable) & EMD is to be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of Tender fee Alternatively, Bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from http://jharkhandtenders.gov.in. portal.
Refund will only be issued to Originated bank account used for the payment of EMD. So, bidders are advised NOT to close the above Bank Account used for online payment NEFT/RTGS of EMD.
No Hardcopy/Physical copy is required to be submitted for tender opening/evaluation. However, Department may ask original documents for verification before award of contract.
8. Bid Validity :- 180 days
9. Place of opening of Technical Bid :- Office of M.D. JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001
10. For any information/complaints the department helpline no. M.b.no. 7004785102 may be contacted.
11. Further details can be seen on website- www.jharkhandtenders.gov.in.
12. Any Corrigendum or Addendum will be notified in website:- www.jharkhandtenders.gov.in only.

**Note: (i) Any change can be seen on website** www.jharkhandtenders.gov.in
**(ii) Any other information can be seen on** www.jharkhandtenders.gov.in
(iii) **The estimated cost mentioned above in sl. No.6 column no. 3 is approximate which may be increased or decreased.**

PR 335205 Jharkhand Industrial Infrastructure Dev Co Ltd(24-25)D **Sd/- Executive Engineer JIIDCO Ranchi**



**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**

**(CIN: U40108JH2013SGC001702)**

**Regd. Office:- Engineering Building, HEC, Dhurwa, Ranchi–834004.**

**fax # 0651-2400483 e-mail : cesp.jseb@rediffmail.com**

**Short E-Tender Notice**

Limited short e-tender for successful bidders only against EoI 492/PR/JBVNL/2023-24 dated 20.02.2024 is invited for selection of Agency for Preparation of DPR, Drawings & Estimates for conversion of whole overhead Distribution Network (including LT, 11KV and 33 KV line) of Ranchi city, Jharkhand into Underground Distribution Network.

| Sl. No. | NIT No. | Description | Estimated Project cost | EMD | NIT Document Cost in Rs (Including GST) | Start date of Down-loading/ Sale of NIT Document | Last Date of sale of tender & submission of Tender Document | Date of Opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 138/PR /JBVN L/24-25 | Selection of Agency for Preparation of DPR, Drawings & Estimates for conversion of whole overhead Distribution Network (including LT, 11KV and 33 KV line) into Underground Distribution Network for Ranchi city, Jharkhand | 6.00 Cr. | 12 lac | Rs. 11,800/- | 10.09.2024 03:00PM | 24.09.2024 up to 06:00 PM | 26.09.2024 at 03:00 PM |

Further details against the above Tender can be obtained from website http:jharkhandtenders.gov.in and may be contacted on Mobile No. 9431135511/9006819264 NIC helpline No. 0651-2400178. Submission of bid document fee and EMD will be accepted through online mode only and it's receipt should be submitted to the office of undersigned on or before 24.09.2024 at 06:00PM.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
GM (DN)
JBVNL

PR 335186 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25).D

## संपादकीय

# क्षमा और त्याग का दर्शन

वैश्विक उपलब्धियों के आधार पर विश्व में अपना वर्चस्व रखने वाले देश भी भारत को आज भी जिन कारणों से सम्मान की दृष्टि से देखते हैं वह है इसका शांति और संतोष का संदेश। जैनधर्म की त्याग प्रधान संस्कृति में पर्युषण पर्व का अपना अपूर्व एवं विशिष्ट आध्यात्मिक महत्व है। यह एकमात्र आत्मशुद्धि का प्रेरक पर्व है। इसीलिए यह पर्व ही नहीं, महापर्व है। संपूर्ण जैन समाज इस पर्व के अवसर पर जागृत एवं साधनारत हो जाता है। आठ दिनों की कठोर साधना के बाद मैत्री दिवस का आयोजन होता है। पर्युषण पर्व का हृदय है-क्षमापना दिवस जिसे मैत्री दिवस भी कहते हैं। इस दिन अपनी भूलों या गलतियों के लिए क्षमा मांगना एवं दूसरों की भूलों को भूलना, माफ करना, यही इस पर्व को मनाने की सार्थकता सिद्ध करता है। यदि कोई व्यक्ति इस दिन भी दिल में उलझी गांठ को नहीं खोलता है, तो वह अपने सम्यग्दर्शन की विशुद्धि में प्रश्न चिन्ह खड़ा कर लेता है। क्षमायाचना करना, मात्र वाचिक जाल बिछाना नहीं है। परंतु क्षमायाचना करना अपने अंतर को प्रसन्नता से भरना है। बिछुड़े हुए दिलों को मिलाना है, मैत्री एवं करुणा की स्रोतस्विनी बहाना है मैत्री पर्व का दर्शन बहुत गहरा है। मैत्री तक पहुंचने के लिए क्षमायाचना की तैयारी जरूरी है। क्षमा लेना और क्षमा देना मन परिष्कार की स्वस्थ परंपरा है। क्षमा मांगने वाला अपनी कृत भूलों को स्वीकृति देता है और भविष्य में पुनः न दुहराने का संकल्प लेता है जबकि क्षमा देने वाला आग्रह मुक्त होकर अपने ऊपर हुए आघात या हमलों को बिना किसी पूर्वाग्रह या निमित्तों को सह लेता है। क्षमा ऐसा विलक्षण आधार है जो किसी को मिटाता नहीं, सुधरने का मौका देता है। भगवान महावीर ने कहा-ह्यअहो ते खंति उत्तमा-क्षांति उत्तम धर्म है। तितिक्खं परमं नच्चा-तितिक्षा ही जीवन का परम तत्व है, यह जानकर क्षमाशील बनो। पयुर्षण महापर्व से जुड़ा मैत्री पर्व मानव-मानव को जोड़ने व मानव हृदय को संशोधित करने का पर्व है, यह मन की खिड़कियों, रोशनदानों व दरवाजों को खोलने का पर्व है, जो एकाग्रता एवं एकांत आध्यात्मिक जिज्ञासाएं जगाकर एक समृद्ध एवं अलौकिक अनुभव तक ले जाता है। इस भीड़भाड़ से कहीं दूर सबसे पहली जो चीज व्यक्ति इस पर्युषण की साधना से सीखता है वह है -अनुशासनयुक्त मैत्रीमय जीवन। यह विलक्षण साधना तनावमुक्ति का विशिष्ट प्रयोग है जिससे शरीर को आराम मिलता है, अपने आपको, अपने भीतर को, अपने सपनों को, अपनी आकांक्षाओं तथा उन प्राथमिकताओं को जानने का यह अचूक तरीका है, जो घटना-बहुल जीवन की दिनचर्या में दब कर रह गयी है। इस दौरान परिवर्तन के लिये कुछ समय देकर हम अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकते हैं तथा साथ ही इससे अपनी आंतरिक प्रकृति को समझ सकते हैं, उसे उन्नत एवं समृद्ध बना सकते हैं। भगवान महावीर ने क्षमा यानि समता का जीवन जीया। वे चाहे कैसी भी परिस्थिति आई हो, सभी परिस्थितियों में सम रहे। ह्यह्यक्षमा वीरो का भूषण है-महान व्यक्ति ही क्षमा ले व दे सकते हैं। पर्युषण पर्व क्षमा के आदान-प्रदान का पर्व है। इस दिन सभी अपनी मन की उलझी हुई ग्रंथियों को सुलझाते हैं, अपने भीतर की राग-द्वेष की गांठों को खोलते हैं वह एक दूसरे से गले मिलते हैं। पूर्व में हुई भूलों को क्षमा के द्वारा समाप्त करते हैं व जीवन को पवित्र बनाते हैं। पर्युषण महापर्व का समापन मैत्री दिवस के साथ होता है। अहिंसा और मैत्री के द्वारा ही शांति मिल सकती है। आज जो हिंसा, युद्ध, आतंक, आपसी-द्वेष, नक्सलवाद एवं भ्रष्टाचार जैसी ज्वलंत समस्याएं न केवल देश के लिए बल्कि दुनिया के लिए चिंता का बड़ा कारण बनी हुई है और सभी कोई इन समस्याओं का समाधान चाहते हैं।

> **भगवान महावीर ने क्षमा यानि समता का जीवन जीया। वे चाहे कैसी भी परिस्थिति आई हो, सभी परिस्थितियों में सम रहे। क्षमा वीरो का भूषण है- महान व्यक्ति ही क्षमा ले व दे सकते हैं।**

# आत्महत्या समस्या का हल नहीं, कमजोरी है



डॉ. प्रितम भि. गेडाम

आत्महत्या कभी भी, किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि आत्महत्या एक अपराध है। समस्याओं से भागना कमजोरी है, सभी प्राणियों में सबसे बुद्धिमान मनुष्य है, लेकिन पूरी दुनिया में मनुष्य के अलावा कोई भी जानवर या जीव आत्महत्या नहीं करता। जब एक प्राणी भी अपने जीवन के अंत तक संघर्ष करता है, तो आज के आधुनिक समाज में सुविधा संपन्न व्यक्ति आत्महत्या क्यों करता है, यह पूरी तरह से अनुचित है। जीवन में हर व्यक्ति का संघर्ष दूसरों को बेहतर जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है। असफलता हमें सिखाती है कि क्या नहीं करना चाहिए। दुख है तो सुख भी है, नफरत है तो प्रेम भी है, असत्य है तो सत्य भी है, बुराई है तो अच्छाई भी है। हर दिन एक जैसा नहीं होता, परिवर्तन संसार का नियम है। पशु-पक्षी, जीव-जन्तु कभी निराश नहीं होते, जब तक जीवन है, तब तक काम करते हैं, जब वे कठिनाइयों का सामना करते हैं तो उनकी मदद करने वाला तक कोई नहीं होता।




आत्महत्या से वैश्विक स्तर पर हर साल 7 लाख से अधिक मौतें होती हैं। आत्महत्या से घर परिवार, समुदाय पर गहरा प्रभाव पड़ता है। घर के किसी व्यक्ति के जाने के बाद उसकी कमी कोई पूरी नहीं कर सकता। आत्महत्या से परिवार के लोगो को आर्थिक, मानसिक, सामाजिक पीड़ा सहनी पड़ती है। इस साल 2024 से 2026 तक के लिए 'विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस' का त्रिवार्षिक थीम 'बातचीत शुरू करने' के आह्वान के साथ 'आत्महत्या पर कथा बदलना' है। इस थीम का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और आत्महत्या की रोकथाम के बारे में खुली बातचीत को प्रोत्साहित करना है। चुप्पी और कलंक की संस्कृति से खुलेपन, समझ और समर्थन की संस्कृति में बदल सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार, जितने लोग आत्महत्या करते है उससे 20 गुना अधिक लोग आत्महत्या का प्रयास करते हैं, दुनिया में औसतन हर 40 सेकंड में आत्महत्या से एक मौत और हर 3 सेकंड में एक आत्महत्या का प्रयास है।

**राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के आधार पर छात्र आत्महत्या** : भारत में फैलती महामारी रिपोर्ट 2024 अनुसार, हर साल आत्महत्याओं में 2 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है और चौंकाने वाली बात है कि छात्र आत्महत्याओं में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुयी है। दुनिया में सबसे ज्यादा आत्महत्याएं भारत में होती हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में 171,000 लोग आत्महत्या से मर गए, जिसमें 2021 की तुलना में 4.2% की वृद्धि और 2018 की तुलना में 27% की वृद्धि दर्ज की गई। एक लाख पर आत्महत्या की दर 12.4 हो गई है, जो बहुत अधिक है। 2022 में देश में 1.7 लाख आत्महत्या से होने वाली मौतों में से 13.3% के साथ, महाराष्ट्र राज्य देश की आत्महत्या राजधानी के रूप में शीर्ष पर है। महाराष्ट्र राज्य के राहत और पुनर्वास विभाग की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल महाराष्ट्र राज्य में 2,851 किसानों ने वित्तीय संकट के कारण आत्महत्या करके अपनी जान दे दी। 2022 में यह संख्या बढ़कर 2,942 हो गई, जबकि 2021 में यह 2,743 थी।




सरकारी अधिकारियों की गलतियों, लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण कई दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें हमेशा जान-माल की हानि होती है, ऐसी दुर्घटनाओं में हर साल बड़ी संख्या में लोग मारे जाते हैं, फिर भी दोषी अधिकारी ये अपराधी होकर भी आत्मग्लानि में नहीं जलते और आत्महत्या नहीं करते, फिर हम क्यों छोटी-छोटी बात पर अपना आपा खो देते है। मनुष्य की बुराइयों ने आज जीवन को कठिन बना दिया है, क्योंकि मनुष्य के लालच और स्वार्थ ने समस्याएं पैदा कर दी हैं। झूठा दिखावा, लोगों से अत्यधिक अपेक्षाएं या ज्यादा भरोसा, घमंड, नशे की लत, संस्कार की कमी, गलत संगत, कथनी-करनी में अंतर, अनियंत्रित भावनाएं, मेहनत की कमी, आलस्य, कमजोर महसूस करना, जल्दी हार मानना, संतुष्टि की कमी ये सब मानव निर्मित समस्याएं हैं, जो मृत्यु का कारण भी बनती है। जो जीत हासिल करना जानते है, उन्होंने ही दुनिया में इतिहास रचा है, क्योंकि उन्होंने संघर्ष किया है, अपना लोहा मनवाया है।

जिंदादिली का सबसे बड़ा उदाहरण हमारे देश के नेता हैं, हमें उनसे सीखना चाहिए कि हर कठिन परिस्थिति में सकारात्मक सोच कैसे रखनी चाहिए। चुनाव जीते-हारे, दलबदल, घोटालों का गंभीर आरोप लगे या उन पर केस हो, जेल जाना पड़े, मंत्रीपद छोड़ना पड़े, गठबंधन टूट जाए, प्रतिद्वंदियों से हाथ मिलाना पड़े, लेकिन नेता हमेशा तनाव को नियंत्रित रखते है, हर हाल में जनता को सकारात्मक वादे करते हैं और खुद भी स्वस्थ बने रहते हैं। चुनाव के दौरान वह बारिश और धूप में लगातार रैली करते है, यहां तक कि कम नींद लेकर भी अपनी ऊर्जा बनाये रखते है। उम्र का उन पर ज्यादा असर नहीं दिखता, वे हर दिन 12-14 घंटे व्यस्त रहते हैं। मुश्किल प्रसंग में भी आत्महत्या के बारे में नहीं सोचते, यह आदतें, व्यवहार, बातें हम सभी को सीखने की जरूरत है।

इंसानी जज्बे, बुलंद हौसले और जुनून की अनूठी मिसाल माउंटेन मैन दशरथ मांझी जो बिहार के ग्रामीण क्षेत्र के अतिसामान्य गरीब बुजुर्ग व्यक्ति, जिन्होंने अकेले लगातार 22 साल हथोड़े छेनी के मदद से पहाड़ काटकर रास्ता बनाया। लोग पहले उन्हें पागल कहते थे, लेकिन उन्होंने पूरी दुनिया में इतिहास रच दिया। धुप, बारिश, तूफान हर मौसम की चुनौतियों को पार कर एक वयोवृद्ध व्यक्ति ने असंभव को संभव बना दिया। जरा सोचकर देखो कि इन 22 सालों में उन्हें कितनी तकलीफें सहनी पड़ी होगी, लेकिन उनका लक्ष्य केवल एक था, वे अपने लक्ष्य से कभी विचलित नहीं हुए, न कभी हिम्मत हारी। इसे कहते है सकारात्मक सोच का जज्बा।

पैरालंपिक में दुनिया के दिव्यांग खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ कौशल दिखाते हैं और देश के लिए पदक जीतकर देश का मान बढ़ाते हैं। स्टीफन विलियम हॉकिंग जैसे कई वैज्ञानिकों ने अपनी विकलांगता को कमजोरी नहीं बनने दी, उन्होंने नई खोज कर इतिहास रचा है। मनुष्य को कभी भी अपने आप को कमजोर नहीं समझना चाहिए और ना ही कभी हार माननी चाहिए। इस अनमोल जीवन को खुशी से आखिरी सांस तक हर परिस्थिति में मुस्कुराते हुए जीना है। सारी दुनिया की दौलत खर्च करने के बाद भी हम एक पल की जिंदगी भी खरीद नहीं सकते। अनमोल जीवन का मूल्य समझें। छोटीसी चींटी भी बार-बार असफल होने के बाद भी प्रयास नहीं छोड़ती है, हार नहीं मानती, फिर से प्रयास कर सफल होती हैं, तो फिर कोई व्यक्ति आत्महत्या जैसा अपराध क्यों करता है? दुनिया में हमसे भी ज्यादा लोग संघर्ष करते है। गुस्से या आवेश में आकर जल्दबाजी में कभी कोई निर्णय न लें, खुशी या भावनाओं में बहकर कोई भी वादा न करें। कोई भी अनुचित निर्णय लेने से पहले उसके परिणाम, अपनों पर प्रभाव, भविष्य पर विचार करें। लोगों से ज्यादा उम्मीदें न लगाएं, झूठे दिखावे से बचें, अपनी मयार्दाओं को पहचानें। बच्चों को अच्छे-बुरे की समझ दें, बुजुर्गों और महिलाओं का आदर, कमजोरों की मदद, नशे से दूरी, संस्कार, न्याय और एकता की सीख बच्चों को बचपन से मिलनी चाहिए। हेल्दी हॉबी, परोपकारिता, व्यायाम, प्रकृति और पशुओं से प्रेम, समाज और देश के प्रति नैतिक जिम्मेदारी, अच्छे काम के लिए श्रमदान करने से हमें परिपक्वता, सुजान नागरिक और समाधानी बनने में मदद मिलती है। ऐसे दिनचर्या और जीवनशैली से हम हमेशा सुखद वातावरण का अहसास करते है, सकारात्मक विचारशक्ति बढ़ती है, तनाव मुक्त जीवन जीने का यह आसान तरीका है।

**(ये इनके निजी विचार हैं)**

## आप की बात

# सीएए पर भ्रम की राजनीति के निहितार्थ


सुरेश हिन्दुस्तानी

भारत में नागरिकता संशोधन अधिनियम के लागू होने के बाद एक बार फिर से राजनीतिक गुणा भाग का खेल प्रारंभ हो गया है। तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले राजनीतिक दल इस मामले में पूर्व नियोजित राजनीति ही कर रहे हैं। जबकि केंद्र सरकार की ओर से बार बार यह स्पष्ट किया जा रहा है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम नागरिकता देने वाला है, यह किसी की नागरिकता को समाप्त नहीं करेगा। इसके विपरीत केंद्र सरकार के प्रत्येक कदम का विरोध करने वाले राजनीतिक दल इसे भारतीय मुसलमानों के विरोध में उठाया गया कदम बताने का भ्रम पैदा करने वाला रवैया बता रहे हैं। यहां एक बात यह भी स्पष्ट करने वाली है कि इस अधिनियम में भारत के मुसलमान कहीं है ही नहीं, फिर क्यों इस अधिनियम में मनमाफिक निहितार्थ तलाश करने की राजनीति क्यों की जा रही है। क्या इस प्रकार की राजनीति देश को मजबूत बना सकती है, यकीनन नहीं। क्योंकि जिस देश में कुतर्क की राजनीति की जाती है, वहां भ्रम का वातावरण ही निर्मित होगा। देश के राजनीतिक दलों को चाहिए कि वह स्वच्छ और रचनात्मक राजनीति करके देश को शक्तिशाली बनाने का प्रयास ही करे। जहां तक भारतीय जनता पार्टी की बात है तो वह अपने एजेंडे से अलग कुछ भी नहीं कर रही है, नागरिकता का मुद्दा उसके लिए पहले से ही प्राथमिकता में रहा है। इतना ही नहीं अभी तक भाजपा नीत केंद्र सरकार ने जो निर्णय लिए हैं, उन सभी को लेकर ही वह जनता के पास गई और भाजपा को ऐसा करने के लिए ही समर्थन मिला। नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत यह भी स्पष्ट है कि इसमें बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के प्रताड़ित अल्पसंख्यक समाज को ही भारत की नागरिकता देने का प्रावधान किया है, इसके विपरीत इन देशों में मुसलमान बहुसंख्यक है। वे हिन्दू सहित अन्य गैर मुस्लिमों को प्रताड़ित करते रहते हैं। इसी प्रताड़ना के कारण ही वे अपने देश को छोड़ने के लिए मजबूर हो जाते हैं। इन प्रताड़ित लोगों के लिए किसी भी मुस्लिम देश में शरण नहीं मिलती। इसी कारण से भारत सरकार ने यह कदम उठाया है। जबकि इन देशों में मुस्लिमों को प्रताड़ित नहीं किया जाता।

**(ये इनके निजी विचार हैं)**

## सबकी बात

# आत्महत्या के बारे में बात करना बहुत जरूरी है, क्योंकि कुछ सालों में आत्महत्या के मामले तेजी से बढ़े हैं



डॉ. भूमिका सच्चर
(मनोवैज्ञानिक)

इसकी वजह उच्च स्तर का कॉम्पीटिशन, जो चाहे प्रोफेशनल ज़िंदगी में हो या फिर निजी, हर तरफ है। लोगों में तनाव की वजह भी यही है। आपतौर पर जो लोग तनाव से जूझ रहे होते हैं, उनके हावभाव दूसरों के सामने बिल्कुल समान रहते हैं। लेकिन बावजूद कुछ ऐसे संकेत हैं जिसकी मदद से लक्षणों को पहचान सकते हैं और उनसे बात कर उनके विचारों को बदलने की कोशिश कर सकते हैं।

## यह बताती है मनःस्थिति

- मरने की इच्छा या खुद को मारने की इच्छा के बारे में बात करना
- खालीपन या निराशा महसूस करने या जीने का कोई कारण न होने के बारे में बात करना
- उदास महसूस करना या यह महसूस करना कि किसी भी समस्या का समाधान नहीं है
- उसके अंदर बदलाव दिखना जैसे नींद में बदलाव, बोलने में बदलाव, चलने में बदलाव।
- असहनीय भावनात्मक या शारीरिक दर्द महसूस करना
- दूसरों पर बोझ बनने की बात करना
- परिवार और दोस्तों से दूर रहना
- महत्वपूर्ण संपत्ति दान करना
- मित्रों और परिवार को अलविदा कहना
- बहुत अधिक जोखिम उठाना जिससे मृत्यु हो सकती है, जैसे कि बहुत तेज गति से वाहन चलाना
- अक्सर मौत के बारे में बात करना या सोचना





## बोधि वृक्ष

**यदि आप अपना मानसिक प्रतिज्ञापन जारी रखते हैं, तथा और भी अधिक गहराई में जाते हैं, तो आपको बढ़ती हुई प्रसन्नता और शांति के बोध का अनुभव होगा।**

# प्रतिज्ञापन और प्रार्थना की शक्ति


श्री श्री परमहंस योगानंद

जब तक कि आप यह अनुभव न कर लें कि आपने गहरी, अटूट एकाग्रता प्राप्त कर ली है -एकाग्रता प्राप्त कर ली है -अचेतनता नहीं, अपितु अवरोध रहित विचार की गहरी निरन्तरता। यदि आप अपना मानसिक प्रतिज्ञापन जारी रखते हैं, तथा और भी अधिक गहराई में जाते हैं, तो आपको बढ़ती हुई प्रसन्नता और शान्ति के बोध का अनुभव होगा। गहरी एकाग्रता की अवस्था में, अधिक सुदृढ़ शक्ति के साथ आपके चेतन मन को आदत के नियम के द्वारा प्रभावित करने के लिए वापस आएगा। विशिष्ट उद्देश्यों के लिए प्रतिज्ञापनइस पुस्तक के प्रत्येक अध्याय के अन्त में दिए गए हैं। Scientific Heading Affirmations, व Metapjysical Meditation पुस्किाओं में और योगदा सत्संग पाठमाला में, परमहंस योगानन्दजी ने रोगमुक्ति, आत्म-सुधार, तथा भगवान के बोध में गहराई पाने के लिए सैकड़ों अन्य प्रतिज्ञापन प्रदान किए हैं। जब आप सदा बढ़ती हुई शान्ति का अनुभव करते हैं, उस समय आपका प्रतिज्ञापन अधिचेतना के क्षेत्र में और गहरा चला जाता है, और तब आपके चेतन मन को प्रभावित करने एवं आपकी इच्छाओं की पूर्ति करने के लिए भी, असीम शक्ति से आवेशित होकर वापस आता है। शंका न करें और आप इस वैज्ञानिक विश्वास के चमत्कार को देखेंगे। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X से




## अलग बात

# लुप्त हो गए विवाह के झारखंडी जहाज


केदारनाथ दास
लेखक

जहाज को बचपन का एक रोमांच माना जाता है। एक आम भारतीय जहाज को दुर्लभ मानता है और झारखंड जैसे पिछड़े और गरीब प्रदेश में इसके बारे में कहानियां ही सुनी जाती थीं। राजा महाराजाओं की बात अलग है आज भले अनेक झारखंडी स्वयं का जहाज खरीदने की स्थिति में हैं। हमें तो बस इतना ही पता है कि राईट बंधुओं ने जहाज का आविष्कार किया है और मध्यम या निम्न मध्यम वर्ग के लिए इसकी सवारी का आनंद एक बड़ा सपना बना रहता है। झारखंड के दक्षिणी भूभाग पर चले जाएं तो आप जहाज के इस आकर्षण को लेकर हैरान रह जाएंगे। यह हैरानी इसलिए होगी कि यहां के युवाओं के लिए यह सपना तो सदियों से यथावत है और यह तब से बना हुआ है जबसे न राईट बंधुओं का जन्म हुआ था और न आसमान में उड़ते जहाजों का कोई नामोनिशान ही था। बीते हुए कल की ही तो बात है जब हममें से प्रत्येक व्यक्ति के लिए इस रोमांच का संबंध उस सपने से होता था जिसे हम वैवाहिक संस्कार के तौर पर जानते हैं इसमें इस जहाज की अहम भूमिका हुआ करती थी। महज तीस चालीस पहले ग्रामीण परिवेश की सोलह श्रृंगारों से सजी किसी नववधु के लिए यही जहाज उसके सपनों का अंतिम लक्ष्य हुआ करता था। शायद राईट बंधुओं को भी यह पता नहीं होगा कि अति पिछड़ा समझा जाने वाले झारखंड का यह वन क्षेत्र और यहाँ के लोगों को तब से जहाज की जानकारी है जबसे पाश्चात्य देशों को इसकी कल्पना भी नहीं की थी। आज जहाज सजाकर बारात जाने की परंपरा विलुप्तप्राय हो चुकी है और इसके साथ साथ जहाज के पीछे दौड़ लगा रहे नंगे अधनंगे बच्चों की किलकारी और जहाज पर बैठे दुल्हे राजा के रोमांच का भी समापन हो चुका है परन्तु यह एक शाश्वत सत्य है कि झारखंड के इस क्षेत्र के लोग सदियों से जहाज लेकर ही बारात निकाला करते थे। शादी विवाह कोई नयी बात नहीं है और इसमें सजने वाले पालकी को भी इसी संदर्भ में लिया जा सकता है परन्तु झारखंड के इस भूभाग में पालकी की छटा कुछ अलग ही हुआ करती थी। ऐसा इसलिए कि अन्य जगहों में यह भले महज एक पालकी हुआ करती थी परन्तु महिनों तक महीन कारीगरी के बीच इसकी बेजोड़ बनावट और विशिष्ट सजावट के कारण इसे यहाँ 'जहाज' का सम्मान प्राप्त था। इसकी इस महत्ता का अनुमान सिर्फ इस एक तथ्य से लगाया जा सकता है कि सामान्य जनमानस के अनुसार बगैर दुल्हन के शादी समारोह हो जाएगा परन्तु बगैर जहाज के यह कतई संभव नहीं है! आधुनिकता की दौड़ में हमारा यह जहाज भी कहीं गुम होकर रह गया है। अब हमारा दूल्हे राजा ऐसे किसी पालकी पर सवाल होकर न अपने सपनों की रानी का ख्वाब देखता है और न कहीं इसका कोई अस्तित्व ही शेष रह गया है। यहाँ तक कि युवा होती नई पीढ़ी को तो शायद इसका आभास भी नहीं है कि तमाम विपन्नता के बावजूद सदियों तक हमने जहाज पर सवार होकर अपनी बारात सजाई थी। उल्लेखनीय है कि जनजातीय बहुल गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी और रांची क्षेत्रों में इसका स्वरूप थोड़ा अलग था पर परंपरा यही रही थी जो अब नेतरहाट के आसपास आदिम जनजातियों के बीच आज भी प्रचलित है जिसमें मनुष्य संचालित घोडा सवार भी शामिल है।

### प्राचीन काल में विवाह की पालकी को जहाज कहा जाता था



**(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए एसबीएम कर्मी

**सिमडेगा।** अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के एसबीएम और जेजेम कर्मी अब अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। एसबीएम-जेजेम कर्मी महासंघ के बैनर तले राज्यभर के जिला समन्वयक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, लेखापाल और ब्लॉक वाश कोर्डिनेटर गत 4 से 9 सितंबर तक असहयोग आंदोलन के तहत कार्य बहिष्कार कर रहे थे। जब उनकी मांगों पर सरकार ने कोई पहल नहीं किया तो सभी 10 सितंबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए। संघ के अध्यक्ष ने इस बावत सभी को ज्ञापन देकर सूचना देते हुए कहा है कि पिछले 6 माह से संविदा विस्तार नहीं होने के कारण किसी को मानदेय नहीं दिया गया है जिससे जीना मुहाल हो गया है।

### राजस्थान के मंदिर के तर्ज पर श्रीरामजानकी मंदिर में होगा पंडाल निर्माण

**सिमडेगा।** शहर के श्री रामजानकी मंदिर परिसर में होनेवाली दुर्गा पूजा अपनी भव्यता के कारण प्रसिद्ध है। श्रद्धा भक्तिपूर्ण वातावरण भी यहां की विशेषता है। दुर्गा पूजा मनाने को लेकर मंदिर समिति के पदधारियों एवं सदस्यों में उत्साह देखा जा रहा है। पूजा को लेकर समिति के लोगों ने तैयारियां तेज कर दी है। पंडाल निर्माण से लेकर मूर्तिकार और लाईट वालों की बुकिंग की तैयारियां शुरू कर दी गई है। समिति के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने बताया कि इस वर्ष राजस्थान के मंदिर के तर्ज पर पंडाल निर्माण किया जाएगा। पंडाल को आकर्षक एवं भव्य बनाने के लिए भी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। उन्होंने बताया कि पूरे पंडाल को लाईट एवं फूलों से सजाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पंडाल के माध्यम से लोगों को एकजूट रहने एवं समाजिक सदभाव के साथ रहने का संदेश दिया जाएगा।

### जलडेगा के युवक की कर्नाटक में मौत परिवार में मातम

जलडेगा ।जलडेगा थाना क्षेत्र के टीनगिना निवासी मंगनू साय, पिता कृष्णा साय, उम्र 25 वर्ष, नामक एक युवक की कर्नाटक में मौत हो गई है। बताया गया युवक कर्नाटक के समुद्र में मछली मारने का काम करता था। अचानक तबियत बिगड़ने से युवक की मौत हो गई। घटना रविवार की है। इसकी जानकारी परिवार को मिल चुकी है, जिसके बाद परिवार वालों का रो - रो कर बुरा हाल है। बता दें कि मंगनू साय को शादी किए एक वर्ष हो चुका है, उसकी पत्नी 6 माह की गर्भवती है। परिवार की स्थिति को देखते हुए मांगनू बाहर काम करने चला गया था। मांगनू के अलावा परिवार में कोई काम करने वाला नही है। किसी तरह मेहनत मजदूरी कर के वो परिवार का भरण पोषण करता था।

### चौकीदार नियुक्ति में पैसे की मांग को लेकर ऑडियो वायरल, अपर समाहर्ता ने कहा

# मामले की होगी जांच दोषियों पर करेंगे कार्रवाई



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
उपायुक्त अजय कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपर समाहर्ता ने बताया कि जिले में चौकीदार के रिक्त पदों के लिए लिखित परीक्षा संपन्न हो गई है। अब सिर्फ शारीरिक जांच परीक्षा होना है.। शारीरिक जांच परीक्षा की तिथि जल्द घोषित होगी। लेकिन इसी बीच एक अभ्यर्थी और एक तथाकथित व्यक्ति जो मोटी रकम के एवज में चौकीदार नियुक्ति कराने का दावा कर रहे हैं। इन दोनो के बातचीत का ऑडियो वायरल हो रहा है। जिसके संबंध में अपर समाहर्ता ने सभी अभ्यर्थियों से सतर्क रहने की अपील की और कहा कि मेधा सूची के अनुसार ही नियुक्ति होगी। अतः किसी भी विचौलिये से सतर्क रहें और कोई ऐसे कहता वैसे के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराएं। सिमडेगा में होने वाली चौकीदार बहाली मामले में नियुक्ति दिलाने के नाम पर अभ्यर्थी से मोटी रकम डिमांड की ऑडियो वायरल होने के बाद जिला प्रशासन द्वारा आज प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर जानकारी दी गई। जिसमें अपर समाहर्ता ज्ञानेंद्र कुमार ने कहा कि इस मामले में जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि इसके पीछे जो भी अपराधी है उसके विरुद्ध विधि संवत कार्रवाई की जाएगी। अपर समाहर्ता ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि चौकीदार नियुक्ति मेरिट के आधार पर होगा। इसलिए किसी के द्वारा नियुक्ति के नाम पर पैसे मांगने पर थाना में एफआईआर दर्ज कराएं।मौके पर सामान्य शाखा प्रभारी पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, पंचायत राज पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## जन शिकायत समाधान कार्यक्रम सिमडेगा के नगर भवन में आज



**सिमडेगा।** झारखण्ड के डीजीपी के निर्देश पर सिमडेगा में आज नगर भवन में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।एसपी सौरभ ने बताया समस्याओं का प्रभावी निवारण करने, पुलिस एवं नागरिकों के बीच एक अविश्वास एवं दूरी को समाप्त करने तथा पुलिस एवं नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय के लिए यह कार्यक्रम होगी। उन्होंने कहा कि जन शिकायत समाधान कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम के दिन नगर भवन, सिमडेगा में नागरिकों के पुलिस से संबंधित शिकायतों को प्राप्त करना एवं उक्त शिकायतों का पंजीकरण किया जाना है। कार्रवाई योग्य शिकायतों पर त्वरित एवं प्रभावी निवारण करना, शिकायतों पर पुलिस के द्वारा की गई कार्रवाई की सूचना शिकायतकर्ता को प्रेषित करना है। निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में वरीय पदाधिकारियों के संज्ञान में विषय को प्रेषित करेंगे। जन शिकायतों पर कार्रवाई संभव नहीं है, उनकी भी जानकारी शिकायतकर्ता को उपलब्ध करायेंगे। पुलिस द्वारा बनाये जा रहे सर्वोत्तम पद्धतियों को इन कार्यक्रमों के दौरान प्रदर्शित किया जाएगा। नागरिकों की समस्या को समझते हुए पुलिस व्यवस्था में आवश्यक नीतिगत सुधार किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान ऑन लाइन शिकायत के लिए व्हाट्सऐप नम्बर व ईमेल से भी शिकायत ली जाएगी। कार्यक्रम में संबंधित सभी थाना प्रभारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।जिले के शहरी एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों बसे ग्रामीण जनों से अनुरोध किया जाता है कि इस जन शिकायत कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसका लाभ अवश्य उठाएं।

## न्यूज बॉक्स

### शिक्षिका के घर चोरी मामले में सिमडेगा पुलिस ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल



**सिमडेगा।** सिमडेगा शहर में पिछले दिनों हुए शिक्षिका के घर में चोरी के मामले में सिमडेगा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस संबंध में सोमवार को सिमडेगा थाना में प्रेस वार्ता का आयोजन कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए मामला दर्ज करते हुए इस घटना में शामिल कुल तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।जिसमें ज्वेलरी की खरीदारी करने वाला दुकानदार भी शामिल है तथा इस घटना में चोरी किया गया ज्वेलरी पैसे एवं अन्य सामान भी बरामद कर दिया गया है। गिरफ्तार लोगों में मोहम्मद नईम मियां ,आफताब आलम इटकी रांची तथा ज्वेलरी की खरीदारी करने वाला दुकानदार विवेक कुमार शामिल है। वहीं उन्होंने बताया कि इस घटना में प्रयोग किए गए मोटरसाइकिल को सिमडेगा से बरामद कर लिया गया है तथा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### सहुबेड़ा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन, योजनाओं का दिया गया लाभ



बानो। प्रखंड के सहुबेड़ा पंचायत भवन परिसर मे सरकार आपके द्वारका कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नइमुद्दीन अंसारी व जिला परिषद सदस्य बिरजो कडुंलना, रेणु देवी दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विभिन्न विभाग द्वारा ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में जानकारी दिया गया ।विभिन्न योजनाओं का आवेदन जमा लिया गया। कई मामलों का निपटारा किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सरकार के द्वारा ग्रामीणों को लाभ पहुंचाने के लिए किया गया है। ग्रामीण शिविर में आकर और लाभ प्राप्त करें। जिला परिषद सदस्य बिरजो कडुंलना ने कहा कि ग्रामीण तक मूलभूत सुविधाएं सरकार के द्वारा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण सरकार की ओर से मिलने वाली योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सके। कार्यक्रम मे अबुआ अवास,मइँया योजना ,बिरसा हरित ग्राम योजना, मेड़ बंदी के आवेदन मिले। मौके पर पंचायत सचिव अजय कुमार सिंह, मुखिया सुसाना जोजो, आशुतोष कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

### समग्र शिक्षा के अंतर्गत कुरडेग में दो दिवसीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**कुरडेग।** प्रखंड में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार समग्र शिक्षा अन्तगर्त बीआरसी कुरडेग के तत्वावधान में दो दिवसीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन का शुभारंभ आरसी बालक मध्य वि मैदान में किया गया।प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा एवं विशिष्ट अतिथि बीडीओ ठाकुर गौरीशंकर शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर बीडीओ ने विद्यार्थियों से कहा कि खेल जीवन में महत्वपूर्ण अंग है। खेल में हार जीत का महत्व उतना नहीं है जितना की जीवन में खेल का महत्व है। जीवन को स्वस्थ्य रखने के लिए खेल जरूरी है। आप स्वास्थ्य हैं तो हर कार्य कर सकते हैं।पढ़ाई में भी मन लगेगा।आप स्वास्थ्य रहेंगे तब ही एक स्वास्थ्य एवं स्वच्छ राष्ट्र का निर्माण हो सकता है।खेल को हमेशा खेल भावना एवं प्रतिद्वन्दी से प्रतिद्वन्दी के रूप में खेलना चाहिए।वहीं जिप उपाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ खेल जरूरी है।ऐसे खेलों से ही विद्यार्थियों को खेल में आगे बढ़ने का मौका मिलता है। आज सिमडेगा जिला की बेटियां खेल में देश दुनिया में परचम लहरा रहीं हैं। खेल के पहला दिन फुटबॉल, हॉकी,कबड्डी एवं खोखो का खेल हुआ। मौके पर फा विपिन किशोर सोरेंग, फा रंजीत डुंगडुंग श्रवण बड़ाईक रामावतार जयसवाल, दिनेश महतो, रूबी बाई,रेखा कुमारी, अमोन कुल्लू इन्दुमति टोप्पो आदि उपस्थित थे।

### दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर कुरडेग मंदिर में बैठक का हुआ आयोजन

**कुरडेग।** उमामहेश्वरी महावीर मंदिर परिसर में पूजा समिति के अध्यक्ष अनुज गुप्ता की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूर्व में गठित कमिटी ही दुर्गा पूजा महोत्सव को सफल बनाएँगे। कमिटी में कुछ कार्यकर्ता को शामिल किया गया। इस वर्ष 40 फिट का रावण मुख्य आकर्षण का केन्द्र होगा। राउरकेला और कटक के कलाकरों के द्वारा आतिशबाजी का शानदार प्रदर्शन किया जाएगा।साथ ही मंदिर परिसर में भव्य पंडाल का निर्माण किया जाएगा,साथ ही अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन मंदिर परिसर में किया जाएगा। इस मौके पर मंदिर समिति के संरक्षक सुशील श्रीवास्तव, उमेश जायसवाल, उपाध्यक्ष मंटू जायसवाल, संजीत जयसवाल, कोषाध्यक्ष, अशोक गुप्ता, रवि जायसवाल, सचिव संतोष गुप्ता, अमर जयसवाल अंकित जयसवाल, विनय जायसवाल, दुर्गा बड़ाईक सहित अन्य उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की , कहा

# सिमडेगा के सभी स्कूलों में सिकल सेल एनीमिया की जांच सुनिश्चित करें



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में उपायुक्त ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण, तिथि भोजन, पुस्तक वितरण, ड्रेस वितरण, जांच एवं वितरण, इको-क्लब एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम, विद्यालयों में पौधा रोपण, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन की स्थिति, शून्य नामांकन विद्यालय की स्थिति, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नामांकन की स्थिति, जाति प्रमाण पत्र, गुरुजी क्रेडिट कार्ड एवं सावित्रीबाई फुले किशोरी से संबंधित बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने सिकल सेल एनीमिया का जांच व स्क्रीनिंग जिले के सभी स्कूलों में सुनिश्चित कराने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्देश दिये। इको क्लब एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत सभी स्कूलों में वृक्षारोपण कराने की बात कहीं। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत कल- 961 विद्यालय में मध्याह्न भोजन संचालित है जिसका नामांकित छात्रों के विरुद्ध औसत आच्छादन की स्थिति समीक्षा कर सफल संचालन हेतु आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024 -25 में विद्यालय में तिथि भोजन आयोजन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त महोदय ने कहा कि विद्यालय के शिक्षक छात्र विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य अपने जन्मदिन, शादी सालगिरह तथा क्षेत्रीय पर्व त्योहार के अवसर पर विद्यालय में जाकर कार्यक्रम कर तिथि भोजन कार्यक्रम को सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। जाति प्रमाण पत्र की समीक्षा के क्रम में उन्होंने जिले के शत प्रतिशत स्कूली बच्चों का जाति प्रमाण पत्र निर्गत कराने का निर्देश दिया। तथा आउट ऑफ स्कूली छात्र छात्राओं का चिन्हित कर उसे पुनः स्कूल से जोड़ने का निर्देश दिया।

### डीसी ने जनता दरबार लगाकर लोगों की सुनी समस्याएं

**सिमडेगा।** आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त महोदय ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के जनता दरबार में जमीन विवाद, ऑनलाइन खतियान में प्लॉट नंबर चढ़ाने सहित अन्य विषयों से संबंधित मामले आये।उपायुक्त द्वारा जनता दरबार में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए अग्रसारित किया।

## जनजाति आवासीय विद्यालय का प्रखंड विकास पदाधिकारी ने किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। बानो**
प्रखंड के हाटिंगहोडे स्थित जनजातीय आवासीय विद्यालय का प्रखंड विकास पदाधिकारी नैमुदिन अंसारी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में स्कूल परिसर, क्लास रूम तथा होस्टल को साफ रखने का निर्देश दिए।बच्चों से बातें करते हुए कहा कि मन लगा कर पढ़ाई करें। प्रतिदिन सुबह स्नान जरूर करें। विद्यालय के बच्चों को निदेश दिये कि एक सप्ताह के अंदर सभी अपनी बाल कटवा लें। स्कूल प्रिंसिपल बिसवासी डांग ने स्कूल की समस्या बताते हुए कहा कि आवासीय विद्यालय है। विद्यालय में बेड की कमी के कारण बच्चों को डबल सोना पड़ता है। उन्होंने बताया कि बीस से अधिक बच्चे एक बेड में डबल सोते हैं। उन्होंने समस्याओं के बारे उच्च अधिकारियों को सूचित कर बेड उपलब्ध कराने की बात रखने की बात कहे।

### कोलेबिरा विधायक ने ग्रामीण विकास मंत्री से की मुलाकात योजनाओं पर हुई चर्चा

**सिमडेगा।** कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने सोमवार को रांची में ग्रामीण विकास मंत्री डा.इरफान अंसारी से मुलाकात की। इस मौके पर विधायक कोंगाड़ी ने मंत्री से क्षेत्र के विकास के लिए नई योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे चर्चा की। विधायक ने कहा कि सिमडेगा जिले के कई इलाकों में पुल पुलिया की आवश्यकता है। इन क्षेत्रों में पुल पुलिया का निर्माण कराया जाए। साथ ही जेएसएलपीएस द्वारा संचालित कार्यक्रमों के बारे बताया और सिमडेगा में कार्यक्रम आयोजन की बात कही। साथ ही विधायक ने मंत्री अंसारी को सिमडेगा आने का न्योता दिया। मंत्री ने विधायक कोंगाड़ी को आश्वस्त किया कि सिमडेगा जिले के विकास के लिए वे हमेशा तैयार हैं। साथ ही विधायक ने शहर के खैरन टोली में आयोजित वीर शहीद अब्दुल हमीद स्मृति डे नाइट फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में 23 सितम्बर को सिमडेगा आने का न्योता दिया।

### उपायुक्त ने नगर परिषद के अंतर्गत संचालित योजनाओं व कार्यों की समीक्षा की

## निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने का दिया निर्देश



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में नगर परिषद् , सिमडेगा के विभिन्न योजनाओं से संबंधित कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से पेयजल आपूर्ति, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, हाउस होल्ड कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत आवास निर्माण के संबंध में समीक्षा की गई। बैठक में शहरी पेयजल आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली गई, जिस पर नगर परिषद् प्रशासन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जुटको एजेंसी द्वारा पेयजल आपूर्ति को लेकर पानी टंकी, पाईप इंस्टॉल सहित अन्य कार्यों के लिए सर्वे कर ड्राइंग तैयार किया जा रहा है। तथा पेयजल विभाग परिसर में पानी टंकी निर्माण किया जा रहा है। उपायुक्त महोदय ने एजेंसी द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का जांच करने की बात कहीं। प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी के तहत निमार्णाधीन आवासों को पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर प्लांट के अधिष्ठापन किया गया जिसका संचालन के विषय पर भी चर्चा कर उपायुक्त द्वारा आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सुमन्त तिर्की, नगर परिषद प्रशासक पदाधिकारी, सीटी मैनेजर सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### भाजपा नेता ने नगर मंडल के सभी बूथों के कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश तथा जिला के निर्देशानुसार जिले में दोनों विधानसभा में बुथ कार्यकताओं के साथ बैठक कर, मतदाताओं का निरीक्षण करते हुए विधानसभा चुनाव जितने के लिए बुथ कमिटी को मजबूत किया जा रहा है जिसमें भाजपा नेता रामबिलास बड़ाईक ने आज नगर मंडल के 153, 154, 155, 156, 157, और 165 बुथों में जाकर विधानसभा चुनाव के लिए बुथ कमिटी को मजबूत किया एवं अपने अपने बुथ जीत कर चुनाव जितने की बात कहते हुए अपना बुथ सबसे मजबूत करने के लिए कही गई साथ ही महीने के अंतिम रविवार 29 सितंबर को प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम 11ः बजे से अपने अपने बुथों में सुनना सुनिश्चित करते हुए मन की बात कार्यक्रम आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा कही गई सभी बातों को चुनाव क्षेत्र में प्रचार प्रसार करने के लिए कही गई तथा सुनी गयी मन की बात कार्यक्रम के फोटो लेकर,सरल एप नमो एप में अपलोड करने की बातें भी कही गई और पार्टी द्वारा दिए गए निर्देशों को विस्तार से बताया गया।

### समेकित कृषि प्रणाली से किसान करेंगे खेती

# कृषि विज्ञान केंद्र का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू




**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**
किसानों की आय दुगुनी करने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र सिमडेगा द्वारा समेकित कृषि प्रणाली पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को प्रखंड संसाधन केंद्र लीड्स सभागार में किया गया। प्रशिक्षण के पहले दिन कृषि विज्ञान केंद्र सिमडेगा के प्रधान वैज्ञानिक सह पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. हिमांशु सिंह ने किसानों को पशुपालन से संबंधित बीमारी और उनसे बचाव से संबंधित जानकारी दिया। उन्होंने किसानों को समय-समय पर अपने पशुधन को वैक्सिनेशन करने के लिए प्रेरित किया। और पशुपालन को बढ़ावा देने की बात कही। प्रशिक्षण ले रहे किसानों से उन्होंने कहा कि अगर खेती में सफल बनाना है तो समेकित कृषि पद्धति को अपनाना अनिवार्य है क्योंकि समेकित कृषि पद्धति एक ऐसा तकनीक है जिसमें किसान एक साथ मुर्गी, बत्तख, पशु, मछली पालन के साथ-साथ सब्जी खेती को अपनाते हैं। इसमें नुकसान कम और आय में वृद्धि होता है साथ ही जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग के कारण मौसम परिवर्तन से आज अतिवृष्टि, अनावृष्टि का समस्या से होने वाला नुकसान का भी किसानों को कम खतरा होगा। वहीं सस्य वैज्ञानिक डॉ पंकज सिंह ने किसानों को प्रकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन किया। उन्होंने कहा कि किसान हमारे पूर्वज का दिया हुआ वरदान को भूल रहे हैं हमारे पूर्वज पहले देसी खाद और बीज का उपयोग करते थे, लेकिन आज हम अपने खेतों में फसल उगाने के लिए जहर बो रहे हैं जिसका असर आज मानव स्वास्थ्य पर पड़ रहा है अगर ऐसे ही चलता रहा तो आने वाले समय में बच्चे कमजोर और बीमार पैदा होंगे। मौके पर उपस्थित जलडेगा एग्रो के सीईओ सोनू सिंह ने किसानों को कृषि के हर क्षेत्र में हर संभव मदद करने के लिए आशान्वित किया। लीड्स के कार्यक्रम समन्वयक आलोक कुमार ने लीड्स द्वारा संपोषित आईएलडीसी संचालित होने के बाद अपने पशुओं को इलाज करा कर अधिक मुनाफा करने की बात कही। इस दौरान राजेंद्र काशी, संजय कुमार नाग, रामेश्वर काशी, कुसुमलता लुगुन, अलका लुगुन, सुरेंद्र प्रसाद, ढोलो सिंह, सोनू बडाईक, जलडेगा एग्रो के प्रबंध निदेशक रजनी कुमारी, कलिंद्र प्रधान सहित कई किसान उपस्थित थे।

### सहारा सहित नन बैंकिंग में जमा पैसे का भुगतान कराने की मांग को लेकर निकाली गई रैली

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय में सहारा सहित नन बैंकिंग कम्पनी में जमा पैसा का भुगतान कराने की मांग को लेकर निकाला गया रैली एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया ज्ञापन। इस मौके पर बताया गया कि सहारा, साईं प्रसाद, साईं प्रकाश सहित विभिन्न नन बैंकिंग कम्पनी में ग्रामीणों ने पैसा जमा किया गया है जिसका भुगतान काफी लम्बे समय से नहीं हुआ है। जिससे लोगो को काफी परेशानी हो रहा है ।इस समस्या को लेकर एक मंच का गठन किया गया है। जिसके माध्यम से लोगों का पैसा दिलाने के लिए प्रयास किया जा रहा है ।साथ ही बताया गया कि जबतक लोगों का पैसा भुगतान नहीं होता है तबतक आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर आंदोलन कारियों ने राज्य सरकार के नाम प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बोलबा को एक ज्ञापन दिया गया। इस मौके पर नील जस्टिन बेक, मि0 मौईनुद्दीन, सुखदेव महतो, सरोज बड़ा, रीना टेटे, अजित कूल्लु, उर्मिला कुमारी, सहित कई नेता एवं ग्रामीण मौजूद थे ।

### भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता के नेतृत्व में कर्मा महोत्सव का भव्य आयोजन

# सांसद ने शेफाली गुप्ता के प्रयासों की प्रशंसा की



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सदर विधानसभा के कर्जन ग्राउंड में भाजपा की प्रमुख नेत्री शेफाली गुप्ता के नेतृत्व में आज भव्य कर्मा महोत्सव का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। महोत्सव का उद्देश्य झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रखना और इसे बढ़ावा देना था। इस आयोजन में विभिन्न सांस्कृतिक और रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसने हजारीबाग के स्थानीय लोगों और कलाकारों को अपनी कला और संस्कृति प्रदर्शित करने का मंच प्रदान किया।महोत्सव के मुख्य आकर्षणों में सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता रही, जिसमें 89 से अधिक टीमों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में पारंपरिक झारखंडी नृत्य की अद्भुत प्रस्तुतियां देखने को मिलीं, जो राज्य की सांस्कृतिक धरोहर को उजागर करती हैं। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आने वाली टीम आदिवासी छात्रावास को ?21,000 का पुरस्कार मिला, जबकि द्वितीय स्थान पर नृत्य वाटिका और तृतीय स्थान पर अंकिता ग्रुप के बी डबल्यू कॉलेज आने वाली टीमों को क्रमशः 15,000 और 11,000 के पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त, 10 अन्य प्रतिभागी टीमों को सांत्वना पुरस्कार स्वरूप 2,100 से सम्मानित किया गया। महोत्सव में स्थानीय युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ रील प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें युवा प्रतिभाओं ने अपनी रचनात्मकता और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, और तृतीय स्थान पर आने वाले युवाओं को क्रमशः 3,100, 2,100, और 1,100 के पुरस्कार दिए गए।संगीत प्रेमियों के लिए महोत्सव में वादन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें भाग लेने वाले कलाकारों ने अपने वादन कौशल से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 3,100 और द्वितीय पुरस्कार 2,100 रखा गया था। इस भव्य आयोजन के मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने शेफाली गुप्ता के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को संजोने और प्रचारित करने के लिए इस प्रकार के आयोजनों की अत्यंत आवश्यकता है।




**विश्व** आत्महत्या रोकथाम दिवस प्रत्येक वर्ष 10 सितंबर को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत वर्ष 2003 में हुई थी। यह दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को आत्महत्या के बढ़ते आंकड़ों के प्रति जागरूक करना है। इसका उद्देश्य है कि लोगों को जागरूक करते हुए आत्महत्या की रोकथाम को सार्थक प्रयास करने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाए। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2024 के लिए थीम रखी है - चेंजिंग द नरेटिव ऑन सुसाइड। वर्ष 2024 के विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की प्राथमिकताओं में एक समेकित रणनीति विकसित करना शामिल है, जिससे कि आत्महत्या की रोकथाम हो सके। दुनिया में प्रति वर्ष लगभग आठ लाख लोग आत्महत्या करते हैं, जिसमें करीब 1.35 लाख लोग भारतीय होते हैं। इसलिए आत्महत्या रोकने के प्रति भारत में अधिक जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस का आयोजन अंतरराष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम संघ (आईएएसपी), विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और विश्व मानसिक स्वास्थ्य महासंघ (डब्ल्यूएफएमएच) मिल कर करता है। पुरुषों में आत्महत्या की दर महिलाओं से तीन गुना अधिक है। वहीं, आत्महत्या के प्रयास की दर महिलाओं में पुरुषों से करीब ढाई गुणा है। भारत में पुरुषों की आत्महत्या की दर महिलाओं की तुलना में दोगुनी है। हालांकि, हाल के वर्षों में आत्महत्या में लिंग का अंतर कम हो रहा है। आइए, हम अपने परिवार, मित्रों, स्वास्थ्यकर्मियों, धार्मिक लोगों, धर्मगुरुओं, समाजसेवियों तथा राजनीतिक नेताओं के साथ मिलकर आत्महत्या रोकने के लिए सक्रिय हो जाएं, क्योंकि हर जीवन अद्वितीय और अमूल्य है। अगर हम अपने बच्चों को भावनात्मक रूप से मजबूत करेंगे, तो भविष्य में आत्महत्या की दर स्वत: न्यूनतम स्तर पर चली जाएगी।

## भारत में किसे आत्महत्या कहते हैं

*भारत में मौत यदि तीन मानदंडों को पूरा करती है, तो इसे आत्महत्या के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।*

1. अप्राकृतिक मृत्यु।
2. व्यक्ति के अंदर मरने का इरादा उत्पन्न हुआ हो।
3. कोई एक कारण हो, जिस कारण व्यक्ति ने जीवन समाप्त किया है। **यह कारण सुसाइड नोट में मिलता है।**

आत्म शक्ति
जीवन शक्ति

## आत्महत्या की रोकथाम के लिए सरकारी एवं सामाजिक स्तर पर आवश्यक रणनीति बने

*आत्महत्या की रोकथाम के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। इसमें केंद्र एवं राज्य सरकार तथा सामाज के स्तर पर रणनीति बनाने की जरूरत है। ये कुछ रणनीतियां काम कर सकती हैं।*

- मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम को व्यापक रूप से लागू किया जाए।
- मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक आमलोगों की पहुंच बढ़ाई जाए।
- आत्महत्या रोकने के लिए सहायता प्रणालियों की सुदृढ़ नेटवर्क बनाया जाए।
- संकट हस्तक्षेप प्रणाली मजबूत किया जाए, जिससे कि तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके।
- आत्महत्या की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए।

## परिवार को देना होगा ध्यान, समाज की भूमिका भी महत्वपूर्ण

# बढ़ेगी भावनात्मक बुद्धिमता, तो घटेगी आत्महत्या

त्रिभुवन कुमार सिन्हा

**आत्महत्या** में केवल एक व्यक्ति की ही मौत नहीं होती है, बल्कि उस परिवार की भी होती है, जो सारी उम्र आंसुओं के साथ उसके यादों को अपने सीने से लगाए रखेगा। उस समाज की भी मौत होती है, जिसका वह हिस्सा था, क्योंकि उसकी मौत से वह समाज उसके महत्वपूर्ण सहयोग से वंचित रह गया। यही बात देश पर भी लागू होती है। अगर आत्महत्या करने वाला व्यक्ति किशोर या युवा है, तो पूरे मानव समाज को हानि पहुंचती है। पूरा मानव समाज उसके ज्ञान और कौशल से वंचित हो जाता है। पूरे मानव समाज की प्रगति बाधित हो जाती है। सॉरी पापा या सॉरी मां लिख देना आसान होता है, लेकिन अपनी कहानी का नायक या नायिका वही है, जो जिंदगी की समस्याओं का हल निकालता है। हां, जिंदगी की समस्याओं का हल निकालना बहुत आसान नहीं है, लेकिन यह उतना मुश्किल भी नहीं है, जितना आत्मघाती कदम उठाने वाला व्यक्ति सोचता है। आइए, हम आज इसी पर विचार करते हैं।

आत्महत्या करना इतना आसान नहीं है। क्योंकि, जो व्यक्ति आत्महत्या करता है, वह जानता-समझता है कि ऐसा करने के बाद वह उस परिवार, समाज और दुनिया को हमेशा के लिए खो देगा, जिसका वह हिस्सा है। वह फिर कभी वापस नहीं आ सकेगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि इसके बाद भी वह आत्महत्या करता है। यह प्रश्न हमेशा उठता है कि एक व्यक्ति आत्महत्या क्यों करता है, इसके पीछे के कारण क्या हैं। आमलोगों से लेकर विशेषज्ञों और मनोवैज्ञानिकों ने आत्महत्या करने के पीछे के कारण बताए हैं और इसकी व्याख्या की है। वहीं, मनोवैज्ञानिकों द्वारा बताए कारणों पर हम नजर डालें, तो कुछ ऐसी बातें भी नजर आती हैं, जिस पर ध्यान दिया जाए तो आत्महत्या दर को काफी कम किया जा सकता है। इससे न केवल आत्महत्या की दर कम होगी, बल्कि परिवार, समाज और देश भी आंतरिक रूप से मजबूत होगा। साथ ही, प्रगति की रफ्तार भी तूफानी होगी। प्रगति के लिए व्यक्ति, परिवार, समाज, देश या पूरे मानव समाज के अंदर प्रतियोगिता, प्रतिद्वंद्विता या प्रतिस्पर्धा होना आवश्यक है। पर, यह स्वस्थ होना चाहिए, घातक नहीं। प्रतियोगिता, प्रतिद्वंद्विता या प्रतिस्पर्धा में आगे रहने के लिए बुद्धि (इंटैलिजेंस) और उस क्षेत्र का ज्ञान होना आवश्यक है, जिस क्षेत्र में यह प्रतिस्पर्धा यह हो रही है। लेकिन, प्रतियोगिता या प्रतिस्पर्धा को स्वस्थ बनाए रखने के लिए भावनात्मक बुद्धिमता (इमोशनल इंटैलिजेंस) की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। भावनात्मक बुद्धिमता (ईआई) ही वह चमत्कारी चीज है, जिससे न केवल प्रतिस्पर्धा स्वस्थ रहती है, बल्कि सफलता की रफ्तार भी अविश्वसनीय रूपसे तेज होती है। और, भावनात्मक बुद्धिमता ही वह कारक है, जिससे आत्महत्या करने की दर काफी नीचे आ सकती है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जिस वातावरण में बच्चा बड़ा होता है या कोई व्यक्ति रहता है, बुद्धि उससे तो बढ़ती ही है, लेकिन यह आनुवंशकीय रूप से भी प्राप्त होती है। जबकि, भावनात्मक बुद्धिमता मुख्य रूप से वातावरण से ही बढ़ती है। इसमें सबसे बड़ा योगदान परिवार और समाज का होता है।

यहां पर आधुनिक युग के दो तकनीकी शब्दों को जान लेना बेहतर है, पहला बुद्धि लब्धि (इंटैलिजेंस कोशेंट) और दूसरा भावनात्मक लब्धि (इमोशनल कोशेंट)। मनोविज्ञानियों के अनुसार, जिनकी बुद्धि लब्धि (आईक्यू) जितनी ज्यादा होगी, वह उतना ही बुद्धिमान होगा। यह देखा भी गया है, जैसे वैज्ञानिकों, सफल मैनेजरों का आईक्यू औसत से ज्यादा पाया गया है। लेकिन, केवल आईक्यू ज्यादा होना सफलता की गारंटी नहीं है। अध्ययन में पाया गया है कि कई ऐसे लोग थे, जिनका आईक्यू औसत से ज्यादा था, लेकिन वे आम जिंदगी या अपने कार्य में सफल नहीं हुए। यहीं पर भावनात्मक लब्धि (ईक्यू) की बात आ जाती है। अध्ययन में पाया गया कि आईक्यू के साथ जिनका ईक्यू भी ज्यादा था, वे अपने काम में अधिक सफल हुए। जिनका आईक्यू औसत था, लेकिन ईक्यू ज्यादा था, वे भी अपनी जिंदगी में सफल हुए। अब प्रश्न उठता है कि वे अधिक सफल क्यों हुए, जिनका आईक्यू और ईक्यू दोनों ज्यादा था। वास्तव में आईक्यू व्यक्ति की बुद्धि के बारे में बताता है, जबकि ईक्यू उसकी भावनात्मक बुद्धिमता से परिस्थिति के प्रबंधन करने की क्षमता के बारे में। जिनकी भावनात्मक लब्धि (ईक्यू) औसत या औसत से ज्यादा होती है, वे अपनी और सामने वाले की भावनाओं को समझते हुए परिस्थिति का प्रबंधन बेहतर ढंग से करते हैं और प्रतिद्वंद्वियों से आगे निकल जाते हैं।

औसत भावनात्मक लब्धि वाले की भी बेहतर परिस्थिति प्रबंधन करने की क्षमता ही वह कारक है, जिससे सफलता प्राप्त करने में आईक्यू पर ईक्यू भारी पड़ जाता है। अध्ययन में यह बात सामने आई है कि औसत या औसत से ज्यादा ईक्यू वाले लोग अपने काम और वातावरण से संतुष्ट रहते हुए आगे बढ़ते जाते हैं। वे अपनी व्यक्तिगत समस्याओं का भी बेहतर प्रबंधन कर लेते हैं। इससे उनमें अनावश्यक तनाव कम होता है और इस कारण उनमें आत्महत्या की प्रवृत्ति नहीं के बराबर होती है। सबसे बड़ी बात यह है कि अध्ययन के अनुसार, औसत ईक्यू वाले व्यक्यिों में भी आत्महत्या की दर काफी कम होती है। ऐसा इसलिए होता है कि औसत से उच्च ईक्यू वाले व्यक्तियों में आवेग कम होता है। वे अपने कार्यों में जल्दबाजी नहीं करते। वे कुछ करने से पहले सोचते हैं। और, यही उन्हें आत्महत्या से बचाता है। भावनात्मक बुद्धिमता का वातावरण से विकसित होना और इसमें परिवार एवं समाज की महत्वपूर्ण भूमिका होना ही वह कुंजी है, जिससे आत्महत्या की दर को काफी नीचे लाया जा सकता है। माता-पिता और परिवार ध्यान दें कि बच्चों का भावनात्मक विकास सही हो। अगर बच्चों में भावनात्मक विकास सही ढंग से होगा, तो उनमें आवेग कम होगा। उनकी सोच तर्कसंगत होगी। वे भावनात्मक रूप से मजबूत होंगे। और, भावनात्मक रूप से मजबूत व्यक्ति आत्महत्या नहीं करता है।

## इस तरह बढ़ा सकते हैं भावनात्मक बुद्धि

भावनात्मक बुद्धिमता जीवन में सफल होने के लिए इसलिए जरूरी है कि इससे व्यक्ति अपनी भावनाओं का प्रबंधन बेहतर ढंग से कर पाता है। इससे वह स्वयं और समाज के लिए उचित निर्णय ले पाता है। जब व्यक्ति अपनी भावनाओं का प्रबंधन बेहतर करेगा, तो निश्चित ही वह आत्महत्या करने जैसा कदम नहीं उठाएगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि भावनात्मक बुद्धि का विकास वातावरण से होता है, यानी यह वातावरण से चेतन या अवचेतन रूप से सीखा जाता है। ऐसे करें भावनात्मक बुद्धि का विकास।

1. विचारों को प्रभावी रूप से व्यक्त करें। इससे स्वयं और दूसरों को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलती है।
2. बदलती परिस्थितियों के अनुसार ढलने में स्वयं का सक्षम बनाएं। इससे कठिन परिस्थितियों से निपटने में मदद मिलती है।
3. जिम्मदारी लेना सीखें। इससे स्वयं द्वारा किए हुए कार्य को स्वीकार करने का साहस बढ़ता है, जो कि सफलता की आवश्यक शर्त है। गलतियों को बेहतर ढंग से स्वीकार करने से आत्मविश्वास बढ़ता है।
4. आत्म जागरूकता विकसित करें। इससे स्वयं की कमजोरियों और ताकत को जानने का मौका मिलता है। यही वह कारक है, जो सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है और भावनाओं पर नियंत्रण प्रदान करता है।
5. दूसरों के प्रति सहानुभूति विकसित करें। इससे दूसरों के भावनाओं को समझने और उसके प्रबंधन में सहायता मिलती है। साथ रहने वाले लोगों से प्रभावी ढंग से संवाद हो पाता है। यह व्यक्ति को भावनात्मक रूप से मजबूत करता है।

## यह व्यवहार हो सकती है चेतावनी


- परिवार और मित्रों से दूर अकेला रहना पसंद करने लगना।
- ज्यादातर समय उदास रहना।
- अपने आप में डूबे रहना।
- नशे की लत लगना। अगर शराब या कोई और नशे की लत है, तो उसकी मात्रा बढ़ा देना।
- हमेशा आत्मगलानि की बातें कहना।
- आत्महत्या के बारे में बात करना।
- मरने या मरने के बाद के जीवन की बातें बार-बार कहना।
- अपना सामाना बेचना और अंतिम व्यवस्था करना।
- अत्यधिक अपराधबोध या शर्म महसूस करना।
- स्वयं का बार-बार खतरे की स्थिति में डालना।

## परिवार या मित्र सक्रिय हो जाएं

- व्यवहार में परिवर्तन को पहचानें और सकारात्मक सक्रिय भूमिका निभाएं।
- व्यक्ति को समझाएं कि उसका जीवन परिवार और बच्चों के लिए बहुत जरूरी है।
- रोगी को समझाएं कि आप उसके लिए हर वक्त उपलब्ध हैं।
- समझाएं कि परेशान होने की कोई बात नहीं, कुछ दिनों में सब ठीक हो जाएगा।
- अगर समस्या बड़ी है, तो दूसरों लोगों की मदद लें। मनोचिकित्सक के पास जाएं।

## बच्चे के लिए वास्तव में रोल मॉडल बनें, भावनात्मक शक्ति दें

बच्चे व्यावहारिक चीजें अपने माता-पिता या कोई भी व्यक्ति, जो उम्र में बड़ा हो, उसे देखकर सीखते हैं। इसे देखकर सीखना या अनुकरणीय अधिगम (रोल मॉडल लर्निंग) कहा जाता है। यहां यह जान लें कि सीखना दो तरह से हो पाता है- 1. कंडीशनिंग लर्निंग और 2. कॉग्निटिव लर्निंग। रोल मॉडल लर्निंग कॉग्निटिव लर्निंग का हिस्सा है। कॉग्निटिव लर्निंग दो तरह से होती है- कांशस लर्निंग और सबकांशस लर्निंग। शैक्षणिक ज्ञान प्राप्त करना, गाड़ी चलाना सीखना आदि कांशस लर्निंग है। वहीं, रोल मॉडल लर्निंग सबकांशस लर्निंग हैं। सबकांशस लर्निंग में सीखने की प्रक्रिया सबकांशस रूप से होती है, व्यक्ति को पता भी नहीं चलता है कि वह कुछ सीख रहा है। सामान्य रूप से देखा गया है कि अगर माता-पिता या किसी भी अभिभावक का विल पावर मजबूत है, तो बच्चे भी भावनात्मक रूप से मजबूत होते हैं। नशे की लत भी बच्चा रोल मॉडलिंग से सीखता है। अगर रोल मॉडल (माता-पिता या अभिभावक) नशा करता है, तो बच्चा भी छिपाकर या खुलआम नशा करेगा। अगर रोल मॉडल भावनात्मक रूप से मजबूत है, तो बच्चा भी भावनात्मक रूप से मजबूत होगा। उसमें बेहतर भावनात्मक बुद्धि होगी और वह परिस्थितियों का प्रबंधन करना जानेगा। वह कभी भी आत्महत्या नहीं करेगा।



## भारत में आत्महत्या के कारण

अवसाद, निराशा, भावनात्मक आघात, शैक्षणिक दबाव, बेरोजगारी, आपाधापी भरी जीवन शैली, सोशल मीडिया का प्रभाव, मोबाइल गेम्स

### इन पर अमल करने से होगा फायदा

- एक व्यक्तिगत डायरी बनाएं, जिसमें तनाव या दबाव की बातें लिखें।
- अपनी सोच को समाधान केंद्रित रखें।
- तनाव या दबाव की स्थिति में अपने परिवार के साथ ज्यादा समय बिताएं।

राज्यों से

## केंद्रीय गृह मंत्री ने किया लालबाग के राजा भगवान गणेश के किए दर्शन

एजेंसी

**मुंबई।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को मुंबई के मशहूर लालबाग के राजा भगवान गणेश का दर्शन लाभ लिया। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने भगवान गणेश चरणों पर हल्दी, कुंकू और पुष्प भी अर्पित किये। इसके बाद अमित शाह ने बप्पा के चरणों में सिर रखकर आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, पूर्व केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे सहित कई नेता उपस्थित थे।



## कुमार विश्वास को मिली जान से मारने की धमकी

**गाजियाबाद ।** कवि और राम कथा वाचक डॉ. कुमार विश्वास को मोबाइल फोन पर जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। किसी कॉलर ने डॉ. विश्वास को शनिवार को उस समय धमकी दी जब वह सिंगापुर में श्रीराम कथा कर रहे थे। इस सम्बंध में उनके मैनेजर प्रवीण पांडेय ने पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर कॉलर के नंबर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई।

## राम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास आईसीयू में भर्ती

**लखनऊ ।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास (86) को लखनऊ के मेदांता अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। अस्पताल ने सोमवार को एक मेडिकल बुलेटिन जारी कर बताया कि उनकी हालत गंभीर है और डॉक्टरों की एक टीम लगातार उनकी निगरानी कर रही है। इससे पहले महंत नृत्य गोपाल दास का मूत्र संबंधी समस्याओं के चलते ग्वालियर में इलाज कराया गया था। आध्यात्मिक नेता कृष्ण जन्माष्टमी समारोह में भाग लेने के लिए 24 अगस्त को मथुरा गए थे। इसके बाद वे श्रद्धालुओं से मिलने ग्वालियर गए, जहां उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत बिगड़ने के कारण उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

## मलबे से सुनाई दे रही थीं चीखें, बचाई जानें

एजेंसी

लखनऊ में इमरात गिरने से हुए हादसा के बाद भगदड़ मच गई। धुआं, धुंध कम हुआ तो खौफनाक मंजर दिखा। मलबे में दबे लोगों की चीखें सुनाई दे रही थीं। तभी आसपास मौजूद कई लोग वहां पहुंचे। पुलिस के पहुंचने से पहले ही पांच-छह लोगों को बाहर निकाल उनकी जान बचाई। जान बचाने वाले ये शख्स किसी मसीहा से कम नहीं थे। इसमें कई लोग शामिल थे। हालांकि, रविवार को घटनास्थल पर दो लोग मिले, जिन्होंने हादसे के बारे में बताने के साथ लोगों को बचाने की कहानी बयां की |संतकबीरनगर के रहने वाले कलाम पास के



एक गोदाम में काम करते हैं। उन्होंने बताया कि हादसे के वक्त वह करीब एक किमी की दूरी पर किसी काम से गए थे। इसी बीच उनके स्टाफ ने फोन कर उन्हें सूचना दी तो वह तुरंत मौके पर पहुंचे। अपने एक दो साथियों के साथ मिलकर बिल्डिंग में शुरुआती एरिया में जो लोग फंसे थे, उनको निकालने का प्रयास करने लगे।

# आरजीकर: न्याय की मांग को लेकर पूरी दुनिया में व्यापक विरोध प्रदर्शन

एजेंसी

**कोलकाता।** आरजी कर अस्पताल की प्रशिक्षु महिला डॉक्टर के दुष्कर्म और हत्या के मामले में कोलकाता और बंगाल के विभिन्न हिस्सों के साथ ही पूरी दुनिया में एक और व्यापक विरोध प्रदर्शन देखा गया। पिछले महीने नौ अगस्त को इस घटना के बाद से न्याय की मांग को लेकर लोगों का आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। रविवार सुबह से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन सारा दिन चला और सारी रात भी प्रदर्शनकारी सड़कों पर रहे। कोलकाता के साथ-साथ जिले के कई हिस्सों में दोपहर से ही न्याय की मांग को लेकर लोग सड़कों पर उतर आए। जगह-जगह रैली, धरना प्रदर्शन, काले गुब्बारे उड़ाने से लेकर गीत-संगीत तक विभिन्न रूपों में लोग अपनी आवाज बुलंद कर रहे थे। कोलकाता के यदवपुर, श्यामबाजार, सिटी से लेकर साल्ट लेक तक लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए और न्याय की मांग की। कोलकाता के हेदुआ से कॉलेज स्ट्रीट तक रिक्शा चालकों ने मूक मैनिफेस्टो के साथ मार्च किया। कुम्हारटोली में मिट्टी के कलाकारों ने भी अपनी व्यस्तताओं के बीच विरोध में भाग लिया।




## आरजीकर घोटाला की रकम बांग्लादेश के रियल एस्टेट और सोने के कारोबार में निवेश की गई

कोलकाता स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में वित्तीय अनियमितताओं की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों को इस घोटाले से अर्जित काले धन के एक हिस्से को हवाला के जरिये पड़ोसी देश बांग्लादेश के रियल एस्टेट व्यवसाय में अवैध रूप से निवेश किए जाने के सुराग मिले हैं। सूत्रों के अनुसार जांच के दौरान जब्त किए गए विभिन्न दस्तावेजों से जांच अधिकारियों को दो बांग्लादेशी व्यापारियों के नाम मिले हैं, जो रियल एस्टेट के कारोबार में रुचि रखते हैं और हाल के दिनों में अक्सर कोलकाता आ रहे थे। इन व्यापारियों की मुलाकात आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष से होती रही है। ईडी के अलावा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारी भी आरजी कर में वित्तीय अनियमितताओं के मामले की समानांतर जांच कर रहे हैं।



## गोयल ने कई बार की इस्तीफे की पेशकश



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को दावा किया कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बलात्कार और हत्या मामले को लेकर उपजे विवाद के बाद कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत कुमार गोयल ने कई बार इस्तीफा देने की पेशकश की जिसे उन्होंने स्वीकार करने से इनकार कर दिया।

### जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सांसद ने की कई विभागों की समीक्षा

# बस स्टैंड को छह मुहान से बैरिया शिफ्ट करने का निर्णय



**योजनाओं के धीमी गति पर सांसद ने जतायी नाराजगी**

**भूमि संरक्षण विभाग को अधिक तालाब देने का निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति(दिशा)की सोमवार को समाहरणालय के सभागार में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता मे संपन्न बैठक में आम लोगों के लिए चलाई जा रही विभिन्न केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। जलजीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल सहित अन्य योजनाओं की धीमी प्रगति पर सांसद ने नाराजगी व्यक्त की। साथ ही पिछली बैठक में दिए गए निर्णयों एवं अनुपालन के विषय पर भी चर्चा की। सांसद ने संबंधित अधिकारियों से सवाल-जवाब भी किया। भूमि संरक्षण विभाग के पदाधिकारियों को आवेदन लेकर अधिक लोगों को तालाब देने का आदेश दिया। सांसद ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत लाभुकों को आवास निर्माण के लिए अब 2 लाख रुपए मिलेगा। जिसके तहत विभिन्न प्रखंडो को आवश्यकता अनुसार बजट दिया जा चूका है। संबंधित पदाधिकारियों को आवास निर्माण द्रुत गति से कराने के लिए सांसद ने आदेश दिया। समीक्षा के दौरान जनप्रतिनिधियों ने जिले में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कमियों को लेकर अध्यक्ष को अवगत कराया। जिस पर अध्यक्ष ने लक्ष्य आधारित कार्यों को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। पलामू मे प्रतिवर्ष घट रहे लिंगानुपात पर चिंता जताते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसी महिलाओं के उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में और अधिक प्रचार-प्रसार करने का आदेश दिया। जिससे भ्रूण हत्या पर रोक लगाई जा सके। सदर अस्पताल की गंदगी व मरीजों को मिल रहे अगुणवत्ता पूर्ण भोजन पर भी सवाल उठाया गया। जेएसएलपीएस के महिलाओं को दीदी कैंटीन योजना के तहत कैंटीन चलाने का प्रस्ताव रखा गया। सांसद ने सदर अस्पताल में लग रहे वाहन पार्किंग चार्ज को हटाने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि परिजन आपातकाल में अपने मरीज को लेकर पहुंचते हैं, परंतु पार्किंग वाले वहां तुरंत पैसा मांगने पहुंच जाते हैं। परिजन पहले पार्किंग पर्ची कटायेंगे या मरीज को भर्ती करवाएंयें। पार्किंग शुल्क दो घंटे बाद लेने के लिए संबंधित विभाग को आदेश दिया गया। मौके पर चतरा सांसद कालीचरण सिंह, उपायुक्त पलामू शशिरंजन, पुलिस अधीक्षक पलामू रीष्मा रमेशन, स्थानीय विधायक अलोक चौरसिया, पांकी विधायक शशिभूषण मेहता, विधायक प्रतिनिधि, विभिन्न प्रखंडो के प्रमुख व संबंधित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### शहरवासियों को जाम से मिलेगी मुक्ति

बैठक में सांसद विष्णु दयाल राम ने बस स्टैंड को छह:मुहांन से बैरिया शिफ्ट करने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड को शहर से दूर रखा जाये ताकि आवश्यक रूप से लगने वाले जाम से शहरवासी को मुक्ति मिल सके। इस पर डीसी ने मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन को बस स्टैंड को बैरिया में शिफ्ट करने को लेकर आ रही सभी अड़चनों को दूर करते हुए बस स्टैंड को बैरिया में शिफ्ट करने की बात कही।

### इन विभागों की समीक्षा की गई

दिशा की बैठक में सांसद वीडी राम ने मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन योजना,राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, समेकित बाल विकास योजना, पीएम फसल बीमा योजना आदि की समीक्षा की।

# लाभुक शिविर का लाभ उठाएं : सीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड के ओरियाकला पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन सोमवार को किया गया। शिविर का उद्घाटन अंचल अधिकारी सुनील कुमार सिंह, मुखिया संगीता देवी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष नंदकिशोर मिश्रा, बीएएचओ प्रमोद कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में आवेदन जमा करने को लेकर लाभुकों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिविर में लाभुकों ने वृद्धा पेंशन, अबुआ आवास, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, पशुपालन विभाग से बकरी पालन, सुकर पालन, मंईयां सम्मान योजना को लेकर, राशन कार्ड में नाम जोड़ने संबंधित आवेदन जमा किये गए। शिविर में स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, आपूर्ति विभाग, पशुपालन विभाग समेत सभी विभागों के स्टॉल लगाये गये थे। स्टॉल के माध्यम से लाभूकों के आवेदन प्राप्त किये गये। जमा आवेदन को आन लाईन रजिस्ट्रेशन किया गया। मौके पर अंचल अधिकारी ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजना का लाभ पहुंचाना उद्देश्य है। साथ ही उन्होंने कहा कि लोग शिविर में आकर जानकारी प्राप्त कर इस शिविर का लाभ उठायें। ओरियाकला मुखिया संगीता देवी ने सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर से लाभुकों को परेशानी दूर होगी।

कार्यालय का चक्कर लगाने से लाभूक बचेंगे। सभी योजनाओं का लाभ एक साथ लोगों को मिल रहा है। वही शिविर में अबुआ आवास 448, आधार कार्ड में संशोधन 14, सोना सोबरन योजना से 71 धोती साड़ी, सर्वजन पेंशन योजना से 26, अन्य योजना में 181 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में स्टॉल के माध्यम से कुल 749आवेदन जमा लिये गये। कार्यक्रम के मौके पर जेएसएलपीएस बीपीएम सत्य प्रिय तिवारी, सीआई रितेश रंजन तिवारी, जनसेवक राजेश कुमार पाठक , अमीन शंकर सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शमशाद आलम सहित योजनाओं से संबंधित प्रखंड स्तरीय अधिकारी-कर्मी शिविर में उपस्थित रहे।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों की उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** पांकी प्रखंड के नुरु पंचायत सचिवालय के परिसर में सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी, आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन नुरु पंचायत के मुखिया प्रमिला देवी, पंचायत समिति सदस्य मिथलेश यादव, पंचायत समिति प्रतिनिधि बबलू सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर एवं फीता काटकर किया गया। जनप्रतिनिधियों ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुना एवं योग्य लाभुकों को हाथों हाथ आवेदन भी जमा करवाया। प्रखंड के विभिन्न विभागों के लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण करते हुए एवं शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं के निष्पादन हेतु दोपहर बाद तक हजारों आवेदन जमा भी किया गया। जिसमें मुख्य रूप से अबुआ आवास योजना, वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड, आधार कार्ड, पशुधन योजना, आयुष्मान कार्ड योजना के लगाए गए स्टॉल में आवेदकों की भारी भीड़ भी देखी गई। शिविर में नुरु पंचायत के मुखिया प्रमिला देवी ने उपस्थित होकर विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों की समस्याओं को सुनी। मौके पर सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

## 16.5 करोड़ की लागत के 30 बेड का सीएचसी भवन सीएचओ व एएनएम के भरोसे

**हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के रूप में हो रहा संचालित**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड कार्यालय के पीछे स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एक-एक सीएचओ, एएनएम, एमपीडब्ल्यू और एक अन्य स्वास्थयकर्मी के भरोसे आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के रूप में संचालित हो रहा है। इसमें सीएचओ रामी किण्डो, एएनएम सुरेखा ही प्रसव से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन किया करते हैं। इसमें पदस्थापित डॉ. विनोद कुमार सिंह के स्थानांतरण के पश्चात कोई दूसरे चिकित्सक की पदस्थापना नहीं हुई है। लोगों का कहना है कि 16.5 करोड़ से अधिक की लागत से बने इस 30 बेड के भव्य अस्पताल के लिए कई विशेषज्ञ डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों के पद का प्रावधान किया गया है। मगर ऐसा संभव नहीं है, तो पुर्नकालिक एक-एक स्त्री और पुरुष चिकित्सक भी उपलब्ध कराने से गंभीर हालत प्रसव पीड़ा व मरीजों बाहर जाने की नौबत कम ही रहेगी। अभी ऐसी हालत में 12 किमी हैदरनगर पीएचसी अथवा 20 किमी हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल जाना पड़ता है। वैसे, कुशलतापूर्वक संस्थागत प्रसव कराने के मामले में इस केंद्र की सीएचओ और एएनएम की दायित्व के प्रति भूमिका को सराहनीय बताया जाता है। इसके अलावा अन्य प्रकार के सामान्य बीमारियों की जांच और दवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। सीएचओ ने बताया कि हर महीने में औसतन 20-25 प्रसव और 400 से अधिक सामान्य बीमारियों के मरीजों की जांच और दवा उपलब्ध कराने का काम किया जाता है। वैसे, घनी आबादी से काफी अलग और चिकित्सक की कमी के कारण प्रसव और सामान्य बीमारियों के मरीजों की पहुंच अपेक्षाकृत काफी कम हो पाती है। लोगों की इस भव्य अस्पताल भवन को लेकर यही प्रतिक्रिया होती है कि यह नाम बड़े और दर्शन छोटे और हाथी दांत वाली कहावत चरितार्थ करती है।

### दुर्गा पूजा समिति का पुनर्गठन, नीतीश अध्यक्ष मोहित सचिव बने

**हुसैनाबाद।** शहर के पटेल नगर सार्वजनिक भवन में रविवार को एक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व नगर अध्यक्षा उषा देवी ने की। इस बैठक में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी दुर्गा पूजा भव्य व आकर्षक बनाने पर चर्चा की गई। वहीं पूर्व के पूजा समिति को सर्वसम्मति से भंग करते हुए नये व ऊर्जावान सदस्यों को प्रमुख जिम्मेदारी सौंपी गयी। जिसमें सर्वसम्मति से नीतीश कुमार पटेल, उर्फ गणेश को अध्यक्ष बनाया गया। जबकि अजीत चौधरी को उपाध्यक्ष, तथा मोहित पटेल को सचिव एवं सह सचिव राहुल पटेल को मनोनीत किया गया। कोषाध्यक्ष सोनू पटेल, सह कोषाध्यक्ष प्रवीण पटेल को बनाया गया। इस दौरान पूजा के नवनियुक्त अध्यक्ष गणेश ने बताया कि जपला शहर में कुर्मी टोला हर वर्ष की तरह इस बार भी ऐतिहासिक पूजा में एक अलग पहचान होगी। इस 66वां वर्ष की पूजा भी मां जगदम्बा के कृपा से भव्य व आकर्षक होगा। इसकेअभिभावक सह संरक्षक के रूप में अनुज चौधरी, कामेश्वर चौधरी, उषा देवी, रामेश्वर राम, तेतरी कुंवर, रितेश पटेल, आकाश पटेल, निशांत पटेल, सुमित पटेल, कुंदन पटेल समेत दर्जन भर लोगों का नाम शामिल किया गया है। इस मौके पर मोहल्ला के कई लोग शामिल थे।

### प्रत्येक बूथ सशक्त व सुदृढ़ करें : शिवकुमार मिश्रा

**मेदिनीनगर।** बूथ सशक्तिकरण अभियान एवं सत्यापन को लेकर मेदिनीनगर मंडल के वार्ड नंबर 1 शक्तिकेंद्र भीष्म नारायण कॉलेज हमीदगंज बूथ संख्या 152, 153, 154 में भाजपा बूथ कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक नंदलाल प्रसाद उर्फ ठठन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बूथ कमेटी सदस्यों के साथ-साथ मुहल्ले वासियों ने भी भाग लिया। पूर्व गठित बूथ कमेटी मे 10-10 युवा कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी विचारधारा से जुड़े कुछ बहुत पुराने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को भी जोड़ा गया। आने वाले दिनों में इन्हें भी पार्टी कार्यक्रमों की जवाबदेही व युवा कार्यकर्ताओं को पन्ना प्रमुखों की जिम्मेवारी दी जाएगी। बैठक में उपस्थित भाजपा के वरीय नेता शिवकुमार मिश्र ने कहा कि पार्टी का स्पष्ट निर्देश है कि प्रत्येक बूथ सशक्त व सुदृढ़ हो। इसके लिए हर एक कार्यकर्ता मुहल्ले के प्रत्येक मतदाताओं के घर जाकर संपर्क स्थापित करें और उन्हें केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा किए गए कार्य व उपलब्धियां को बताएं। पार्टी विचारधारा से जोड़ें ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में बूथों पर अधिक से अधिक समर्थक मतदाता अपने लोकतांत्रिक जिम्मेवारी व कर्तव्य के साथ अपने मतदान का प्रयोग कर सकें।

### वज्रपात से गोल्हना में जला ट्रांसफॉर्मर, ग्रामीणों ने की शिकायत

**हैदरनगर।** थाना क्षेत्र ग्राम गोल्हना में बज्रपात से गत तीन सितंबर को ही विद्युत ट्रांसफार्मर जल गया है। इसके जलने से बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बंद हो गई है। जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने सोमवार को सहायक विद्युत अभियंता, जपला लिखित शिकायत दी है। उन्होंने ट्रांसफॉर्मर अविलंब बदलने और बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि ट्रांसफॉर्मर के जलने से ग्रामीणों के दैनिक जीवन पर प्रभाव पड़ रहा है। आवेदन सौंपने वाले ग्रामीणों में युवा एक्टिविस्ट अंकू सिंह राणा, बच्चन सिंह (वार्ड सदस्य), संजय सिंह, राहुल सिंह, छोट शैलेंद्र सिंह, कुश सिंह, धीरेंद्र सिंह सहित कई ग्रामीण शामिल थे।

### गणेश पूजा महोत्सव में उमड़ रही भक्तों की भीड़

**मेदिनीनगर।** गणेश चतुर्थी को समर्पित श्री लाल बागचा राजा गणेश पूजा महोत्सव का आयोजन पंचमुहान द्वारा भव्य तरीके से किया गया है।यह महोत्सव की शुरूआत 7 सितंबर से भगवान गणेश की पूजा अर्चना के साथ हुई है।संघ द्वारा इस महोत्सव का आयोजन हर साल किया जाता है।पूर्व में यह महोत्सव 5 दिनों तक चलता था। परंतु विगत तीन वर्षों से इसका आयोजन ग्यारह दिन तक किया जाता है। गणेश पूजा महोत्सव के अध्यक्ष संजय कोडग ने बताया कि दस दिनों तक लगातार गणेश जी का महाप्रसाद भंडारा के रूप में भक्तों को बांटा जाएगा। भंडारा का आयोजन हर एक संध्या तीन बजे किया जाता है। भंडारे के बाद भजन संध्या का आयोजन भी किया जाता है।

## पलामू के साहित्य व साहित्यकारों पर किया जाएगा शोध



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इप्टा द्वारा संचालित संस्कृतिक पाठशाला की 52वीं कड़ी में पलामू का साहित्य व विषय पर आयोजित परिचर्चा का आयोजन किया गया। मौके पर जगजीवन प्रजापति एवं जीवनबंधु प्रजापति को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि उन दोनों भाइयों ने राधा कृष्ण प्रजापति की पांडुलिपियों को संभाल कर रखा है। उनके द्वारा किए गए इस कार्य से पलामू का साहित्य समृद्ध होगा। दोनों भाइयों ने जो इस कार्य को किया है पलामू के साहित्य के लिए महत्वपूर्ण योगदान है।

### मलय नदी में डूबने से मासूम की मौत

**मेदिनीनगर।** सतबरवा थाना क्षेत्र के बड़का पत्थर स्थित मलय नदी में नहाने के दौरान डूबने से एक 4 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई जबकि दो बच्चे बाल-बाल बच गए। बच्चे की मौत से गांव मातम छाया। मासूम की पहचान शिव मांझी का पोता एवं रविंद्र पासवान का पुत्र रुद्र कुमार के रूप में हुई है। परिजनों और आसपास के लोगों ने बच्चे को कब्र में दफना दिया है।

## सरकार की रवैये से क्षुब्ध झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा का मशाल जुलूस आज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का समीक्षात्मक बैठक परिसदन भवन सोमवार को प्रमंडलीय अध्यक्ष बिकेश शुक्ला की अध्यक्षता में हुई। मौके पर केन्द्रीय संयोजक सतीश कुमार ने कहा कि झारखण्ड बंद राज्य के राजनीतिक परिदृश्य को बदल देगी। सरकार ने आंदोलनकारियों के विषय को हासिये पर रखा है। राज्य के एक लाख आंदोलनकारी सरकार को अगामी चुनाव में सबक सिखायेंगे। बैठक में प्रमोद सोनी, सुलेमान अंसारी, महेंद्र सिंह चेरो, संजय गुप्ता, सरजू भुइयां, लव कुमार तिवारी, भरदुल भुइयां, श्याम लाल सिंह, राम नरेश ठाकुर, शंखनाथ सिंह, मनेश उरांव, नलिन बर्मा, राम नरेश यादव, दाउद करकेटा, अरुण कुमार दुबे, पृथ्वी नाथ मेहता समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

## पतरिया में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कई मामला ऑन द स्पॉट निपटाया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** झारखंड सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम को ले नावाबाजार प्रखंड के रबदा पंचायत स्थित पतरिया गांव में शिविर लगाया गया। जिसकी अध्यक्षता पंचायत की मुखिया सुमन देवी व संचालन कनीय अभियंता शैलेश कुमार ने किया। आयोजित शिविर का उद्घाटन में विजय प्रकाश मरांडी, सीओ शैलेश कुमार, उपप्रमुख मीर खुर्शीद आलम, पंचायत समिति सदस्य निरंजन राम, उपमुखिया शैलेश कुमार यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जेएसएलपीएस समूह की महिलाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही अपने हाथों बनाए गए गुलदस्ता भी अतिथियों को भेंट किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की और से संचालित सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इस लक्ष्य बनाकर कार्य किया जा रहा है। पंचायत में आयोजित शिविर इसी का एक अहम हिस्सा है। जहां सभी विभाग के पदाधिकारी कर्मी एक साथ बैठकर सभी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने को कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सरकार की ओर से संचालित मनरेगा, ग्रामीण विकास, कल्याण, कृषि विभाग, बाल विकास परियोजना, राजस्व भूमि सुधार, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, अबुआ आवास योजना, आपूर्ति विभाग, सर्वजन पेंशन योजना, मंईयां सम्मान योजना, पशुपालन विभाग, झारखंड अबुआ स्वास्थ्य बीमा योजना आदि की जानकारी दी। साथ हीं इसका लाभ लेने की अपील भी की। सभी विभागों से संबंधित जरूरतमंदों से आवेदन लेते हुए ऑनलाइन संधारित किए जा रहे हैं। जो समय के साथ निष्पादित किए जाएंगे। सीओ शैलेश कुमार ने कहा कि सरकार की और चलाए जा रहे सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं को शिविर में लगाए गए स्टॉल के माध्यम आवेदन संग्रह कर लाभ पहुंचाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। भूमि संबंधित किसी भी कार्य के लिए लोगों को परेशान होने की जरूरत नहीं है।

### मोहम्मदगंज ने उद्घाटन मैच में खरगड़ा को 4-1 से हराया

## पुलिस-पब्लिक के संबंध को मधुर बनाने की सार्थक पहल है प्रतियोगिता : एसडीपीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय सिंचाई विभाग के मैदान में सोमवार से सारथी सामुदायिक पुलिसिंग फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज हो गया है। इस मौके पर उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए एसडीपीओ मनोज कुमार महतो ने इस आयोजन के लिए थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी की पहल को सराहा। उन्होंने कहा कि इस खेल का आयोजन पुलिस-पब्लिक रिलेशन को प्रगाढ़ और मधुर बनाने की दिशा में सार्थक पहल है। उन्होंने कहा कि युवाओं को भटकाव से रोकने की दिशा में उनके मानसिक और शारिरिक विकास के लिए यह आयोजन एसपी महोदया की सकारात्मक सोच की देन है। उन्होंने खेल भावना के साथ खेल खेलने का संदेश दिया। इससे पहले उन्होंने मैदान के बीच फीता काटने के बाद बॉल को किक कर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। साथ में विशिष्ट अतिथि बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी और थाना प्रभारी भी शामिल थे। उन्होंने खिलाड़ियों का परिचय भी प्राप्त किया। थाना प्रभारी ने आगत अतिथियों का अंगवस्त्र भेंटकर गर्मजोशी से स्वागत किया। मंच संचालन ओमप्रकाश गोप ने किया। मौके पर आरक्षी निरीक्षक सुरेश मंडल के अलावा संत मरियम स्कूल, मेदिनीनगर के संचालक अविनाश देव (माटी कला बोर्ड), के अलावा खेलप्रेमी शिवप्रसाद, सत्येंद्र कुमार, मनोज सिंह सहित भारी संख्या में दर्शक मौजूद थे।



### शुरू से अंत तक खरगड़ा पर हावी रही मोहम्मदगंज की टीम

इस टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच मोहम्मदगंज और खरगड़ा के बीच खेला गया। इसमें मोहम्मदगंज की टीम शुरू से ही हावी रही। पांचवें मिनट में ही गोल दागकर खरगड़ा टीम के हौसले को तोड़ने को लेकर हमलावर रही। हालांकि कुछ ही देर बाद खरगड़ा की ओर से एक गोल कर जवाबी हमला किया गया। मगर आगे चलकर खरगड़ा टीम नाकाम रही। इस प्रकार मोहम्मदगंज की टीम ने 4-1 के अंतर से मुकाबले को जीतकर आगे की राह आसान कर लिया। रेफरी की भूमिका इलाके के नामचीन निवर्तमान फुट बॉलर धीरेंद्र बैठा ने निभाई। विजय ठाकुर ने पुराने अंदाज में लाइंसमैन का दायित्व निभाया। बेस्ट ऑफ ट्वेंटी टू का खिताब आरक्षी निरीक्षक सुरेश मंडल ने मोहम्मदगंज के खिलाड़ी राजा को भेंट किया। थोड़ी देर के लिए झमाझम बारिश भी हुई। इससे मौसम सुहावना हो गया था।

## पेज एक का शेष

### हमारी पहचान ही...

कार्यक्रम के दौरान भाजपा के बांग्लादेशी घुसपैठ के मुकाबले सरना धर्म कोड का मुद्दा उछाला दिया। हां... इस क्रम में प्रकारांतर से उन्होंने भाजपा के आरोप की पुष्टि कर दी कि प्रदेश में आदिवासियों की संख्या कम हो रही है। मुख्यमंत्री हेमंत ने कहा कि भाजपा वाले कहते हैं कि आदिवासियों की संख्या घट रही है। हम इनसे पूछते हैं कि आदिवासियों को जनगणना फॉर्म में सरना आदिवासी धर्म लिखने की इजाजत क्यों नहीं दे रहे। हमारी पहचान ही नहीं है तो हमारा गायब होना स्वाभाविक है। जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि ये लोग यहां घुसपैठिए की बात करते हैं, लव जिहाद और लैंड जिहाद की बात करते हैं। झारखंड विधानसभा से हमने आदिवासियों के लिए जनगणना में अलग धर्म कोड लागू करने का प्रस्ताव पारित पर केंद्र सरकार को भेजा, पर वे इस पर कुंडली मारकर बैठे हैं।

### मोबाइल कॉल डंप...

मृतका के शरीर से उठाए गए स्वाब और नाखून के भीतरी अंश से डीएनए मैच कर गया। बाद में राहुल को लखनऊ जेल से प्रोडक्शन वारंट पर रांची लाकर पूछताछ की गई। बाद में सीबीआई ने उसके खिलाफ चार्जशीट फाइल की। रांची स्थित सीबीआई कोर्ट ने 20 दिसंबर 2019 को उसे दोषी करार दिया था एवं मामले को रेयरेस्ट ऑफ रेयर की श्रेणी में रखते हुए उसे 21 दिसंबर 2019 को फांसी की सजा सुनाई थी।

### कालिंदी एक्स. को...

साबरमती एक्सप्रेस हादसे की जांच जारी : कानपुर के पनकी में वाराणसी से अहमदाबाद जा रही साबरमती एक्सप्रेस 17 अगस्त को बोल्डर से टकरा गई थी, जिससे ट्रेन के सभी डिब्बे पटरी से उतर गए थे। ट्रैक के पास से लोहे का एंगल मिला था। हालांकि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। इस मामले की जांच अभी चल रही है।

तीन दिन में रिपोर्ट देगी जांच टीम : इज्जतनगर मंडल के पीआरओ ने बताया कि मामले की जांच कर रही आरपीएफ की टीम से तीन दिन में रिपोर्ट मांगी गई है। इसमें फॉरेंसिक रिपोर्ट के अलावा अन्य सभी पहलुओं की जांच कर बिंदु शामिल करने को कहा गया है।

### आज से फिर...

ऐसा लंबे समय से बीमार चल रहे लोग या फिर फेफड़ों में किसी तरह के संक्रमण के कारण होती है। इस बार सभी अभियार्थियों को निर्देश दिए गए हैं की वे लोग डॉक्टर से सलाह लेने के बाद ही दौड़ मे हिस्सा लेंगे। अगर किसी को भी ऐसा लगता है की उनके हृदय की गति बढ़ी हुई है, तो वे पहले अपने डॉक्टर से सलाह लेंगे उसके बाद ही दौड़ में हिस्सा लेंगे। हर एक परीक्षा केंद्र पर ऑक्सीमीटर और बीपी की मशीन मौजूद रहेगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com




## इजरायल को हथियार निर्यात में दखल से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उस जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज कर दिया, जिसमें गाजा के साथ चल रहे संघर्ष के बीच इजरायल को हथियारों और अन्य सैन्य उपकरणों के निर्यात के लिए विभिन्न भारतीय कंपनियों के लाइसेंस रद्द करने और नये लाइसेंस जारी करने पर रोक लगाने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की गई थी। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि संविधान के अनुसार रक्षा और विदेश मामलों का संचालन करने का अधिकार और अधिकार क्षेत्र केंद्र सरकार के पास है। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा भी शामिल थे। पीठ ने कहा, हम सरकार से यह नहीं कह सकते कि आप किसी देश को निर्यात नहीं करेंगे या आप किसी विशेष कंपनी को सैन्य उपकरण निर्यात करने वाली सभी कंपनियों के लाइसेंस रद्द कर देंगे। यह राष्ट्रीय नीति का मामला है।

## सेवा भाव से संघ में आएं, नेता बनने नहीं : मोहन भागवत

**कोलकाता ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने स्थानीय रथींद्र मंच में आयोजित प्रबोधन वर्ग में अपने संबोधन में स्वयंसेवकों को बड़ी नसीहत दी। उन्होंने कहा कि आप अगर संघ में आते हैं तो सेवा भाव से आइए। राष्ट्र के लिए समर्पित रहिए। अगर आप सोचेंगे कि यहां आकर नेता बनेंगे और टिकट मिलेगा तो यह भूल जाइए। उन्होंने जातिगत जनगणना के मुद्दे पर भी विचार रखे। संघ प्रमुख ने सरकार को सलाह दी कि जनगणना के आंकड़ों का उपयोग विभिन्न विकास योजनाओं के लिए किया जाना चाहिए। यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि इन आंकड़ों का दुरुपयोग वोट बैंक की राजनीति के लिए न हो। संघ के पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों के लिए रविवार रात आयोजित विशेष कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि विभिन्न विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं के लिए समाज के विभिन्न तबकों के आंकड़ों की आवश्यकता पड़ सकती है।



## सेना को लॉजिस्टिक्स में विशेषज्ञ बनाएगा गतिशक्ति विश्वविद्यालय

**नई दिल्ली।** 'गतिशक्ति विश्वविद्यालय' आर्मी और एयर फोर्स से जुड़े सैन्य कर्मियों को लॉजिस्टिक्स में विशेषज्ञता हासिल करने में मदद करेगा। इसके अलावा गतिशक्ति विश्वविद्यालय, लॉजिस्टिक संबंधी शिक्षा और रिसर्च के क्षेत्र में भी सशस्त्र बलों को सशक्त बनाने के लिए काम करेगा। सोमवार को इस संबंध में एयर फोर्स और आर्मी ने गतिशक्ति विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता किया। दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की उपस्थिति में वडोदरा स्थित गतिशक्ति विश्वविद्यालय के साथ समझौता किया गया। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि यह समझौता दोनों सेनाओं को लॉजिस्टिक्स के संबंध में बेहतर विशेषज्ञता हासिल करने में सक्षम बनाएगा।

## मणिपुर में छात्रों ने घेरा राजभवन व मुख्यमंत्री कार्यालय

### डीसी ऑफिस से उतारा राष्ट्रीय ध्वज

**एजेंसी। इंफाल**

मणिपुर में स्थिति सुधर नही रही है। सोमवार को विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों के छात्रों ने राजधानी इंफाल में राजभवन तथा मुख्यमंत्री कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। इसके अलावा थौबल में छात्रों ने जिला उपायुक्त के कार्यालय के ऊपर चढ़कर कार्यालय के ऊपर लगे राष्ट्रीय ध्वज को उतारकर स्थानीय झंडा फहरा दिया। हजारों छात्रों के आगे सुरक्षा बलों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। छात्रों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हवाई फायरिंग करनी पड़ी। राज्य के सुरक्षा प्रबंधन में बदलाव की मांग को लेकर बड़ी संख्या में छात्र इंफाल की सड़कों पर उतर आए। यह छात्र मौजूदा सुरक्षा सलाहकार को मणिपुर से हटकर संयुक्त कमान का नियंत्रण पूरी तरह राज्य सरकार के हाथ में देने की मांग कर रहे थे। छात्र अपनी मांगों को लेकर राजभवन के सामने प्रदर्शन किया।छात्रों का कहना था कि सुरक्षा सलाहकार मणिपुर के लोगों को सुरक्षा देने में पूरी तरह विफल रहे हैं। इसीलिए




मौजूदा संकट से निपटने के लिए स्थानीय चुनी हुई सरकार को पूरा अधिकार दिया जाना चाहिए। बाद में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने छात्रों के प्रतिनिधिमंडल को बुलाकर उनके साथ बातचीत की। उन्होंने छात्रों को आश्वासन दिया कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सरकार हर संभव उपाय करेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र तथा राज्य सरकार मणिपुर में स्थाई शांति बहाल करने को लेकर प्रतिबद्ध है। थौबल में भी बड़ी संख्या में छात्रों ने जिला उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया। आक्रोशित छात्र जिला उपायुक्त के कार्यालय की छत पर चढ़कर कार्यालय के ऊपर लगे राष्ट्रीय ध्वज को उतारकर दिया और उसके स्थान पर स्थानीय झंडा फहरा दिया। हजारों छात्रों के आगे सुरक्षा बलों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। छात्रों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हवाई फायरिंग करनी पड़ी।

# भारतीय राजनीति में प्रेम और सम्मान का अभाव : राहुल गांधी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिका के टेक्सास में भारतीय-अमेरिकी समुदाय को संबोधित करते हुए कहा है कि भारतीय राजनीति में प्रेम और सम्मान का बहुत ज्यादा अभाव है। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की भी आलोचना की है। कांग्रेस नेता राहुल ने कहा है कि आरएसएस मानती है कि भारत एक विचार है। वहीं कांग्रेस का मानना है कि भारत विचारों की विविधता वाला देश है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की तरह हमें भी लगता है कि हर किसी की भागीदारी होनी चाहिए। हमारा मानना है कि हर किसी को सपने देखने का हक होना चाहिए और जाति, भाषा, धर्म, परंपरा, इतिहास के किरदारों, हर किसी को अवसर मिलना चाहिए। राहुल ने कहा कि देश में इन्हीं दो विचारों की लड़ाई है। चुनाव में यह लड़ाई अपने चरम पर पहुंच गई थी। इस दौरान भारत में करोड़ों लोगों को साफ समझ में आया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के संविधान पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने इस बार के लोकसभा चुनाव में देखा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपने से पूर्ण बहुमत लाने में सक्षम नहीं हो पायी। उनकी राय में भारत और अमेरिका रूपी दो घरों के बीच स्वतंत्र रूप से यात्रा होनी चाहिए। आपको भारत का विचार अमेरिका में लाना चाहिए और अमेरिका के विचार भारत में लाना चाहिए। राहुल ने कहा भारत में रोजगार की व्यापक समस्या है, जबकि दुनिया के कई देश इस समस्या से मुक्त हो चुके हैं। वे अपने नागरिकों को रोजगार उपलब्ध करा पा रहे हैं। राहुल ने कहा था, चीन और वियतनाम में रोजगार की समस्या नहीं है। उन्होंने बांग्लादेश को लेकर भी अपनी बात रखी और कहा, बांग्लादेश ने हमें कपड़ा उद्योग के मामले में पूरी तरह पछाड़ दिया है।



### चीन को ब्रांड एंबेसडर की जरूरत नहीं : गिरिराज

भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने राहुल की आलोचना करते हुए कहा कि चीन को ब्रांड एंबेसडर की जरूरत नहीं है, क्योंकि जिस देश के ब्रांड एंबेसडर राहुल गांधी बन जाएं, उसे किसी और की जरूरत क्यों होगी। वैसे भी कांग्रेस ने उनके साथ एग्रीमेंट किया है। उन्होंने कहा, अब इससे यह स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस को चीन से पैसे मिले हैं। राहुल गांधी चीन के पैसे पर उसकी ब्रांडिंग करते हैं, जबकि आईएमएफ कह रहा है कि पूरी दुनिया में भारत का विकास दर बढ़ रहा है। उन्होंने राहुल को आड़े हाथों लेते हुए कहा, वे विदेश में भारत को गाली देने जाते हैं।

### हम न आरएसएस को समझते हैं, न समझना चाहते हैं : खेड़ा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा अमेरिका में आरएसएस पर दिए बयान का कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने समर्थन किया है। उन्होंने कहा, हम देश को समझते हैं, आरएसएस को नहीं और ना ही हम आरएसएस को समझना चाहते हैं। आरएसएस को क्या समझा जाए, क्या वह समझने लायक है? जिस संगठन में इतनी हिम्मत नहीं है कि अपने आप पंजीकरण करा सके, जिस संगठन को इतनी हिम्मत नहीं कि अपनी मेंबरशिप रजिस्ट्रेशन सार्वजनिक कर सके, जिस संगठन में इतनी हिम्मत नहीं कि अपने अकाउंट को सार्वजनिक करे, वे हमें सिखाएंगे कि देश क्या है और देश की संस्कृति क्या है?



## अबू धाबी के युवराज हैदराबाद हाउस में पीएम मोदी से मिले


**नई दिल्ली।** भारत की आधिकारिक यात्रा आए अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने आज यहां अब से कुछ देर पहले हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय सहयोग के कई क्षेत्रों पर चर्चा होनी है। यह क्राउन प्रिंस के रूप में उनकी पहली भारत यात्रा है। वह कल नई दिल्ली पहुंचे। केंद्रीयमंत्री पीयूष गोयल ने उनकी अगवानी की। क्राउन प्रिंस के साथ यूएई सरकार के कई मंत्री और एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी आया है। वो मंगलवार को एक बिजनेस फोरम में हिस्सा लेने मुंबई जाएंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत और यूएई के बीच ऐतिहासिक रूप से घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। हाल के वर्षों में भारत और यूएई के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी राजनीति, व्यापार, निवेश, कनेक्टिविटी, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और संस्कृति सहित कई क्षेत्रों में गहरी हुई है। क्राउन प्रिंस की यात्रा भारत-यूएई द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करेगी और नए और उभरते क्षेत्रों में साझेदारी के लिए रास्ते खोलेगी।

## दिल्ली प्रदूषण विभाग का अभियंता रिश्वत लेते गिरफ्तार, 2.39 करोड़ रुपये बरामद

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता मोहम्मद अली खान और एक बिचौलिए को उसके बेटे सहित 91,500 रुपये की रिश्वत की राशि की लेते हुए गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता के परिसर से 2.39 करोड़ रुपये की नकदी बरामद की गई। सीबीआई ने यह जानकारी सोमवार को दी। सीबीआई अधिकारियों के मुताबिक, एक शिकायतकर्ता की शिकायत के बाद डीपीसीसी के वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता अभियंता मोहम्मद अली खान सहित पांच निजी व्यक्तियों के खिलाफ एक दिन पहले रविवार को मामला दर्ज किया गया था।

## एजुकेशन/करियर

# जानिए कैसे करें ऑनलाइन पढ़ाई



**रजनीश ।** ऑनलाइन पढ़ाई को आजकल काफी उपयोग में लिया जा रहा है तथा कई टेस्ट, एग्जाम प्रिपरेशन, प्रैक्टिकल ट्रेनिंग आदि भी ऑनलाइन दी जाने लगी है। इसे आधुनिक युग का ओर भी अधिक विस्तार हुआ है। ऑनलाइन पढ़ाई करने से हम चाहे कहीं भी हो पढ़ाई कर सकते हैं हमें स्कूल कॉलेज तक जाने की जरुरत नहीं पड़ती तथा हमको कोरोनावायरस से सुरक्षित भी रहते हैं। तो आइए जाने ऑनलाइन पढ़ाई कैसे करें के बारे में सभी महत्वपूर्ण जानकारी जो नीचे दी गई है

### मोबाइल से पढ़ाई कैसे करें

आज के जमाने में ऑनलाइन मोबाइल से पढ़ाई करना गलत नहीं है, यह एक ऐसा माध्यम है जो बहुत सारे लोगों के लिए फायदेमंद साबित हो रहा है। वहीं जिन गरीब बच्चों के पास कोचिंग और ट्यूशन के पैसे नहीं है वह भी यूट्यूब से फ्री में पढ़ाई कर रहे हैं। आजकल शिक्षा क्षेत्र में मोबाइल एप्लिकेशन का बहुत ज्यादा ही प्रयोग की जा रही है। मोबाइल फोन के द्वारा पढ़ाई करने से आपको फ्री में नोट्स टेस्ट सीरीज मिल जाती है।

### ऑनलाइन पढ़ने के फायदे

**ऑनलाइन पढ़ाई बेहतरी :** फिल्म को टीवी या मोबाइल से देखते हैं तो वो कहानी हमारे दिमाग में अच्छे से छप जाती है। ठीक उसी तरह से ऑनलाइन पढने से इसका फर्क एक ही प्रकार से होता है। वहीं इसके द्वारा मिलने वाले फायदे कि बात करें तो इसकी वजह से बोरिंग टॉपिक भी हम अच्छी तरह पढ़ पाते हैं।

**समय का बेहद बचाव:** ऑनलाइन पढ़ाई करने का ये सबसे बड़ा फायदा है इससे हमारा काफी टाइम बच जाता है क्योंकि हमें किसी संस्थान या कोचिंग क्लास में जाने की जरुरत नहीं होती तो आने-जाने क्लास के इन्तजार करने का यह सब टाइम हमारा आसानी से बच जाता है।

**ऑनलाइन टेस्ट सीरीज :** ऑनलाइन मोबाइल पढ़ाई की यह बात मुझे सबसे अच्छी लगती है टेस्ट सीरीज वाली क्योंकि आजकल बहुत सारे एग्जाम ऑनलाइन कंप्यूटर के द्वारा होने लगे हैं जिसके चलते ऑनलाइन परीक्षा देने में आपका अनुभव होना भी जरूरी है जिससे एग्जाम के वक्त आपको परेशानी मही होती इसका अच्छा माध्यम ऑन लाइन टेस्ट सीरीज है जिससे हमारी तैयारी का बखूबी आँकलन हो जाता है और यह बोरिंग भी नहीं लगती यह बहुत ज्यादा आकर्षित होती है जिससे आपको ज्यादा प्रश्न और उनके जवाब याद रहते है।

**लिखना नहीं पड़ता :** ऑफलाइन क्लास या पढ़ाई में हमको जो पढ़ाया जाता है उसके नोट्स हमें खुद से तैयार करने होते है। लेकिन इंटरनेट से पढने में ऐसा नहीं है इसमें आपको डिजिटल छपे हुए बुक की तरह पीडीएफ नोट्स आपके मोबाइल पर भेज दिए जाते हैं या फिर आप उनके ऐप या वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं जिसमें आप बिना लिखे मोबाइल में ही पढ़ सकते हैं।

### ऑनलाइन पढ़ने के लिए टॉप 7 प्लेटफॉर्म

**दीक्षा ऐप**
देश के उपराष्ट्रपति श्री एम वेंकैया नायडू ने सितंबर 2017 ने दीक्षा ऐप की शुरुआत की थी। यह एक ऐप है जिसमें न केवल छात्र ही पढ़ सकते हैं बल्कि शिक्षकों को भी किताबों को पढ़ने में सहायता मिलती है। इस ऐप के जरिए सरकार ने सभी छात्र-छात्राओं की किताबों पर क्यूआर कोड प्रकाशित करना शुरू कर दिया जिसे दीक्षा एप द्वारा स्कैन करके उस किताब के बारे में बिना कुछ टाइप करें सिर्फ स्कैन करने से उसका हल मिल जाता है। इसे प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। इसमें कक्षा 1 से 12वीं तक के एनसीईआरटी किताबों के सलूशन मौजूद है।

**डीईटी ईडी**
देश में अचानक लॉकडाउन के कारण विशेष रूप से शैक्षणिक संदर्भ में एक अस्थायी ठहराव हो गया है क्योंकि परीक्षा, परिणाम, प्रवेश आदि प्रभावित हुए हैं। लेकिन छात्र ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से अपनी शिक्षा जारी रखने का लाभ उठा रहे हैं। चाहे आप एक छात्र या एक कामकाजी पेशेवर हों, डीईटी एक मुफ्त ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म है जिसे आप प्रचलित और दिलचस्प विषयों के बारे में जानने के लिए खोज सकते हैं। उच्च प्रेरक ऑनलाइन शिक्षण प्लेटफार्मों में से एक होने के नाते, डीईटी ईडी, डीईटी वार्ता और डीईटी सम्मेलनों का ग्रुप है। "साझा करने लायक पाठ" के अपने आदर्श वाक्य के साथ , टेड एड का उद्देश्य दुनिया भर में शिक्षकों और छात्रों को मनाना है और लोकप्रिय विषयों पर 1000 से अधिक शैक्षिक वीडियो प्रदान करता है और एक वैश्विक दर्शकों में इसे फैलाने के लिए वेबसाइट पर अपना स्वयं का पाठ भी बना सकता है।

**हार्वर्ड एक्सटेंशन स्कूल**
हावर्ड यूनिवर्सिटी का नाम किसने नहीं सुना होगा। हावर्ड यूनिवर्सिटी नामचीन यूनिवर्सिटी में से एक है। इस कोरोनावायरस के दौर में हावर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा कई फ्री कोर्सेज भी निकाले गए। हावर्ड यूनिवर्सिटी में हर विद्यार्थी का एडमिशन लेना सपना होता है। ग्रेजुएशन से लेकर पोस्ट ग्रेजुएट तक, डिप्लोमा तथा सर्टिफिकेट सभी प्रकार के कोर्स यहां कराए जाते हैं। हार्वर्ड विश्वविद्यालय के 12 डिग्री देने वाले संस्थानों में से एक होने के नाते, एचईएस 900 से अधिक ऑनलाइन पाठ्यक्रम और डिग्री कार्यक्रम प्रदान करता है। इसलिए, इस सम्मानित संस्थान से कोर्स करना संगरोध का सबसे अच्छा उपयोग हो सकता है और आप हार्वर्ड एलुमनी एसोसिएशन के सदस्य भी बन सकते हैं ।

**डुओलिंगो**
आजकल लोगों के मन में अलग-अलग भाषा को सीखने का चाव बहुत ज्यादा देखने को मिलता है। डुओलिंगो भाषा का बेहतर ज्ञान देने में एक बेहतर प्लेटफार्म है। या फ्री ऑफ कॉस्ट प्लेटफार्म है। यहां कई सारी नई भाषाओं का ज्ञान दिया जाता है। यह आपकी भाषा में सुधार करता है इसके साथ-साथ आपके कौशल को भी बढ़ाता है। जर्मन, स्पैनिश, जापानी से लेकर हिंदी, डच, अरबी आदि क्षेत्रीय लोगों के लिए, डुओलिंगो अद्भुत सुविधाओं के साथ भाषाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। यदि आप भी कोई नई भाषा सीखने के इच्छुक हैं तो आप बहुत अच्छा सोच रहे हैं यह आपके मानसिक तनाव को दूर करेगा तथा आपके एक नए कौशल को विकसित करेगा तो आज ही इस प्लेटफार्म को चुने और अपने भाषा ज्ञान को बढ़ाएं।

### ऑनलाइन पढ़ाई करने के नुकसान

**याद कम रहना:** हम शुरू से ही ऑफलाइन क्लास के काफी आदी हो चुके हैं इसलिए अचानक सब कुछ ऑनलाइन हमारे दिमाग में सेट नहीं होता है क्योंकि फिजिकली रूप से क्लास में पढ़ना एक अलग अनुभव होता है जिसके चलते ऑनलाइन क्लास से याद बहुत कम होता है हालाँकि धीरे-धीरे हम जब इसके आदी हो जाएंगे और सीरीज रूप से पढ़ेंगे तो आपको यह समस्या भी बहुत कम आएगी।

**अनुशासन की कमी:** हम देखते हैं जब हम स्कूल या किसी कोचिंग सेंटर में होते हैं तो मास्टर के डर से और उस इंस्टिट्यूट के अनुशासन नियमों के चलते हम क्लास में एकदम अनुशासित रहते हैं जिससे हमारी पढ़ाई अच्छे से होती है लेकिन ऑनलाइन क्लास में ना तो हमारे पास टीचर होते हैं ना ही हम किसी स्कूल या इंस्टिट्यूट में होते हैं बस घर से पढ़ना है तो टीचर का तो कोई भय है नहीं जितना पढ़ना है पढ़ो नहीं तो मजे करो यह हमारे लिए नुकसानदायक साबित होता है यह आप खुद पर निर्भर करता है।

**आंखों में नुकसान:** ऑनलाइन पढ़ाई का यह सबसे बड़ा नुकसान है मैं इसको पहले नंबर पर रखता हूं हम घंटों भर ऑनलाइन पढ़ाई के चलते मोबाइल या कंप्यूटर पर रहते हैं जिसके चलते मोबाइल के स्क्रीन से निकलती तरंगे हमारी आंखों को बहुत नुकसान पहुंचाती है जो ऑफलाइन पढ़ाई या क्लास में नहीं होता है। मोबाइल से अगर पढ़ाई ना करें तो भी फालतू चीजों में हम हमारी आंखें को बहुत खराब करते हैं जहां से हमें कुछ हासिल भी नहीं होता यहां तो कम से कम पढ़ाई करते है।

**दिमाग का स्तर ना रहेना :** ऑनलाइन पढ़ाई का यह भी नुकसान है जब हम किसी टॉपिक पर सीरियस होकर ऑनलाइन पढ़ाई करने बैठते हैं तो कभी वीडियो में फालतू की ऐड आ जाती है कभी मोबाइल की नोटिफिकेशन आ जाती है स्क्रीन पर अलग-अलग कलर चेंज होते रहते हैं जिसके कारण हमारा दिमागी संतुलन सही नहीं रह पाता है और हमें ऑफलाइन क्लास के मुकाबले ऑनलाइन पढ़ाई करते वक्त याद कम रहता है।